सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 28 सितम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 264, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 264 अंक की गिरावट

शेयर बाजारों में मुनाफावसूली से सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 264 .27 अंक गिरकर 85,571 .85 पर बंद हुआ। } 14

## कश्मीर के युवाओं ने हिंसा का रास्ता छोड़ा

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जम्मू कश्मीर में बिना किसी हिंसा के शांतिपूर्ण चुनाव हो रहे हैं क्योंकि लोगों ने शांति एवं विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना है। } 16

संक्षेप

### 53 जिलों के एआरटीओ का वेतन रोकने के निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रदेश के 53 जनपदों के एआरटीओ (प्रवर्तन) का सितंबर माह का वेतन रोकने के निर्देश जारी किए हैं। यह जानकारी अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) श्री एक सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक प्रशमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य को प्रदेश के 53 जनपदों में प्राप्त नहीं किया जा सका, जिसके कारण ए आर टीओ का सितंबर माह का वेतन रोके जाने का निर्णय मुख्यालय स्तर से लिया गया है। अपर परिवहन ...शेष पृष्ठ 14 पर

### साधु के वेश में पकड़ा गया गबन का आरोपी

मथुरा (उप्र)। महाराष्ट्र पुलिस की एक टीम ने मथुरा जिले के कृष्ण बलराम मंदिर के समीप वृंदावन पुलिस की मदद से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसपर वहां (महाराष्ट्र में) करीब 300 करोड़ रुपये के गबन का आरोप है। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि इस व्यक्ति की पहचान महाराष्ट्र के बीड जिले के निवासी बबन विश्वनाथ शिंद के रूप में हुई है। कृष्ण बलराम मंदिर को अंग्रेजों के मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। पुलिस अधीक्षक (नगर) डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र के बीड जिले के उपनिरीक्षक एसएस मोरकुटे एवं सहायक उपनिरीक्षक तुलसीराम बबन शिंदे (63) की गिरफ्तारी के लिए यहां आये थे और काफी खोजबीन के बाद वह अंग्रेजों के मंदिर के निकट साधु वेश में घूमता मिला। कुमार ने बताया कि छानबीन में जानकारी मिली कि शिंदे यहां करीब एक साल से साधु वेशभूषा में रह रहा था, जबकि महाराष्ट्र पुलिस की टीम उसे यहां मंदिरों, आश्रमों, होटल, गेस्ट हाउस आदि में तलाश रही थी।

### महाकाल मंदिर की दीवार गिरी, दो की मौत, 10 घायल

उज्जैन। महाकाल मंदिर के सामने बड़ा गणेश मंदिर के समीप शुक्रवार शाम एक पुरानी दीवार ढह गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और 10 लोग जख्मी हो गए। दुर्घटना तेज बरसात के बीच हुई, जिससे रेस्क्यू में भी परेशानी हुई। अधिकांश घायल महाकाल मंदिर के सामने दुकान लगाकर पूजन सामग्री बेचने वाले हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाकाल मंदिर के गेट नंबर चार के सामने बड़ा गणेश मंदिर के समीप महाराजवाड़ा स्कूल की पुरानी दीवार गिरने से हादसे हुआ। हादसे की सूचना मिलने पर प्रशासन, पुलिस, मंदिर प्रबंध समिति के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू शुरू किया। तेज बरसात के बीच घायलों को निकालकर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- दुग्ध उत्पादन बढ़ाने को 1000 समितियों का गठन (पृष्ठ-02)
- प्रदेश में 41,700 घरों को मिला स्वच्छ घर सम्मान (पृष्ठ-02)
- सोना रिकॉर्ड ऊंचाई पर, चांदी में 500 रुपये की तेजी (पृष्ठ-14)
- बाइडन ने अस्थायी व्यय विधेयक पर किये हस्ताक्षर (पृष्ठ-14)
- संपर्क से सद्भाव जगाने में पर्यटन अहम (पृष्ठ-14)


## प्रदेश में एससी-एसटी आयोग का हुआ गठन

- पूर्व विधायक बेचन राम व सोनभद्र के जीत सिंह खरवार बनाये गये उपाध्यक्ष
- 16 सदस्यों की भी हुई घोषणा, तीन महिलाएं शामिल
- असीम अरुण ने दी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं

विशेष संवाददाता

लखनऊ। पूर्व विधायक बैजनाथ रावत को उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। पूर्व विधायक बेचन राम व सोनभद्र के जीत सिंह खरवार उपाध्यक्ष होंगे। इसमें 16 सदस्य भी बनाए गए हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आयोग के पदाधिकारी प्रदेश सरकार के नेतृत्व में समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। सभी पदाधिकारी निरंतर अनुसूचित जाति/जनजाति के मध्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के जरिये जोड़ने का प्रयास भी करेंगे। आयोग में 16 सदस्यों को भी नियुक्त किया गया है। इनमें मेरठ के हरेंद्र जाटव, नरेंद्र सिंह खजूरी, सहारनपुर के महिपाल वाल्मीकि, बरेली के संजय सिंह, उमेश कठेरिया, आगरा के दिनेश भारत, हमीरपुर के शिव नारायण ...शेष पृष्ठ 14 पर

## हरियाणा की रैली में अमित शाह ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

### कहा-एमएसपी का पूरा मतलब भी जानते हैं नेता प्रतिपक्ष, किसानों की दुश्मन है कांग्रेस

एजेंसी



रेवाड़ी। किसानों के हितों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर शुक्रवार को निशाना साधते हुए पूछा कि क्या वह एमएसपी का पूरा मतलब भी जानते हैं? साथ ही उन्होंने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलें खरीद रही है।

अमित शाह ने रेवाड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार, आरक्षण और अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस इसे (अनुच्छेद 370 को) वापस लाना चाहती है। शाह ने दावा किया कि पांच अक्टूबर को होने वाले चुनाव के बाद भाजपा तीसरी बार हरियाणा में सत्ता में लौटेगी। अमित शाह ने किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कुछ गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने राहुल बाबा से कहा है कि एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के नाम पर उन्हें वोट मिलेंगे। उन्होंने पूछा राहुल बाबा आप एमएसपी का पूरा मतलब जानते हैं? क्या आप ये भी जानते हैं कि कौन-सी रबी की फसल है और कौन-सी खरीफ की फसल है? शाह ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार एमएसपी पर 24 फसलें खरीद रही है। उन्होंने कहा, हरियाणा के कांग्रेस नेता बताएं कि कौन सा कांग्रेस शासित राज्य इतनी फसलें खरीद रहा है। उन्होंने कहा कि किसान जो भी बोना चाहते हैं, बो सकते हैं। यह भाजपा सरकार ही है, जो उनकी उपज खरीदती है। शाह ने पूछा कर्नाटक और तेलंगाना में एमएसपी पर कितनी फसलें खरीदी जा रही हैं? शाह ने कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को याद दिलाया कि भारी बारिश से बर्बाद हुई फसलों के लिए किसानों को 2 रुपये का चेक दिया जाता था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान धान की खरीद 1310 रुपये प्रति क्विंटल थी, लेकिन अब 2300 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदा जाता है और अगर आप हरियाणा में भाजपा की सरकार चुनते हैं, तो हम 3,100 रुपये (प्रति क्विंटल) के हिसाब से धान खरीदेंगे। उन्होंने कहा कि बाजरे का एमएसपी 1,250 रुपये प्रति क्विंटल ...शेष पृष्ठ 14 पर

# दुनियाभर को अपनी ओर लुभा रहा यूपी

## विश्व पर्यटन दिवस पर बीते साल 46 करोड़ से अधिक पर्यटक आये उत्तर प्रदेश : मुख्यमंत्री योगी

### धार्मिक, आध्यात्मिक, व ईको टूरिज्म का हब बन रहा यूपी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को शुभकामना देते हुए शुक्रवार को कहा कि प्रदेश आज देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के पर्यटकों को अपनी ओर लुभा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी ने विश्व पर्यटन दिवस पर अपने पांच कालिदास मार्ग स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बीते साल 46 करोड़ से अधिक पर्यटक उत्तर प्रदेश आए और अब उप्र धार्मिक, आध्यात्मिक, हेरिटेज और ईको टूरिज्म का हब बन चुका है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि अगले साल मकर संक्रांति से 26 फरवरी तक प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ 2025 के दौरान 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आध्यात्मिक और धार्मिक परंपरा का हृदय स्थल उत्तर प्रदेश आज देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर के पर्यटकों को लुभाने में सफल हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में गत वर्ष यूपी में 46 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने राज्य के अलग-अलग धार्मिक आध्यात्मिक, ईको टूरिज्म या हेरिटेज टूरिज्म के स्थलों का भ्रमण किया है। योगी ने कहा कि ये पर्यटक यूपी के अंदर केवल पर्यटन की दृष्टि से नहीं आते बल्कि रोजगार सृजन में भी इनकी बड़ी भूमिका है। पर्यटन गतिविधियां विरासत और विकास के बेहतरीन समन्वय को आगे बढ़ाने का काम करती हैं। उन्होंने कहा, कि आध्यात्मिक पर्यटन की दृष्टि से देखें तो रामायण सर्किट, कृष्ण सर्किट, बौद्ध सर्किट, जैन सर्किट आदि हमारे पास हैं। आज काशी में बाबा विश्वनाथ धाम करोड़ों पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। अयोध्या, वृंदावन, गोकुल, बरसाना ...शेष पृष्ठ 14 पर

### आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति : सीएम

जम्मू। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों को कड़ी चेतावनी देते हुए शुक्रवार को कहा कि देश में हिंसा भड़काने के किसी भी प्रयास से उनका (आतंकवादियों) खात्मा हो जायेगा।

उन्होंने कहा मैं पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों से कहना चाहता हूं कि यदि वे देश में कहीं भी आतंकवाद फैलाने की कोशिश करेंगे तो उनका खात्मा कर दिया जायेगा, यह नया भारत है, जो आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा बल्कि उसे कुचल देगा और दफना देगा। योगी ने उधमपुर जिले के रामनगर इलाके में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा आज भारत की आतंकवाद के प्रति कतई सहन नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की नीति है। यदि पाकिस्तान के समर्थन से कोई भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने की कोशिश करेगा तो उसके पास न तो ओढ़ने के लिए कफन होगा और न ही दफनाने के लिए दो गज जमीन होगी। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को डबल इंजन सरकार मॉडल की सफलता बताया। उन्होंने कहा यदि आप डबल इंजन सरकार का उदाहरण देखना चाहते हैं तो सबसे बड़ा उदाहरण उत्तर प्रदेश में राम मंदिर है, जो 500 साल बाद बनाया ...शेष पृष्ठ 14 पर

### पूर्व अग्निवीरों के लिए ब्रह्मोस एयरोस्पेस में पद आरक्षित

नयी दिल्ली। सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण करने वाले ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने कंपनी की तकनीकी, प्रशासनिक और सुरक्षा समेत अन्य शाखाओं में पूर्व अग्निवीरों के लिए पदों को आरक्षित करने का फैसला किया है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत और रूस का संयुक्त उपक्रम है।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस विभिन्न कार्यक्षेत्रों में अग्निवीरों के लिए रिक्तियों को आरक्षित करने की घोषणा करने वाली रक्षा क्षेत्र की पहली अग्रणी कंपनी है। कंपनी के एक कार्यालय आदेश में कहा गया है कि तकनीकी और सामान्य प्रशासन में कम से कम 15 प्रतिशत रिक्तियां अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगी। इसमें आगे कहा गया है कि आउटसोर्स कार्यों सहित प्रशासनिक और सुरक्षा भूमिका की 50 प्रतिशत रिक्तियां उनके लिए आरक्षित होंगी। कार्यालय आदेश में कहा गया है कि ब्रह्मोस अपने 200 से अधिक उद्योग भागीदारों को ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) की आवश्यकताओं से जुड़ी भूमिकाओं में अग्निवीरों के लिए अपने कार्यबल का 15 प्रतिशत आरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस ...शेष पृष्ठ 14 पर

## हाथरस : स्कूल मालिक ने चढ़ायी छात्र की बलि

### निदेशक, प्रधानाचार्य व दो शिक्षक समेत पांच गिरफ्तार

जिला संवाददाता




हाथरस। जिले के एक स्कूल के मालिकों ने अपने संस्थान को और अधिक समृद्ध बनाने के लिए दूसरी कक्षा के एक छात्र की बलि दे दी। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि स्कूल के मालिक और निदेशक के अलावा प्रधानाचार्य और दो शिक्षकों को भी हत्या में संलिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने बताया कि दूसरी कक्षा के छात्र की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला है कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी। डी.एल. पब्लिक स्कूल के मालिक जसोधन सिंह ने विद्यालय के निदेशक और अपने बेटे दिनेश बघेल से संस्थान और परिवार की समृद्धि के लिए एक बच्चे की बलि देने को कहा। ऐसा माना जाता है कि जसोधन सिंह तंत्र-विद्या से जुड़ी चीजों में भरोसा करता है। प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह और दो शिक्षकों रामप्रकाश सोलंकी और वीरपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पांच लोगों पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103 (1) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि छात्र की पहचान कृतार्थ के रूप में हुई है और वह डीएल ...शेष पृष्ठ 14 पर

### चीन से लगी सीमा पर युद्ध क्षमता बढ़ा रही थलसेना

नयी दिल्ली। थलसेना 100 के-9 वज्र हॉवित्जर तोप, ड्रोन, गोला-बारूद और निगरानी प्रणाली खरीदकर चीन से लगी सीमा पर अपनी तोपखाना इकाइयों की लड़ाकू क्षमता में वृद्धि कर रही है। सेना में तोपखाना मामलों के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अदोष कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए तोपखाना इकाइयों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विभिन्न आधुनिक प्लेटफॉर्म और उपकरण खरीदे जा रहे हैं।

उन्होंने 28 सितंबर को आर्टिलरी रेजिमेंट की 198वीं वर्षगांठ से पहले संवाददाताओं से कहा आज, हम इतनी तेजी से आधुनिकीकरण कर रहे हैं, जितना पहले कभी नहीं किया गया और वह भी निर्धारित समय-सीमा के अंदर। कुमार ने कहा कि हाइपरसोनिक मिसाइलों के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बहराइच में जंगली जानवर का कहर जारी

### बदायूं में भेड़िये के पदचिन्ह मिलने से फैली दहशत

जिला संवाददाता



बहराइच/बदायूं। कतर्नियाघाट वन्य जीव अभ्यारण्य तथा बहराइच वन प्रभाग की महसी तहसील क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में बृहस्पतिवार शाम से देर रात तक मानव वन्यजीव संघर्ष में तीन बच्चों सहित चार लोग घायल हो गये। कतर्नियाघाट के एक अधिकारी ने तेंदुए के दो हमलों की पुष्टि की है। बहराइच वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि महसी में सियार या कुत्तों ने लोगों पर हमले किए, लेकिन गांव के लोग इसे भेड़ियों का हमला बता रहे हैं। कतर्नियाघाट सेंचुरी के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) बी. शिवशंकर ने शुक्रवार को बताया कि बृहस्पतिवार देर शाम कतर्नियाघाट के धर्मापुर वन रेंज अंतर्गत हरखापुर गांव के एक खेत में किसान मधुसूदन (35) अकेले काम कर रहे थे तभी एक तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। मधुसूदन के गले पर चोट आई और उन्हें स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सक ने बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। वहीं बदायूं जिले में तेंदुए और भेड़िये के आतंक के बीच जिले के कादरचौक थाना इलाके में ग्रामीण अब कृषि क्षेत्रों में संदिग्ध जंगली जानवरों के पैरों के निशान ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** धान की खड़ी फसल गिरीं, उत्तर-पश्चिम के कुछ जिलों को छोड़कर पूरे प्रदेश में जमकर बरसेंगे बादल

# मानसून ने लिया यू-टर्न कई जिलों में भारी बारिश

विशेष संवाददाता



लखनऊ। राजधानी समेत प्रदेश में उमस भरी गर्मी के बाद मौसम ने अचानक से एक बार फिर करवट ली है। मानसून के यू-टर्न लेने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बीते 24 घंटे में कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। गुरुवार को लखनऊ समेत प्रदेश के अन्य जिलों में हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। शुक्रवार को सुबह से आसमान में बादलों का डेरा जमा रहा इससे तापमान में बड़ी गिरावट देखने को मिली। उधर मौसम विभाग ने शनिवार को भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि अगले दो दिन तक मॉनसून ने सक्रीय रहने की वजह से 24 जिलों में भारी बारिश की संभावना है। वहीं आठ जिलों में बहुत भारी बारिश का अलर्ट है। इस दौरान कई जगह पर आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। इसके चलते कई जगह जलभराव हुआ तो कई जिलों में धान की खड़ी फसल गिर गई। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम के कुछ जिलों को छोड़कर पूरे प्रदेश में अगले 24 घंटे बादल जमकर बरसेंगे। प्रदेश के तराई क्षेत्र के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और आसपास के इलाकों में शनिवार सुबह तक गरज चमक के साथ भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, पूर्वी, तराई और अवध क्षेत्र के लगभग 30 जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को गोरखपुर, महराजगंज, सुल्तानपुर, आजमगढ़, प्रतापगढ़ आदि में अच्छी बारिश हुई। राजधानी में गुरुवार को शाम से शुरू हुई बारिश का सिलसिला शुक्रवार तक जारी रहा। सुबह से हुई बारिश से पूरा शहर सराबोर हो गया। शाम को एक बार फिर जोरदार बारिश के साथ तेज हवाओं ने लोगों को ठंड का अहसास कराया। तापमान में अच्छी खासी गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक शनिवार को भी कमोबेश मौसम ऐसा ही रहने वाला है। रविवार से बारिश के कमजोर पड़ने के संकेत हैं। हालांकि, रविवार को भी प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में छिटपुट बारिश जारी रहने के आसार हैं। कई जिलों में बीती रात से हो रही मूसलाधार ...शेष पृष्ठ 14 पर

## इजरायली हमले में मारा गया हसन नसरल्लाह का भाई

एजेंसी

बेरूत। इजराइल ने लेबनान में एक और बड़े हमले को अंजाम दिया है। शुक्रवार को उसकी खुफिया एजेंसी मोसाद को पता चला कि 6 बजे नसरल्लाह हेडक्वार्टर पहुंचेगा। इस सूचना के 5 मिनट बाद इजराइल ने हिजबुल्ला के हेडक्वार्टर पर हमला कर दिया। इजराइल ने लेबनान में एक और बड़े हमले को अंजाम दिया है। शुक्रवार को उसकी खुफिया एजेंसी को पता चला कि 6 बजे नसरल्लाह हेडक्वार्टर पहुंचेगा। इसके 5 मिनट बाद इजराइल ने हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर हमला कर दिया। हमले में उसके भाई समेत हिजबुल्लाह के कई कमांडर मारे जाने का दावा किया गया है। हमले के बाद न्यूयॉर्क में मौजूद इजराइली पीएम नेतन्याहू वहीं से सिक्योरिटी काउंसिल के अधिकारियों के साथ मीटिंग कर रहे हैं। तेल अवीव में तत्काल प्रभाव से सेल्टर खोलने का ऐलान कर दिया गया है। रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने अंडरग्राउंड कमांड रूम से हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर हुए इस हमले को देखा। ये जानकारी उनके ऑफिस की ओर से दी गई है। इसकी एक तस्वीर भी सामने आई है। इसमें आईडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हजी हलेवी, आईएएफ प्रमुख मेजर जनरल टोमर बार और अन्य अधिकारियों को देखा जा सकता है।

C M Y K

# यूपी में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए होगा 1000 नयी दुग्ध समितियों का गठन

विशेष संवाददाता (vol)

- दुग्ध मूल्य का भुगतान किसानों को समय पर हो
- किसानों एवं पशुपालकों का हित राज्य सरकार की प्राथमिकता : धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभागीय अधिकारियों को दुग्ध उत्पादन बढ़ाये जाने के लिए 1000 नई दुग्ध समितियों के गठन करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को एक नई दिशा देने के लिए आवश्यक है कि समितियों की संख्या निरन्तर बढ़ाकर उन्हें मजबूत किया जाए। अक्रियाशील समितियों को क्रियाशील कर संचालित किया जाए। सिंह ने कहा कि किसानों एवं पशुपालकों को उनके दुग्ध मूल्य का भुगतान निर्धारित समयावधि में किया जाए और किसी भी दशा में विलम्ब न होने पाये।

दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह शुक्रवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विगत 6 माह में विभिन्न योजनाओं में आवंटित बजट व व्यय के विवरण, दुग्ध उत्पादन बढ़ाये जाने, एनडीडीबी को दिये गये संस्थानों एवं समितियों के संचालन की गहन समीक्षा की। सिंह ने कहा कि माह फरवरी, 2025 तक बजट का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए और अधिकारी सभी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवंटित धनराशि को ससमय व्यय करे। किसानों को उनके दुग्ध मूल्य भुगतान प्रति सप्ताह



किये जाने के संबंध में दुग्ध संघ वाराणसी, गोण्डा, झांसी, फिरोजाबाद, अयोध्या, बरेली एवं मथुरा को भुगतान किये जाने पर सिंह ने संतोष व्यक्त किया और शेष दुग्ध संघों को यथाशीघ्र भुगतान किये जाने के निर्देश दिये। दुग्ध विकास मंत्री ने कहा कि किसानों एवं पशुपालकों का हित राज्य सरकार की प्राथमिकता में है और इन कार्यों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाए। एनआरएलएम/बैंक ऋण से पशुपालन कर रहे लाभार्थियों को दुग्ध समितियों से जोड़ा जाए और इसमें महिला कृषकों को विशेष रूप से सम्मिलित किया जाए। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में 18108 निबंधित समितियां हैं, जिसके सापेक्ष 6,849 कार्यरत समितियां हैं। बैठक में दुग्ध विकास विभाग के प्रमुख सचिव के. रवीन्द्र नायक ने मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसानों एवं पशुपालकों को दुग्ध मूल्य का भुगतान में कोई विलम्ब नहीं किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को समितियों की संख्या बढ़ाये जाने के संबंध में पूर्ण गंभीरता एवं तत्परता से कार्य किये जाने के निर्देश दिये।

## गोशालाओं को आवंटित धनराशि प्रतिमाह उपलब्ध करायें

- पशुओं के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली दवाओं और वैक्सीन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये
- चारागाह की भूमि को कब्जामुक्त कराकर हरा चारा उत्पादन किया जाये

**लखनऊ।** पशुधन विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभाग द्वारा 52 प्रतिशत बजट का उपयोग करने की स्थिति से अवगत होते हुए अधिकारियों को माह फरवरी, 2025 तक शत-प्रतिशत बजट के सदुपयोग करने के सख्त निर्देश दिये। सिंह ने कहा कि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आवंटित धनराशि को ससमय व्यय किया जाए और गोशालाओं के लिए आवंटित धनराशि प्रतिमाह दी जाए और गोसंरक्षण कार्यों में धनराशि के अभाव में किसी प्रकार का विलम्ब न होने पाए।

पशुधन विकास मंत्री शुक्रवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विगत 6 माह में विभिन्न योजनाओं की अद्तन प्रगति, आवंटित बजट व व्यय विवरण की गहन समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिये कि पशुओं के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली दवाओं और वैक्सीन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और इसमें किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। पशुओं के उत्तम स्वास्थ्य और पौष्टिक चारे के आधार पर ही कृत्रिम गभार्धान के लक्ष्यों को पूर्ण और सफल बनाया जा सकता है। मंडल एवं जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले पशु मेलों को और अधिक उपयोगी व सार्थक बनाया जाए। किसानों और अच्छे पशुपालकों को प्रोत्साहित भी किया जाए। गोआश्रय स्थल में साफ-सफाई की उत्तम व्यवस्था की जाए। वर्तमान में प्रदेश में 7558 गोआश्रय स्थलों पर 12,01,238 गोवंश का संरक्षण किया गया है। सिंह ने विभिन्न जिलों से निराश्रित गोवंश के संबंध में प्राप्त शिकायतों के संबंध में निर्देशित किया कि छुट्टा गोवंशों को गोआश्रय स्थलों पर भेजा जाए और प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट मुख्यालय मंगाई जाए।

# प्रदेश में 41,700 घरों को मिला स्वच्छ घर सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रत्येक वार्ड के 03 घरों को मिला 'स्वच्छघर' सम्मान
- 2 अक्टूबर तक चलेगा 155 घंटे का नॉन-स्टॉप महासफाई अभियान

**लखनऊ।** महात्मा गांधी की 155वीं जयंती पर स्वच्छांजलि देने के लिए प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 155 घंटे का नॉन-स्टॉप महासफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दूसरे दिन 762 निकायों के लगभग 13,900 वार्डों में स्थापित 'स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति' के सदस्यों ने प्रत्येक वार्ड में 'स्वच्छ घर' को चिन्हित किया है।

सभी वार्डों में लगभग 41,700 'स्वच्छ घर' को स्वच्छता के मानकों को पूर्ण करने पर एक नेम प्लेट और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी वार्डों के 02-02 सफाई मित्रों को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वहीं इस दौरान दो लाख से अधिक लोगों को जागरूक करते हुए 'स्वच्छता ही सेवा 2024' कार्यक्रम में प्रतिभाग कराया गया।



निकायों को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के साथ ही आम जनमानस के स्वभाव और संस्कार में स्वच्छता को स्थापित करने हेतु स्वच्छ भारत मिशन नगरीय द्वारा प्रदेश की निकायों में 155 घंटे का नॉन-स्टॉप महासफाई अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के दूसरे दिन निकायों के सभी वार्डों में कुल 41,700 'स्वच्छ घर' (प्रत्येक वार्ड में तीन घर) का चयन किया गया। यह चयन वार्डों में 'स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समीति' की ओर से 05 श्रेणियों में कुल प्राप्तांक के आधार पर किया गया। इन घरों में सोर्स सेग्रिगेशन (कचरे का स्रोत पर ही पृथक्करण), गार्डनिंग, पौधारोपण, 'जीरो प्लास्टिक का उपयोग, गृह सहायक की जागरूकता, री-यूज, रिड्यूस, और रिसाइकिल जैसे मानकों को पूर्ण किया गया। साथ ही प्रत्येक वार्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो सफाई मित्रों (एक महिला और एक पुरुष) को भी सम्मानित किया गया।

स्वच्छ घर अभियान के अंतर्गत घरों में स्वच्छता का पाठ पढ़ाते हुए उन्हें स्वच्छता के मानकों को पूर्ण करने के लिए विभिन्न श्रेणियों में अंक दिए गए। कुल प्राप्तांक के आधार पर 'स्वच्छ घर' का चयन किया गया। जिसमें सोर्स सेग्रीगेशन के 25 अंक, होम कंपोस्टिंग के 25 अंक, गार्डनिंग/प्लांटेशन के 10 अंक, जीरो प्लास्टिक हाउस के 10 अंक, आर. आर. आर. (गिव/टेक) के 10 अंक, वार्ड स्तर पर आयोजित आई.ई.सी. गतिविधियों में सहभागिता के 10 अंक, साथ ही घरों की सफाई और उस कार्य में लगे कर्मी और निकयों के सफाई मित्रों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए 10 अंक रखे गए हैं। कुल पूर्णांक 100 में सबसे अधिक प्राप्तांक वाले 03 घरों को 'स्वच्छ घर' के रूप में चयनित कर नेम प्लेट और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। वहीं विशिष्ट श्रेणी में प्रत्येक वार्ड की एक महिला और एक पुरुष सफाई मित्र को भी सम्मानित किया गया है। शुक्रवार को 'स्वच्छ घर' अभियान अंतर्गत की गयी कार्यवाही की नगरीय निकाय निदेशालय में स्थापित डीसीसीसी (डेडिकेटेड कमाण्ड एन्ड कण्ट्रोल सेंटर) से निर्बाध ऑनलाइन मॉनिटरिंग की गयी।

## मंत्री ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

विशेष संवाददाता (vol)

- उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो: तीसरे दिन मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया कौशल विकास मिशन का निरीक्षण

**ग्रेटर नोएडा/लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे दिन शुक्रवार को प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कौशल विकास मिशन की विभिन्न गतिविधियों और लाइव कौशल प्रदर्शनों का निरीक्षण किया।




इस दौरान उन्होंने प्रदेश के युवाओं को मिल रहे प्रशिक्षण और अवसरों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन प्रदेश के युवाओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें अपने भविष्य को संवारने का एक बेहतर मंच दे रहा है।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के माध्यम से युवाओं को आधुनिक तकनीकों में दक्षता हासिल करने का अवसर मिल रहा है, जिससे वे बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। शो के दौरान उन्होंने युवाओं से मुलाकात की और उन्हें प्रदेश सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपने कौशल को निखारने और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।ट्रेड शो के कौशल विकास पवेलियन में प्रदेश के हुनरमंद युवाओं ने विभिन्न विशिष्ट कौशलों का लाइव प्रदर्शन किया, जिनमें तकनीकी और पारंपरिक हस्तशिल्प के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों का समावेश था।इन प्रदर्शनों ने आगंतुकों को उत्तर प्रदेश के उभरते हुए कौशल और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।इसके बाद कपिल देव अग्रवाल ने ट्रेड शो में लगे अन्य पवेलियनों का भी दौरा किया और वहां लगे विभिन्न स्टॉलों पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

## अशोक सिंघल की जयंती पर सीएम समेत कई नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने शुक्रवार को विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष दिवंगत अशोक सिंघल की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, कि प्रभु श्री राम एवं राष्ट्रधर्म के परम उपासक, श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के शिखर पुरुष, विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष, अशोक सिंघल की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। योगी ने कहा, कि सनातन हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित रहा आपका जीवन हम सभी के लिए पाथेय है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर लिखा, कि ओजस्वी वक्ता, हिन्दू ह्रदय सम्राट, भारतीय संस्कृति के संवाहक, श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख स्तम्भ, सनातन एवं हिंदुत्व के संरक्षण में अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले, कुशल नेतृत्वकर्ता, हम सभी के प्रेरणास्रोत एवं मार्गदर्शक, विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व अध्यक्ष परमपूज्य अशोक सिंघल की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। उन्होंने लिखा, कि सनातन संस्कृति एवं भारतीय धार्मिक परम्पराओं और मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन में आपके अतुलनीय योगदान के लिए राष्ट्र सदैव कृतज्ञ रहेगा। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक्स पर अपने संदेश में कहा, कि राष्ट्र की सेवा और समाज के उत्थान के लिए जीवन का हर क्षण अर्पित कर देने वाले विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष, अशोक सिंघल की जयंती पर कोटि कोटि नमन। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के पुरोधा, हिंदू ह्रदय सम्राट एवं विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष परम अशोक सिंघल की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। चौधरी ने कहा, राष्ट्रहित में आपके द्वारा दिया गया अद्भुत एवं अतुलनीय योगदान अनंतकाल तक अविस्मरणीय तथा हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। लंबे समय तक विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष रहे अशोक सिंघल का जन्म 27 सितंबर 1926 को उत्तर प्रदेश के आगरा में हुआ और 17 नवंबर 2015 को हरियाणा के गुरुग्राम में उनका निधन हो गया। राम मंदिर आंदोलन के अग्रणी नेताओं में सिंघल का नाम शामिल था।

## यूपी के हुनर को मिल रही वैश्विक पहचान

**लखनऊ।** ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे दिन, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के पवेलियन ने अपने अद्वितीय कौशल प्रदर्शनों से आगंतुकों का दिल जीत लिया।पवेलियन में प्रदेश के हुनरमंद युवाओं ने विभिन्न विशिष्ट कौशलों का लाइव प्रदर्शन किया, जिससे आगंतुकों को प्रदेश के उभरते कौशल और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में गहन जानकारी मिली।इस मौके पर व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने पवेलियन का दौरा किया। उन्होंने युवाओं के कौशल प्रदर्शन की सराहना की और उनके साथ संवाद कर उत्साहवर्धन किया। इस कार्यक्रम में अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कौशल विकास मिशन का पवेलियन आगामी दिनों में विभिन्न सेक्टरों के लाइव कौशल प्रदर्शन के माध्यम से प्रदेश की प्रतिभा को वैश्विक मंच पर पेश करेगा। आगंतुकों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि वे प्रदेश के कौशल से परिचित हों। ट्रेड शो में कौशल विकास मिशन की गतिविधियों और लाइव प्रदर्शनों का अनुभव करने के लिए हॉल नंबर 6 में सभी लोग आमंत्रित है।

## 'जनजाति भागीदारी उत्सव' के लिए समिति गठित

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने 15 से 20 नवंबर 2024 तक 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर 'जनजाति भागीदारी उत्सव' का वृहद स्तर पर आयोजित किये जाने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समाज कल्याण विभाग ने समिति का गठन कर दिया है। यह समिति शासन स्तर से समन्वय स्थापित कर 15 नवंबर को आयोजित किये जाने वाले 'जनजाति भागीदारी उत्सव' समारोह की समस्त तैयारियां करना सुनिश्चित करेगी।समाज कल्याण विभाग द्वारा गठित समिति के अनुसार निदेशक, जनजाति विकास विभाग को अध्यक्ष के लिए नामित किया गया है। साथ ही निदेशक, समाज कल्याण विभाग, निदेशक, छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन, निदेशक, सूचना, निदेशक, संस्कृति विभाग, निदेशक, उप्र लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, निदेशक, पर्यटन विभाग, प्रबंध निदेशक, उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि., प्रबंध निदेशक, यूपी सिडको, प्रबंध निदेशक, उप्र राज्य परिवहन निगम, अपर पुलिस महानिदेशक (लॉ एंड ऑडर), गृह विभाग, महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, वित्त एवं लेखाधिकारी, उप्र अनुसूचित जाति एवं जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन एवं डॉ. प्रियंका वर्मा, उपनिदेशक, जनजाति विकास विभाग को सदस्य तथा डॉ. देवेन्द्र सिंह, शोध अधिकारी, उप्र अनुसूचति जाति एवं जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन को सदस्य/संयोजक पद के लिए नामित किया गया है।

## योगी ने बारिश के मद्देनजर जिलों के अफसरों को राहत कार्य का दिया निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में बीते कुछ दिनों से जारी बारिश और वर्षाजनित घटनाओं के मद्देनजर शुक्रवार को संबंधित जिलों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार सुबह जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नज़र रखें और प्रभावित लोगों को मदद प्रदान करें। उन्होने आपदा से हुई जनहानि से प्रभावित परिवारों को उचित राहत राशि अविलंब प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। योगी ने कहा कि बारिश जनित घटनाओं में जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा अथवा पशु हानि हुई, ऐसे प्रभावितों को तत्काल उचित वित्तीय सहायता प्रदान की जाए। राहत आयुक्त कार्यालय से बृहस्पतिवार को जारी एक बयान के अनुसार, 25 सितंबर शाम छह बजे से 26 सितंबर शाम छह बजे तक उत्तर प्रदेश में बारिश जनित घटनाओं में कुल तीन लोगों की मौत हुई है, जिसमें ललितपुर में एक व्यक्ति की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हुई जबकि हरदोई और उन्नाव में एक-एक व्यक्ति की डूबने से मौत हुई है।

# अखिलेश जातियों के बीच फैला रहे नफरत

विशेष संवाददाता (vol)

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को दी नसीहत
- पोस्ट करने से पहले थोड़ा रिसर्च वर्क और विचार करना जरूरी

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शुक्रवार को बयान जारी करते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये सुर्खियां बटोरने के चक्कर में भ्रम फैलाकर जातियों के बीच वैमनस्यता और नफरत फैला रहे हैं। उन्होंने कहा सोशल मीडिया पर कुछ भी अनर्गल पोस्ट करने से पहले सपा प्रमुख को थोड़ा रिसर्च वर्क और सोच विचार भी कर लेना चाहिए। इस तरह से सोशल मीडिया का दुरुपयोग करना अखिलेश यादव को शोभा नहीं देता।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चार साल पहले अखबार में छपी एक खबर को अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट करते हुए यूपी लोकसेवा आयोग की आरक्षण व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाया है।इस पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि अखिलेश यादव को कुछ भी पोस्ट करने से पहले थोड़ा रिसर्च कर लेना चाहिए।

यूपीपीएससी की पीसीएस समेत अन्य सभी परीक्षाओं के अंतिम चयन परिणाम में अनारक्षित वर्ग में



आरक्षित वर्ग की ओवरलैपिंग न होने का आदेश हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा 9-01-2020 को लिया गया था। यही नहीं ये व्यवस्था संघ लोकसेवा आयोग की आईएएस, आईपीएस सहित अन्य सिविल सेवाओं के चयन में भी लागू है। ऐसे में सपा प्रमुख द्वारा चार साल (19 फरवरी 2020) पहले अखबार में छपी खबर को अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करना बेहद गैर जिम्मेदाराना हरकत है।

उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव चार साल पुरानी खबर डालकर समाज में जातियों के बीच नफरत और वैमनस्यता फैला रहे हैं। बार बार हार का मुंह देखने के बाद सपा प्रमुख और उनकी टीम पूरी तरह से बौखला गई है और समाज को भ्रमित करने वाले ऐसे पोस्ट के जरिए सामाजिक समरसता को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। सपा प्रमुख पहले भी बेवजह की पुरानी तस्वीरों को पोस्ट करके झूठ और भ्रम फैलाने की अपनी कोशिशें जगजाहिर कर चुके है। ऐसी ही एक तस्वीर उन्होंने वाराणसी में वरुणा नदी को लेकर अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी, बाद में पता लगा कि वो तस्वीर उनके ही कार्यकाल की थी। अखिलेश एक राजनीतिक दल के मुखिया हैं और सांसद भी, ऐसी गैर जिम्मेदाराना हरकत उन्हें शोभा नहीं देती। इस प्रकार से सामजिक समरसता को चोट पहुंचाने की हर कोशिश का भाजपा पुरजोर विरोध करती है।

# भाजपा सरकार में किसान उपेक्षा का शिकार : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में किसान उपेक्षा का शिकार है। भाजपा ने किसानों से आय दोगुनी करने से लेकर अन्य कई बड़े-बड़े वादे किये लेकिन कोई भी वादा पूरा नहीं किया। यह सरकार किसानों को खाद-बीज और अन्य सुविधाएं भी नहीं उपलब्ध करा पा रही है। किसानों को आलू, गेहूं और अन्य फसलों की बुआई के लिए डीएपी, एनपीके और अन्य उर्वरकों की आवश्यकता है लेकिन कन्नौज, मैनपुरी, संभल समेत अन्य जिलों के किसान डीएपी खाद और उर्वरकों के लिए भटक रहे है। सहकारी समितियों पर उर्वरक नहीं है। संभल में डीएपी के लिए किसान दिनभर लंबी-लंबी लाइन में खड़े दिखाई देते है। फिर भी खाद नहीं मिल रही है। किसान खुद को ठगा महसूस कर रहा है।



उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अन्नदाता चौतरफा संकटों से घिरा हुआ है। तराई जिलों में किसान बाढ़ से पीड़ित हैं। सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में हैं। उनकी फसलें बर्बाद हो चुकी है। सरकार की तरफ से कोई मदद नहीं मिल रही है। बहराइच, लखीमपुर खीरी, बलरामपुर और सीतापुर में भेड़िया और जंगली जानवरों से किसानों और आम लोगों में दहशत और परेशानी है। जंगली जानवरों के हमले में कई लोगों की जान जा चुकी है। इसी तरह से छुट्टा जानवरों के कारण भी किसानों की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है लेकिन यह सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति पूरी तरह उदासीन है। भाजपा सरकार में पूरे सिस्टम पर भ्रष्टाचार और अकर्मण्यता हावी है। किसानों को लेकर हमेशा इस सरकार का रवैया उपेक्षापूर्ण रहा है। भाजपा सरकार की नीतियां किसान विरोधी और शोषणकारी है। किसानों का हर स्तर पर शोषण हो रहा है। उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश का किसान भाजपा के झूठ और लूट को समझ चुका है। अब किसान इस सरकार को बर्दाश्त नहीं करेगा। आने वाले समय में भाजपा को सबक सिखायेगा।

# शारदीय नवरात्रि के पहले दिन सीएम मिशन शक्ति फेज-5.0 का करेंगे शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)

- मुख्य सचिव ने की बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति, यूपी द्वारा संचालित विशेष अभियान है। मिशन शक्ति फेज-5.0 का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा आगामी शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस 3 अक्टूबर पर किया जायेगा।

मुख्य सचिव शुक्रवार को इस सबंध में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अभियान की रूपरेखा के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां संबंधित विभाग द्वारा पूरा कर ली जाये। सभी जिलों को लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में ऑनलाइन लिंक के माध्यम से जोड़ा जाए। राजधानी लखनऊ के साथ समस्त जनपदों में




महिला सशक्तिकरण रैली का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि लखनऊ के तर्ज पर सभी कमिश्नरेट्स में महिलाओं के लिए 'पिंक बूथ' का निर्माण किया जाये 'पिंक स्कूटी/पिंक पैट्रॉल' की व्यवस्था की जाये। प्रत्येक थाने में महिला बैरक की व्यवस्था करायी जाये। सार्वजनिक स्थलों यथा मॉल, सार्वजनिक स्मारक, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चिड़ियाघर आदि पर शिशुओं के लिये फीडिंग रूम्स की व्यवस्था की जाये। इसके अलावा औद्योगिक शहरों में सेल्फ ग्रुप महिलाओं के माध्यम से कैंटीन का संचालन किया जाए। लखनऊ और नोएडा में वर्किंग वूमेन हॉस्टल बनाया जाए। सभी कार्यस्थलों पर महिलाओं के लिए शौचालय की पृथक से व्यवस्था होनी चाहिए। ऐसे सभी कार्यस्थल जहां महिलाएं कार्यरत हैं वहां क्रेच की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, जागरूकता के संबंध में 3 माह की अवधि के दौरान 10-10 दिवस के 9 विशेष अभियान संचालित किये जायेंगे। महिलाओं एवं बच्चियों से संबंधित साइबर अपराध के पंजीकृत अभियोगों एवं प्रार्थना पत्रों के शत प्रतिशत निस्तारण के लिए प्रथम 10 दिवस ऑपरेशन गरुड़ संचालित किया जायेगा। 11 से 20 दिवस एसिड की अवैध बिक्री एवं वितरण के विरुद्ध ऑपरेशन शील्ड, 21 से 30 दिवस अश्लील सीडी, डीवीडी, पुस्तके, साहित्य, सामग्री आदि की चैकिंग एवं बरामदगी व जब्ती करण के लिए आपरेशन डेस्ट्राय संचालित किया जायेगा। इसी प्रकार 31 से 40 दिवस बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल विवाह के विरुद्ध प्रदेश स्तरीय अभियान चलाकर बालिकाओं को अवमुक्त कराने के लिए ऑपरेशन बचपन, 41 से 50 दिवस गुमशुदा बच्चों एवं बच्चों के लिए संचालित आश्रय ग्रहों का भौतिक निरीक्षण एवं बरामद बच्चों के पुनर्वास के लिए ऑपरेशन खोज अभियान संचालित किया जायेगा। इसी तरह 51 से 60 दिवस महिला स्कूल एवं कॉलेजों के आसपास तथा वल्नरेबल स्पाट्स अवांछनीय तत्वों व मनचलों के विरुद्ध ऑपरेशन मजनू, 61 से 70 दिवस मादक पदार्थों का सेवन करने वाले अभ्यस्त व्यक्तियों विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करने एवं हॉटस्पॉट का चिन्हीकरण करते हुए विधिक कार्यवाही कराने के लिए ऑपरेशन नशा मुक्ति अभियान चलाया जायेगा।

## भ्रामक आख्या लगाने वाले कर्मियों के विरुद्ध हो सख्त कार्यवाही होगी : मुख्य सचिव

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार ने कहा कि सभी जिलाधिकारियों द्वारा प्रतिदिन रेंडमली 2 असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त आईजीआरएस प्रकरणों की समीक्षा की जाये। भ्रामक आख्या लगाने वाले कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। आगामी साप्ताहिक समीक्षा बैठक से पूर्व सभी जिलाधिकारियों द्वारा प्रथम शिकायत निस्तारणकर्ता अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें सेंसटाइज किया जाये कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है। मुख्य सचिव शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं गो आश्रय स्थल निर्माण की समीक्षा करते हुए कहा कि जिलों में पर्याप्त मात्रा में गो आश्रय स्थल उपलब्ध हैं। एक बार पुनः शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में निरीक्षण कराया जाये और शत-प्रतिशत निराश्रित गोवंश को गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाये। सभी आश्रय स्थलों में भूसा, हरा चारा, पानी आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिये। उन्होंने राजस्व विभाग को ग्रामवार गोचर भूमि की सूची तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बारिश के उपरांत गोचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने का अभियान चलाया जाये। अतिक्रमण से मुक्त होने के उपरांत भूमि को पशुपालन विभाग द्वारा उपयोग में लिया जाये। बैठक में बताया गया कि 503 वृहद् गो संरक्षण के सापेक्ष 321 का कार्य पूरा हो चुका है। पीएम सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि योजना के तहत प्रदेश में 25 लाख घरों के सोलराइजेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# बीबीडीआईटीएम में 21 दिवसीय अनुगम का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट लखनऊ में नवप्रवेशित बी. टेक छात्र/छात्राओं के लिए 21 दिवसीय अनुगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के शुभाशीर्वाद से प्रारम्भ हुआ। अनुगम कार्यक्रम एआईसीटीई के शासनादेश के अन्तर्गत मूल्य शिक्षा प्रकोष्ठ तथा अन्य शिक्षकगण जो प्रथम वर्ष में पढ़ाते है उनके सहयोग से सम्पन्न हुआ।

संस्थान के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) एसएस चैहान, रजिस्ट्रार प्रोफेसर (डॉ.) एसएच आब्दी, वैल्यू एजूकेशन सेल की संयोजक डॉ. पूजा सिंह एवं उनकी टीम सहित बी. टेक प्रथम वर्ष के समूह समन्वयक, एवं विभिन्न विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में इसका शुभारम्भ किया गया। बीबीडीआईटीएम के मानविकी विभाग और मूल्य शिक्षा प्रकोष्ठ ने अभिनय द ड्रॉम्मेटिक्स क्लब के सहयोग से परिवार में रिश्तों की अहमियत और पीढ़ी का अंतर पर पीढ़ी का अंतर पर जंजीर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परिवार में सम्बन्धों को कैसे और मजबूत बनाया जाए और पीढ़ी के अन्तर को कैसे कम किया जा सके। इसके साथ ही साथ छात्र/छात्राओं को साफ सफाई व स्वच्छता की आवश्यकता से अवगत कराया गया। इस अवसर पर ध्यान, आसन, प्राणायम, व्यायाम, योगाभ्यास की विभिन्न प्रकार की ज्ञानवर्धक जानकारियॉ भी सभी छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई। इस अनुगम कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं के लिए मानव मूल्यों पर सत्र का आयोजन भी किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम का समापन डॉ. अखिलेश दास गुप्ता आडिटोरियम में कार्यक्रम की संयोजक डॉ. पूजा सिंह द्वारा धन्यवाद प्रेषित करते हुए किया गया।

## बीबीडीयू के स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट ने आयोजित किया 'अवधी फूड फेस्टिवल'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट ने विश्व पर्यटन दिवस 2024 के अवसर पर भव्य 'अवधी फूड फेस्टिवल' का आयोजन किया। इस

- **विश्व पर्यटन दिवस 2024 पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**

विशेष आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ. जावेद आलम खान, सिटी कोऑर्डिनेटर सीबीएसई और चेयरपर्सन रहे।

यह कार्यक्रम बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के आशीर्वाद और बीबीडीयू के प्रो. वाइस चांसलर प्रो. डॉ. एस. सी. शर्मा के प्रेरणा से हुआ।

इस अवसर पर स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट की पूरी टीम और विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. कपिल शंकर तिवारी के उत्साहवर्धन एवं कुशल प्रबंधन ने इस आयोजन को और भी गरिमामयी बनाया। अवधी व्यंजनों की शाही विरासत को दर्शाने वाले इस फूड फेस्टिवल ने न केवल लखनऊ की परंपराओं को फिर से जीवंत किया बल्कि छात्रों और आगंतुकों के लिए एक अद्वितीय अनुभव भी प्रस्तुत किया।

# ईको गार्डेन में अब इंडोर एडवेंचर स्पोर्ट्स व खेलकूद का ले सकेंगे आनंद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** स्मारक समिति के अधीन मान्यवर श्री कांशीराम जी ग्रीन (ईको) गार्डेन में अब इंडोर एडवेंचर स्पोर्ट्स तथा खेलकूद का आनंद लिया जा सकेगा। इसके साथ ही ईको गार्डेन

- **जॉगिंग ट्रैक बनेगा, झील का सुंदरीकरण के साथ फाउंटेन लगेगा**

में स्वास्थ्य लाभ के लिए जॉगिंग ट्रैक का निर्माण कराया जाएगा। नितिन रमेश गोकर्ण अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की अध्यक्षता में स्मारक समिति की प्रबंध समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में प्रबन्ध समिति के सदस्य सचिव के रूप में उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रथमेश कुमार तथा प्रबन्ध समिति के सदस्यों व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्रबन्ध समिति ने पर्यटकों का ध्यान रखते हुए कई नवीन कार्य योजना तैयार की है। वीआईपी रोड स्थित मान्यवर श्री कांशीराम जी ग्रीन (ईको) गार्डेन में इंडोर एडवेंचर स्पोर्ट्स तथा खेलकूद संबंधी अन्य गतिविधियां संचालित की जाएंगी। यह स्मारक समिति के माध्यम से लखनऊ शहर को मनोरंजन तथा पर्यटन की दिशा में एक नया आयाम स्थापित कराएगा। आम नागरिकों की मनोरंजन सुविधा तथा मान्यवर श्री कांशीराम जी सांस्कृतिक स्थल परिसर की निष्प्रयोज्य झील का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके लिए झील का सुंदरीकरण कराया जाएगा। जिसके लिए झील में नया फाउंटेन लगवाया जाएगा। झील के सुंदरीकरण के लिए सिविल, इलेक्ट्रिकल, औद्यानिक कार्यों के साथ-साथ झील के किनारे का पाथवे का निर्माण भी कराया जाएगा।

**दर्शन पार्क के पास बनेगी तीन मंजिला हाइड्रोलिक पार्किंग :** डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल के पास यूपी दर्शन पार्क तथा लोहिया पार्क स्थित होने कारण अवकाश तथा त्यौहारों के दिनों में पार्किंग की समस्या होती है। लिहाजा लोग सड़कों के किनारे ही अपनी गाड़ियों को पार्क कर देते हैं। जिससे कई बार भीषण जाम की समस्या हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल के सामने



बने पार्किंग स्थल पर अब तीन मंजिला हाइड्रोलिक पार्किंग का निर्माण कराया जाएगा। जिसका संचालन स्मारक समिति की ओर से ही पूर्व की भांति किया जाएगा। इससे पर्यटकों को सुविधा तो मिलेगी ही साथ ही स्मारक समिति के आय में भी बढ़ोत्तरी होगी। इसके लिए ईओआई के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाएंगे।

**कार्मिकों को भी मिलेगा बाल्य देखभाल अवकाश :** स्मारक समिति के कार्मिकों के हितों का ध्यान रखते हुए चिकित्सा अवकाश की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही महिला कार्मिकों का विशेष ध्यान रखते हुए अब से इन्हें बाल्य देखभाल के लिए भी अवकाश की मंजूरी दी गई। इसके अलावा प्रबन्ध समिति ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का वेतन तथा गैर- वेतन मद का बजट पारित किया है।

**1090 चौराहे पर आकांक्षा व ई-सुविधा की दुकानों का आवंटन होगा निरस्त :** प्रबंध समिति की बोर्ड में वीमेन पॉवर लाइन 1090 चौराहे पर स्मारक समिति की एक जलपान गृह व 4 दुकानों का आवंटन निरस्त करने का प्रस्ताव रखा गया। प्रबंध समिति ने इन दुकानों को डीएम सर्किल रेट अथवा बाजार दर पर ई.ओ.आई. के माध्यम से निजी संचालकों को आवंटित किए जाने के निर्णय पर शासन को प्रस्ताव भेजे जाने का निर्णय लिया गया। यही पर एक बड़ी पार्किंग स्थल भी है जो कि खाली है इसका कोई उपयोग नहीं हो रहा है। इस फैसले से इसका भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। बता दें कि स्मारक प्रबंध समिति की ओर से वर्ष 2012 में 1090 चौराहे पर जलपान गृह को 10,000 रुपये टोकेन लीज रेन्ट के आधार पर 30 वर्ष के लिए संचालन एवं रखरखाव के लिए उ.प्र. प्रादेशिक कोआपरेटिव डेरी फेडरेशन लि. को हस्तारित किया गया है। वर्तमान में इसका 19004 रुपये वार्षिक के हिसाब से वर्ष 2022 तक किराया दिया गया है। बिजली बिल 7000 रुपये प्रतिमाह निर्धारित है। इसका भुगतान 5-6 माह में किया जाता है। इस जलपान गृह के बायीं और दायीं ओर दो-दो दुकानों में से 01 दुकान मत्स्य विकास निगम लि., 01 दुकान आकांक्षा संस्था को व अन्य 02 दुकानें यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि. को ई-सुविधा केन्द्र के लिए 10000 रुपये वार्षिक टोकन लीज रेन्ट के आधार पर आवंटित की गयी हैं। यह संस्थाएं किराया अनुबंध का पालन नहीं कर रही हैं। समय पर किराये का भुगतान किया जा रहा है। आकांक्षा संस्था एवं उप्र मत्स्य विकास निगम लि. की ओर से दुकान का संचालन किया जा रहा है जबकि ई-सुविधा की दोनों दुकानें बंद पड़ी हैं।

# खेल प्रतिस्पर्धा में विद्या ज्ञान स्कूल में मारी बाजी

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में आयोजित तीन दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर 4 खेल प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हुआ। इसमें समापन अवसर पर लॉन्ग जंप, शॉट पुट, 800 मीटर 400 मीटर, 100 मीटर, 4 गुना 100 मीटर, 3000 मीटर, पोल वाल्ट, सभी खेलों में विद्या ज्ञान स्कूल सीतापुर ने अन्य जिलों से आयी टीमों को पछाड़ते हुए चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

बेस्ट एथलीट अंडर 14 बॉयज मोहम्मद हमजा विद्या ज्ञान स्कूल सीतापुर, अंडर 14 गर्ल्स प्रियंका

- **सीबीएसई क्लस्टर 4 खेल प्रतियोगिता सम्पन्न**

राजपूत डीपीएस आजाद नगर कानपुर, अंडर 17 बॉयज प्रियांशु राज डीपीएस आजाद नगर कानपुर, अंडर 17 गर्ल्स प्रत्यूषा विद्याज्ञान पब्लिक स्कूल सीतापुर अंडर-19 बॉयज शंभूराज विद्या ज्ञान पब्लिक स्कूल अंडर19 गर्ल्स सोनम यादव डीसी बिठूर रोड कानपुर रही। बेस्ट स्कूल के लिए अंडर 14 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय उन्नाव को, वही अंडर 17 और अंडर-19 के लिए विद्याज्ञान स्कूल सीतापुर रहा। सेठ एमआर जयपुरिया द्वारा करायी जा रही इस खेल प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर कीर्ति मिश्रा (अर्जुन अवार्ड) स्पोर्ट्स चीफ इंडियन रेलवे, हरपाल सिंह ओनर बाबा गुरुकुल एकेडमी बाराबंकी एवं आरपी सिंह सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर बाराबंकी एवं बहराइच के अलावा सेठ एमआर जयपुरिया के चेयरमैन शिव शंकर अवस्थी, ट्रस्टी अतुल अवस्थी, डायरेक्टर अनुज अवस्थी और प्रचार्या पूनम गौतम ने बच्चों को पुरस्कार दिये। पुरस्कार वितरण के बाद कीर्ति मिश्रा ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आजकल की पीढ़ी को जितनी सुविधाएं मिल रही हैं वह उसका लाभ अगर उठाए तो उनका भविष्य बहुत उज्ज्वल होगा। समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के लिए होती रहनी चाहिए। उन्होंने सभी स्कूल के बच्चों की तारीफ करते हुए कहा कि आप अपने जोश को ऐसे ही बरकरार रखें आप सफलता की सीढ़ी पर आगे बढ़ जाएंगे आपको आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक पाएगा बस अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें सफलता आपके कदम चूमेगी।

हरपाल सिंह नेवी बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा जो इस प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं, वे सभी विजेता है। खेल खेलना जरूरी है जीतना या पिछड़ना उसका एक रूप है। आप सिर्फ अपना ध्यान सभी बच्चे खेल पर लगाए। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के चेयरमैन शिव शंकर अवस्थी ने कहा कि आप में से ही कोई बच्चा आगे बढ़ कर भारत के लिए खेलेगा और देश के लिए स्वर्ण पदक भी लेकर आएगा। सेठ एमआर जयपुरिया की प्रधानाचार्य पूनम गौतम ने सीबीएसई को भी धन्यवाद दिया। इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ में किया गया और इस प्रतियोगिता को करवाने के लिए सेठ एमआर जयपुरिया कानपुर रोड कैंपस को चुना गया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता पहली बार हमने करवायी है। भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिता हम करवाते रहेंगे।

## महिला वॉलीबॉल में एफओएपी बना चैंपियन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का रजत जयंती वर्ष समारोह सात मई 2024 से आठ मई 2025 तक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में शुक्रवार को महिला वॉलीबॉल का फाइनल मैच एफओएपी 11 और कुलसचिव 11 के बीच खेला गया, जिसमें एफओएपी 11 ने कुलसचिव 11 को 2-1 से हराकर चैंपियन बन गया। इस मौके पर सहायक कुलसचिव रंजीत सिंह, सहायक कुलसचिव सुनील पांडे, सहायक कुलसचिव शांतनु पाठक से काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## ताइक्वाण्डो में प्रज्ञा सिंह ने जीता गोल्ड मेडल



**लखनऊ।** सीएमएस के राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की कक्षा 8 की छात्रा प्रज्ञा सिंह ने अंतर-विद्यालयी ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। चैम्पियनशिप का आयोजन इण्डियन एसोसिएशन ऑफ ताइक्वाण्डो के तत्वावधान में मिनी स्टेडियम, राजाजीपुरम में किया गया। यह जानकारी स्कूल के कम्युनिकेशन विभाग के हेड ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते स्वर्ण पदक अर्जित कर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है एवं आने वाले समय में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है।

# एलडीए ने नीलामी से बेची 515 करोड़ रुपये की सम्पत्ति

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इस बार के ई-ऑक्शन में 515 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की सम्पत्ति बेची है। ऑन लाइन

- **चार गुना से ज्यादा कीमत तक लगी बोली**
- **सीबीडी में फाइन डाइन का 10 करोड़ का भूखण्ड 18 करोड़ रुपये में बिका**

नीलामी में निवेशकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। नतीजा यह रहा कि ई-नीलामी में आरक्षित दर से चार गुना अधिक कीमत तक बोली लगी। आवासीय व व्यावसायिक भूखण्डों के साथ ही ग्रुप हाउसिंग, स्कूल, नर्सिंग होम, फैसेल्टीज, मिश्रित भू-उपयोग व फाइन डाइन के भूखण्ड भी बिके।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया किप्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में स्थित व्यावसायिक व आवासीय सम्पत्तियों को ई-ऑक्शन के माध्यम से बेचने के लिए लिए 16 अगस्त से 21 सितम्बर के बीच पंजीकरण खोला गया। इसमें पंजीकरण कराने वाले लोगों के मध्य 25 अगस्त, 2024 को ई-ऑक्शन कराया गया। ई-नीलामी में कुल 256 सम्पत्तियां लगायी गयी थीं, जिनमें से 73 सम्पत्तियों की बिक्री हुयी। उन्होंने बताया कि कानपुर रोड योजना के सेक्टर-जी में 40 लाख रुपये कीमत का 202 वर्गमीटर क्षेत्रफल का भूखण्ड 1 करोड़ 65 लाख रुपये में बिका। इसमें 284 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी। इसी तरह गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में 53 लाख रुपये का भूखण्ड 1 करोड़ 85 लाख रुपये में बिका।

बताया कि ई-ऑक्शन में लगायी गयी आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया गया, जिससे अधिक संख्या में लोगों को सम्पत्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त हो सकी। इसके अलावा सम्पत्ति खरीदने के इच्छुक लोगों को अभियंताओं व कर्मचारियों द्वारा साइट विजिट भी करवायी गयी, जिसके बेहतर परिणाम देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि ई-ऑक्शन में बोली लगाने वाले सभी सफल आवंटियों को जल्द से जल्द आवंटन पत्र जारी कर दिये जाएंगे। इसके साथ ही आवंटियों की ओर से इन सम्पत्तियों पर जो भी प्रोजेक्ट लाये जाएंगे, उसके लिए मानचित्र आदि स्वीकृत करने की समस्त कार्यवाही को सिंगल विन्डो सिस्टम के अंतर्गत निष्पादित कराया जाएगा।

**बसन्तकुंज योजना में बनेगा स्कूल :** बसन्तकुंज योजना में स्कूल के लिए आरक्षित भूखण्ड भी ई-नीलामी में लगाया गया था, जो आरक्षित दर से अधिक कीमत में बिका। इससे निकट भविष्य में योजना में स्कूल बनने का रास्ता साफ हो गया है। इसके अलावा सीबीडी योजना में ग्रुप हाउसिंग का 96 करोड़ रुपये का भूखण्ड 110 करोड़ रुपये व सीजी सिटी में ग्रुप हाउसिंग का भूखण्ड 82 करोड़ रुपये में बेचा गया। इसी तरह सीबीडी योजना में फाइन डाइन का 10 करोड़ रुपये कीमत का भूखण्ड 18 करोड़ रुपये में बिका। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में 33,000 रुपये प्रति वर्गमीटर की आरक्षित दर के भूखण्ड 1 लाख 12 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर की दर तक बिके हैं। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि ई-ऑक्शन में बोली लगाने वाले जो लोग सफल नहीं हुये, वह निराश न हों। प्राधिकरण की ओर से नवरात्रि के अवसर पर एक बार फिर व्यवसायिक सम्पत्तियों के ई-ऑक्शन के लिए पोर्टल खोला जाएगा।

# हिन्दी भाषा से ही सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं का संरक्षण संभव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में हिन्दी पखवाड़ा के तहत हिन्दी प्रकोष्ठ, एनसीसी और पंडित सुदामा दुबे स्मृति एवं दर्शन न्यास के संयुक्त तत्वावधान में काव्य पाठ

- **बीबीएयू में हुआ स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता एवं कवि सम्मेलन संपन्न**
- **जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

प्रतियोगिता एवं कवि सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के जल शक्ति विभाग के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा, विशिष्ट अतिथि एवं आईएएस अधिकारी डॉ. अखिलेश मिश्र, कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, एनसीसी अधिकारी डॉ. राजश्री एवं विश्वविद्यालय हिन्दी अधिकारी शिवकुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।

मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि हिन्दी भाषा संस्कृति, सभ्यता तथा राष्ट्र को एकसूत्र में पिरोने का कार्य करती है। हिन्दी भाषा के द्वारा ही सांस्कृतिक धरोहर एवं परंपराओं का संरक्षण संभव है। दूसरी ओर भाषायी संस्कृति का विकास करते हुए कवियों ने हमेशा से ही जनमानस में ऊर्जा जाग्रत करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दिया। कुलपति प्रो. एनएमपी वर्मा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर हिन्दी भाषा अपना परचम लहरा रही है। अतः हम सभी कर्तव्य है कि हिन्दी भाषा के पुनरूत्थान में अपना योगदान दें। विशिष्ट अतिथि एवं आईएएस अधिकारी डॉ. अखिलेश मिश्र ने हिन्दी भाषा के महत्व को ध्यान में रखते हुए अपनी कविता प्रस्तुत की और सभी को अपनी मातृभाषा से जुड़ने का संदेश दिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने हिन्दी भाषा की महत्ता और पुनरूत्थान, देशभक्ति एवं स्त्री से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपनी स्वरचित कविता प्रस्तुत की। इसके अतिरिक्त विभिन्न शहरों से आये आमंत्रित कवियों ने भी अपनी कविताओं का मनमोहक प्रस्तुतिकरण दिया। साथ ही हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मंत्री ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन का कार्य डॉ. अमित द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रॉक्टर प्रो. संजय कुमार, डीएसडब्ल्यू प्रो. बीएस भदौरिया, प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा, प्रो. रामपाल गंगवार, प्रो. प्रीति मिश्रा, प्रो. शशि कुमार, प्रो. शूरा दारापुरी, डॉ. बलजीत श्रीवास्तव, आमंत्रित कवियों में विपिन मलिहाबाद, डॉ. प्रवीण राही, रजनीश त्रिवेदी, डॉ. सुभाष चंद्र रसिया, अर्चना द्विवेदी, श्वेता शुक्ला, अन्य शिक्षकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट की स्मार्ट रोड पर फुटपाथ से हटेंगे अतिक्रमण, पार्किंग बनेगी

**लखनऊ।** कलेक्ट्रेट कार्यालय, राजस्व परिषद एवं सिविल कोर्ट के पास मुख्य सड़क के किनारे अतिक्रमण हटाया जाएगा। यहां रैम्प बनाकर ऊंचे फुटपाथ पर दोपहिया वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की जाएगी। कैसरबाग समेत शहर के प्रमुख चौराहों-मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था सुधार के लिए शुक्रवार को बैठक हुई। इसमें कमिश्नर रोशन जैकब ने कमिश्नर ने स्वास्थ्य भवन से कलेक्ट्रेट के सामने से होते हुए कैसरबाग जाने वाली सड़क की समस्या पर चर्चा की। कहा कि राजा नवाब अली रोड पर सिविल कोर्ट के पास स्मार्ट सिटी की ओर से ऊंचे फुटपाथ बनाए गए हैं। इन पर अतिक्रमण हो गया है। कई पक्के और अस्थायी निर्माण हैं। जिससे पैदल यात्रियों का मार्ग अवरूद्ध होता है। फुटपाथ के नीचे सड़क पर पार्किंग अव्यवस्थित तरीके से की जा रही है, जिससे आवागमन बाधित होता है। पूर्व में उन्होंने ये अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे जिनका पालन अब तक नहीं हुआ। नगर निगम को निर्देश दिया कि अतिक्रमण हटाते हुए रैम्प बनाएं जिस पर दोपहिया वाहनों की पार्किंग हो सके। राज्य सड़क परिवहन की बसें, जो कैसरबाग बस अड्डे से विभिन्न जिलें के लिए संचालित हो रही हैं, उनका रूट भी इस घने यातायात क्षेत्र से परिवर्तित किया गया था। रूट डायवर्जन प्लान पुलिस उपायुक्त, यातायात व क्षेत्रीय प्रबन्धक, रोडवेज को भेजा गया था मगर पुनः इन बसों का आवागमन इस क्षेत्र से होने लगा है। सुगम यातायात के लिए इसे पूवार्नुसार किया जाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त कलेक्ट्रेट परिसर में स्मार्ट सिटी की ओर से बनाई जा रही मल्टीलेवल पार्किंग को अतिशीघ्र पूर्ण कराकर चालू कराया जाए। अधिवक्ताओं के वाहन पार्किंग की व्यवस्था बनायी जाए। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने अपर नगर आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि चौराहों पर अव्यवस्थित खड़े ठेलों को चिन्हित करते हुए उनको वेंडिंग जोन में विस्थापित किया जाए। सिटी ट्रांसपोर्ट के समस्त बसे अपने निर्धारित स्थान पर ही रुके, इधर उधर बसे रुकने या खड़े होने पर चलान किया जायेगा। चौराहों पर गाड़ियों को पार्क करने पर तत्काल चालान किया जाये। बैठक में डीएम सूर्य पाल गंगवार, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, डीसीपी ट्रैफिक प्रबल कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव मौजूद रहे।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# ठाकुरगंज के निजी अस्पताल में महिला की मौत, हंगामा



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दुबग्गा स्थित निजी अस्पताल में ऑपरेशन दौरान महिला की हालत बिगड़ी तो उसे वेंटिलेटर पर रखा गया। गुरुवार देर शाम इलाज के दौरान महिला की सांसें थम गईं। ऑपरेशन करने में लापरवाही का आरोप लगाते हुए तीमारदारों ने हंगामा किया। ठाकुरगंज पुलिस ने तीमारदारों को शांत कराकर शव का पोस्टमार्टम कराया। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग के अफसर शिकायत मिलने पर जांच कराने की बात कह रहे हैं। उन्नाव के औरास के रजना खेड़ा गांव निवासी सीताराम की पत्नी रूपा देवी (54) को हार्निया के ऑपरेशन के लिए दुबग्गा स्थित एक अस्पताल में बुधवार को भर्ती कराया गया था। आईटीबीपी में जवान संजय ने बताया कि मां की जांच डॉ. प्रवीन शर्मा ने की। उसी दिन जांच के बाद ऑपरेशन के दौरान महिला की हालत बिगड़ गई। संजय का आरोप है कि गलत व अधूरा ऑपरेशन करने से मरीज की तबीयत बिगड़ी और वेंटिलेटर पर रखा गया। डॉक्टर ने ऑपरेशन से पहले अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन तक नहीं कराया। रूपा की मौत के बाद तीमारदारों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। ठाकुरगंज थाने के पुलिसकर्मी पहुंचे और तीमारदारों को शांत कराया। बेटे ने इस मामले की शिकायत डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से करने की बात कही है। वहीं, डिप्टी सीएमओ डॉ. एपी सिंह का कहना है कि मामले की शिकायत आने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। चरक अस्पताल के मैनेजर ने बताया कि महिला की हालत पहले से बहुत गंभीर थी। परिवारीजनों को पूरी जानकारी दे दी गई थी। इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की गई है।

## मजदूर की हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के रंजीतखेड़ा गांव में दस माह पहले घर में अकेले मजदूर की हत्या के प्रयास समेत लूट के फरार आरोपी को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया।पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कोतवाली क्षेत्र के कनकहा मजरा रंजीतखेड़ा गांव में अकेले रहने वाले मजदूर देवीशंकर के अत्यधिक नशे में होने के बाद उसके तीन दोस्तो ने पिटाई के बाद गला कसकर हत्या का प्रयास किया था लेकिन मरणासन्न होने पर उसे मरा समझकर मजदूर की घर में खड़ी बाइक व मोबाइल फोन लूट कर भाग निकले थे ? पीड़ित की बहन कमला की तहरीर पर मघई निवासी रामबक्शखेड़ा समेत अज्ञात साथियो पर हत्या के प्रयास व लूट की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर तत्कालीन इंस्पेक्टर ने मुख्य आरोपी मघई ,सत्यनारायण उर्फ लल्ला, रामधीरज, दयाराम को लूटी गयी बाइक समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जब कि फरार सुनील निवासी रामबक्शखेड़ा थाना नगराम की तलाश में पुलिस की टीमें लगायी गयी थी. शुक्रवार को उपनिरीक्षक आनन्द राव अम्बेडकर समेत पुलिस टीम ने आरोपी सुनील को मुखबिर की सूचना पर उसके घर रामबक्शखेड़ा से गिरफ्तार कर पुछताछ के बाद लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद किया।

**दोनों छात्रों के शव का हुआ अंतिम संस्कार:** एयरपोर्ट के पास रहीमाबाद गांव में मिट्टी खनन से बने तालाब में डूबने से छात्र दुर्गेश सिंह और मानस सिंह की गुरुवार को मौत हो गई थी। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों का शव घर पहुंचा तो चीख-पुकार मच गई। दोपहर दुर्गेश का शव लेकर उसके पिता मनमोहन और अन्य परिवारीजन बैकुंठ धाम पहुंचे। वहां शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मनमोहन ने बताया कि वह पेंटर का काम करते हैं। उधर, मानस के पिता मनोज सिंह शव लेकर पैतृक आवास लतीफपुर गांव चले गए। वहां, शव का अंतिम संस्कार किया। मनोज प्लंबर का काम करते थे। परिवार के साथ मुरली विहार में रहते थे। दोनों निजी विद्यालय से कक्षा नौ के छात्र थे। शुक्रवार शाम दोनों कोचिंग पढ़कर लौट रहे थे। इस बीच खनन से बने 18 से 20 फीट गहरे तालाब में डूबने से दोनों की मौत हो गई थी। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर राजदेव प्रजापति ने बताया कि तहसील प्रशासन को इस संबंध में पत्र भेजा गया है। रिपोर्ट मांगी गई है। इस संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। जांच की जा रही है।

## प्रशिक्षु अधिकारी के प्रशिक्षण सम्मेलन का आयोजन



**लखनऊ।** सीमांत मुख्यालय लखनऊ में रत्न संजय, भापुसे, महानिरीक्षक के मार्गदर्शन में दिनांक 16-28 सितंबर 2024 तक 12 दिन के सीमा भ्रमण के लिए आए 29 वें सहायक कमांडेंट (सीधी भर्ती) बैच के 13 प्रशिक्षु अधिकारी के प्रशिक्षण हेतु सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सशस्त्र सीमा बल, सीमांत मुख्यालय, लखनऊ में श्री रत्न संजय, भा.पु.से. महानिरीक्षक के मार्गदर्शन में दिनांक 16-28 सितंबर 2024 तक 12 दिन के सीमा भ्रमण के लिए आए 29 में सहायक कमांडेंट (सीधी भर्ती) बैच के 13 प्रशिक्षु अधिकारी के प्रशिक्षण हेतु सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जगदीप पाल सिंह, उप महानिरीक्षक (कार्मिक एवं प्रशिक्षण), कमल कांत उप महानिरीक्षक (प्रशासन), महेश कुमार उप महानिरीक्षक (प्रचालन), निखिल कुमार प्रसाद, उप महानिरीक्षक (चिकित्सा) एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें। सर्वप्रथम पंकज शर्मा, उप कमांडेंट द्वारा स्वागत शब्दों के साथ सभी प्रशिक्षुओं का सीमांत मुख्यालय में अभिनंदन किया गया। तपश्चात महानिरीक्षक सीमांत मुख्यालय लखनऊ द्वारा सभी प्रशिक्षु अधिकारियों का मार्गदर्शन किया गया एवं सीमा पर कार्य करने के दौरान भविष्य में आनेवाली चुनौतियों से अवगत कराया। सम्मेलन के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशिक्षुओं को संबोधित किया एवं भारत नेपाल सीमा पर सीमा सुरक्षा से जुडें महत्वपूर्ण विषयों, सशस्त्र सीमा बल अधिनियम, सीमा चौकियों पर कार्य के दौरान अपनाए जाने वाले मानक संचालन प्रक्रिया एवं अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर कार्य करने की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। सम्मेलन के दौरान प्रशिक्षुओं ने बीते 12 दिनों के सीमा भ्रमण से जुड़े अनुभवों को साझा किया एवं कई प्रकार के कार्यक्षेत्रों एवं अध्ययन के विषय में गहन चर्चा कर आपसी संवाद को रूचिकर बनाया।

# दो युवकों को चोर समझ ग्रामीणों ने जमकर धुना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में दो युवकों को चोर समझ कर ग्रामीणों द्वारा उनकी जम कर धुनाई कर दी गई। ग्रामीणों का कहना है की दिन में यह लोग फेरी करने आए थे। ग्रामीणों द्वारा पहरा दिया जा रहा था ।तभी बृहस्पतिवार की रात समय करीब 1:00 रसूलपुर पुलिया के पास दोनों युवक उन्नाव नंबर की अपाची बाइक से खड़े हुए थे । लोगों ने उनसे जाकर पूछताछ करने लगे ।पूछताछ करते ही एक युवक के मोबाइल पर मैसेज आया की किसी तरह वहां से निकले ।एक युवक ने ग्रामीणों से मोबाइल छीनने की कोशिश की। जब मोबाइल नहीं छीन पाया तो वहां से मौके से भाग लिया ।ग्रामीणों ने उन्हें दौड़ा कर पकड़ा लिया और उनसे पूछताछ करने लगे ।इतने में ही काफी भीड़ इकट्ठा हो गई ।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को एंबुलेंस में लेकर थाने चली गई। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि चोर नहीं थे तो भागने की क्या जरूरत थी ।चोर थे तभी तो पूछताछ करने के दौरान भागे हैं। दोनों युवकों का कहना है कि एयरपोर्ट से आ रहे हैं ।कोरियर का सामान लेकर उन्नाव जा रहे हैं ।ग्रामीणों का यह भी कहना है की उन्नाव जा रहे थे ,तो इधर क्या करने आए थे ।फिलहाल दोनों युवक उन्नाव के रहने वाले बता रहे हैं। फिलहाल बंथरा क्षेत्र में चोरों के प्रति काफी दहशत फैली हुई है।

**तलाकशुदा शिक्षिका पत्नी ने घर में घुस वृद्ध सास व बच्चो को पीटा :** आशियाना थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक तलाकशुदा शिक्षिका पत्नी ने अपने पूर्व ससुराल में घुस वृद्ध 70 वर्षीय सास समेत बच्चो पर हमलावर हो गई और मारपीट करने के बाद फरार हो गई घटना की जानकारी होने पर पीड़ित पति ने अपनी पूर्व आरोपित पत्नी के खिलाफ नामजद शिकायत की है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एल निवासी सूर्यप्रकाश पुत्र स्व. प्रहलाद के अनुसार वह उक्त मकान में अपनी 70 वर्षिय बुजुर्ग माँ और पत्नी व दो बच्चो के साथ रहते है पीड़ित सूर्यप्रकाश का आरोप है कि उनकी पूर्व पत्नी बीना पटेल पुत्री चन्द्रभूषण वर्मा निवासी पुराना शिवली रोड कल्यानपुर, कानपुर नगर वर्तमान में जनपद सीतापुर के सिधौली ब्लाक के अन्तर्गत सरकारी प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत है जिससे वर्ष 2018 में तलाक हो चूका है इसके बावजूद उनकी पूर्व पत्नी ने कानपुर में सात मुकदमे उन्हें परेशान करने की नियत से करा रखे है जो विचाराधीन है आरोप है कि गुरुवार दोपहर वह अपनी पत्नी के साथ निजी कार्य से बाहर गए थे इस दौरान पूर्व पत्नी ने उनके घर में घुस बच्चो पर कहर बरपाने लगी उनकी 70 वर्षीय वृद्ध माँ ने बच्चो को बचाने का प्रयास किया तो उन्हें धक्का देकर गिरा दिया और मारपीट कर फरार हो गई। जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित पति ने कंट्रोल नंबर पर सूचना दे स्थानीय आशियाना थाना पहुँच पूर्व पत्नी के खिलाफ नामजद शिकायत की है आशियाना पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# जजों के सामने ही फूड सेफ्टी विभाग ने सील किया चाइनीज लहसुन

- कोर्ट ने राज्य व केंद्र से उक्त प्रतिबंधित लहसुन की आवक रोकने के लिए उठाये जा रहे कदमों के बारे में मांगी जानकारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में प्रदेश के फूड सेफ्टी एवं ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन विभाग ने शुक्रवार को जजों के सामने याची की ओर से पेश किये गये प्रतिबंधित चाइनीज लहसुन को सील किया और जांच रिपोर्ट के लिए भेज दिया। कोर्ट ने प्रदेश सरकार से अवैध चाइनीज लहसुन की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के बावत जानकारी मांगी है। साथ ही कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि वह चाइनीज लहसुन पर प्रतिबंध लगाने संबंधी आदेष को पेष करे और यह भी बतायें कि चीन से उक्त प्रतिबंधित लहसुन की आवक रोकने के लिए क्या उपाय किये जा रहे हैं। मामले की अगली सुनवायी 1 अक्टूबर को होगी। यह आदेश जस्टिस राजन राय एवं जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया।

याची ने मांग कहा है कि चाइनीज लहसुन पर केंद्र सरकार 2014 में ही प्रतिबंध लगा चुकी है क्योंकि कीटनाषकों के अत्यधिक प्रयोग के चलते यह लहसुन स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है किन्तु फिर भी यह बाजारों में खुलेआम बिक रहा है और सरकार इन पर लगाम नहीं लगा पा रही है। याची ने गुरूवार को सुनवायी के समय चिनहट बाजार से खरीदा आधा किलोग्राम लहसुन कोर्ट में पेश भी किया था ।षुक्रवार को कोर्ट ने याची से पूंछा कि उक्त लहसुन कहां है तो याची ने कहा कि वह उसे आज भी कोर्ट में लाया है। इसके बाद कोर्ट की अनुमति से फूड सेफटी विभाग के अफसर ने उसे सील कर जांच के लिए भेज दिया।

इससे पहले कोर्ट के आदेष के अनुपालन में फूड सेफटी विभाग के नामित अफसर को तलब किया था जो कि षुक्रवार को कोर्ट में पेष हुए । उन्होनें कोर्ट को बताया कि सरकार इस प्रतिबंधित लहसुन पर रोक लगाने के लिए छापेमारी की कार्यवाही कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार ने एक टोल फ्री नंबर 18001805533 भी जारी किया है जिस पर कोई भी अपनी षिकायत कर सकता है ।इस पर कोर्ट ने सरकारी वकील से उक्त नंबर मिलाने को कहा लेकिन वह व्यस्त बताता रहा और नहीं उठा। इस पर कोर्ट ने कहा कि सरकार को अधिक टाल फ्री नंबर जारी करने चाहिए। वहीं कोर्ट ने केंद्र सरकार के डिप्टी सालिसिटर जनरल से कहा कि वह कई दिन पहले दी गयी नोटिस के बाद भी चाइनीज लहसुन पर प्रतिबंध लगाने संबधी केंद्र सरकार का आदेष क्यों नहीं पेष कर पा रहे है तो उन्हें कहा कि मांगने पर भी अभी उन्हें केंद्र सरकार से निर्देश और उक्त आदेश की कापी नहीं मिल पायी है अतः उन्हें कुछ समय दे दिया जाये। इस पर कोर्ट ने खिन्नता जताते हुए अगली सुनवायी 1 अक्टूबर को लगा दी।

## हाईकोर्ट ने सेना के सक्षम अधिकारी को सुनवाई में सहयोग के लिए बुलाया

विधि संवाददाता (vol)

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सेना से पूछा है कि अयोध्या जनपद के कैंट क्षेत्र में सेना के अभ्यास क्षेत्र से लगे 14 गांवों की जमीनों में यदि निर्माण के लिए नक्शे पास किये जाते हैं अथवा निर्माण की अनुमति दी जाती है तो क्या समस्या आ सकती है। वहीं न्यायालय ने अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव को भी कोर्ट में हाजिर होकर यह बताने को कहा है कि क्या उक्त गांवों के लिए नक्शे की संस्तुति करना सम्भव है और क्या इसके लिए सेना से एनओसी लेने की आवश्यकता पड़ेगी। मामले की अगली सुनवाई 30 सितम्बर को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने प्रोटेक्शन ऑफ डिफेंस लैंड एट अयोध्या शीर्षक से दर्ज सुओ मोटो याचिका पर पारित किया। उल्लेखनीय है कि उक्त मामले में दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान, न्यायालय ने आदेश पारित करते हुए कहा था कि इस मामले में बेहतर होगा कि वर्तमान याचिका पर सुनवाई के बजाय स्वतः संज्ञान (सुओ मोटो) याचिका दर्ज की जाए। मामले में न्यायालय के समक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल, स्टेशन हेडक्वार्टर, अयोध्या कैंट की ओर से 11 फरवरी 2023 को जिलाधिकारी, अयोध्या को भेजे गए एक पत्र का हवाला दिया गया था, इसके साथ ही जिलाधिकारी अयोध्या द्वारा 19 फरवरी 2024 को डिफेंस अधिकारियों को उक्त मामले में भेजे गए पत्र को भी पेश करते हुए, दावा किया गया है कि लगभग 13391 एकड़ जमीन सेना के रायफल रेंज के तौर पर संरक्षित है जो कैंट क्षेत्र के कई गांवों में विस्तारित है।

## विमान अपहरण विरोधी मॉक का सफलतापूर्वक किया अभ्यास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनी नगर के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीसीएसआईए), जिसका प्रबंधन अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) द्वारा किया जाता है। जो वैश्विक रूप से विविधीकृत अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज की सहायक कंपनी है, पर विमान अपहरण विरोधी मॉक ड्रिल के अभ्यास का आयोजन किया गया। भारत के अपहरण विरोधी आकस्मिक बल, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के विशेष कार्रवाई समूह द्वारा आयोजित यह अभ्यास इस सप्ताह की शुरूआत में चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में किया गया। फाल्कन स्ट्राइक कोडनाम वाले इस अभ्यास का उद्देश्य हवाई अड्डे की विमान अपहरण जैसी आपात स्थितियों से निपटने में राष्ट्रीय बलों और विभिन्न एजेंसियों की तत्परता का मूल्यांकन करना था।

मॉक ड्रिल अभ्यास के दौरान, एनएसजी कमांडो ने अपहृत विमान से यात्रियों को बचाने का अनुकरण किया। इसके अतिरिक्त, बलों ने अपहरण विरोधी अभ्यास के हिस्से के रूप में हाल ही में उद्घाटन किए गए टर्मिनल-3 का भी निरीक्षण किया। विशेष कार्रवाई समूह को उनके लैंडिंग पॉइंट से सीसीएसआई एयरपोर्ट तक तेजी से पहुंचाने के लिए यूपी पुलिस ने एक ग्रीन कॉरिडोर भी बनाया था।

एनएसजी कमांडो ने अभ्यास में अत्याधुनिक तकनीकों जैसे कि वास्तविक समय संचार प्रणाली, उन्नत निगरानी उपकरण और परिष्कृत आतंकवाद विरोधी उपायों का प्रयोग किया। अभ्यास के हिस्से के रूप में, उत्तर प्रदेश सरकार के गृह विभाग के सचिव डॉ. संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में एयरोड्रम आपातकालीन प्रबंधन समिति (एईएमसी) की बैठक में सदस्यों द्वारा ऐसी स्थितियों में काउंटर अपहरण टीम की तैयारियों की समीक्षा की। इस अभ्यास में एनएसजी, सीआईएसएफ, यूपी पुलिस, यूपी एटीएस, राज्य और जिला प्रशासन, डीजीसीए, एयरलाइंस, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, एटीसी, एआरएफएफ, डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, एंबुलेंस और लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एलआईएएल) के वरिष्ठ अधिकारियों की भागीदारी शामिल थी। इन एजेंसियों की व्यापक भागीदारी ने अभ्यास के यथार्थवादी और प्रभावी निष्पादन को सुनिश्चित किया। इस अभ्यास पर टिप्पणी करते हुए लखनऊ हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया की, चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में, हम यात्रियों और हितधारकों की सुरक्षा, संरक्षा और भलाई को प्राथमिकता देते हैं। लखनऊ हवाई अड्डे ने फाल्कन स्ट्राइक अभ्यास के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए एनएसजी को पूरा समर्थन दिया।

### एयर पोर्ट की पार्किंग में खड़ी कार में संदिग्ध परिस्थिति में लगी आग

लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शुक्रवार को पार्किंग में खड़ी कार में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने से वहां हड़कंप मच गया। आनन फानन इसकी सूचना फायर कंट्रोल रूम और पुलिस को दी गई। सूचना के बाद एयरपोर्ट के दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

## कल निकलेगी ट्रांसजेंडर गौरव यात्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ट्रांसजेंडर, किन्नर और समलैंगिक वर्ग के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से 29 सितम्बर (रविवार) को शहर में ट्रांसजेंडर गौरव यात्रा निकलेगी। यात्रा लोहिया पार्क गेट नम्बर चार से शुरू होकर अम्बेडकर पार्क होते हुए 1090 चौराहा पर सम्पन्न होगी। यहां पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। आदि शिव ट्रांसजेंडर फाउंडेशन की अध्यक्ष व ट्रांसजेंडर गौरव यात्रा समिति की संयोजक प्रियंका सिंह रघुवंशी ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि इस विशेष कार्यक्रम के जरिए ट्रांसजेंडर समुदाय की मूलभूत आवश्यकताओं, स्वास्थ्य सेवाओं, कौशल विकास और शिक्षा पर चर्चा होगी। साथ ही किन्नर, समलैंगिक, महिला व बाल उत्पीड़न के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी। इसके साथ ही 1090 चौराहा पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें बैले डांसर एलेक्स मयबेलिना, पॉप गायक सुशांत दिग्विकार, नृत्यांगना एकता महेश्वरी के साथ ही मास्क द रॉक बैंड अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के लिए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य व संजय निषाद के अलावा महापौर सुषमा खर्कवाल, महंत देव्यागिरि समेत समात के विभिन्न क्षेत्रों से अन्य लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए चलायी जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

# लखनऊ में साइबर अपराध की बाढ़, 62 सौ शिकायतें रजिस्टर्ड

## 6200 में मात्र दस फीसद शिकायतों का हो सका निस्तारण

राजा शेख (vol)



**लखनऊ।** इन दिनों अपने शहर लखनऊ में साइबर क्राइम की बाढ़ है। कोई दिन ऐसा नहीं बीतता जब साइबर की शिकायतें लेकर लोग हजरतगंज स्थित साइबर क्राइम सेल के दफ्तर न पहुंचे। जहां यह साइबर अपराधी लोगों की गाढ़ी कमाई को चूना लगा कर फुर्र हो जा रहे हैं। वही डंडा और गोली का सटीक निशाना लगाने में माहिर पुलिस तकनीकी जानकारी के अभाव में बगले झांकते दिखती है। ऐसे में कमिश्नरेट लखनऊ में साइबर जालसाजों का आतंक किस कदर चरम पर है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जनवरी से लेकर अब तक करीब छः हजार दो सौ कम्पलेन रजिस्टर्ड की जा चुकी हैं जिसमें लोगों को यह साइबर एक्सपर्ट अपना शिकार बना चुके हैं। हालांकि साइबर सेल ने इन शिकायतों में दस प्रतिशत लोगों की रिकवरी भी कराई है। वहीं सोशल मीडिया पर शहर वासियों को इन साइबर जालसाजों से छुटकारा दिलाने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है और स्कूल व कालेजों में साइबर की टीमें जाकर जागरूक भी कर रही हैं। वहीं इस चुनौती से बचने के लिए लखनऊ पुलिस भी हर रोज सोशल मीडिया पर फ्राड से बचने के लिए नये नये तरीकों से जागरूक करती रहती है लेकिन साबर अपराध में कोई कमी नहीं आ रही है।

हालांकि साइबर के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार की तरफ से लगातार इसे रोकने के प्रयास किये जा रहे हैं। इस पर बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने 6 लाख मोबाइल फोन को बंद करने का फैसला लिया है। इसके साथ ही एमएचए के साइबर विंग के आदेश पर 65 हजार साइबर फ्रॉड करने वाले यूआरएलएस को भी ब्लॉक कर दिए गए हैं।

**साइबर क्राइम सेल के पास दबिश के लिए नहीं है वाहन:** वर्तमान समय बढ़ते अपराध के ग्राफ को देखते हुए साइबर क्राइम सेल में जिस तरह की सुविधाएं होनी चाहिए वह प्रयाप्त नहीं हैं। सेल के पास दबिश जाने के लिए न तो कोई बढ़िया गाडी ही है और न कोई फंड जिसका वह लाभ उठा सकें। ऐसे में दबिश जाने के लिए वाहन व खर्च की खुद व्यवस्था करनी पड़ती है जिसकी वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**साइबर फ्रॉड से निपटने के लिए क्या कदम उठाए गए:** साइबर अपराध से बचने के लिए कंप्यूटर में एंटी वायरस साफ्टवेयर स्थापित करने चाहिए साथ ही अपने क्रेडिट कार्ड की जानकारी संदिग्ध या अजनबियों को कभी न दें। इसके साथ साथ फेसबुक, इंस्टाग्राम व जीमेल पर मजबूत पासवर्ड विकसित करने चाहिए बच्चों पर नजर रखें और उनके द्वारा इंटरनेट के इस्तेमाल को सीमित रखें तथा समय-समय पर फेसबुक, ट्विटर, यू-ट्यूब की सुरक्षा सेटिंग्स की जांच करें।

## नारी सशक्तीकरण महिला पुलिस सम्मान समारोह आज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। नीशू वेलफेयर फाउण्डेशन एवं मां गायत्री जनसेवा संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से मिशन शक्ति के अन्तर्गत आजादी के 78 वर्ष पूर्ण होने पर ₹नारी सशक्तिकरण महिला पुलिस सम्मान समारोह-2024 का आयोजन किया जा रहा है। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के 78 सम्मानित महिला पुलिसकर्मियों का उनके समाजिक कार्यों के लिए संस्था के मंच से प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर दिनांक 28 सितम्बर 2024 शाम 05.30 बजे, संगोष्ठी भवन पुलिस लाइन्स सभागार लखनऊ मे संस्था आयोजन आयोजित कर रही है। जिसमे मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य तथा पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा समेत विशिष्ट अतिथि, संस्था संरक्षक, मुख्य वक्ता एमएलसी पवन सिंह चौहान, कार्यकम अध्यक्ष व उपाध्यक्ष उप्र. राज्य महिला आयोग अपर्णा यादव, अति विशिष्ट अतिथि संस्था संरक्षक पूर्व आईजी आरके चतुर्वेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, लखनऊ निर्वतमान महापौर संयुक्ता भाटिया, पुलिस उपायुक्त मध्य रवीना त्यागी, पुलिस उपायुक्त महिला अपराध एवं सुरक्षा अपर्णा गुप्ता, पुलिस उपायुक्त पूर्वी शशांक सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त मध्य मनीषा सिंह, पीयुष सिंह चौहान, सेन्टर प्रभारी वन स्टॉप सेन्टर अर्चना सिंह समेत लखनऊ पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

**विज्ञप्ति/सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रा.वि.गड़रिया 2 क्षेत्र जसपुरा (बाँदा) की नीलामी/ध्वस्तीकरण की कार्यवाही दिनांक 14.10.2024 को समय 11.00 बजे पूर्वाहन सम्पन्न होगा।

अलाउद्दीन
अध्यक्ष
विद्यालय प्रबन्ध समिति
(SMC)

राजेश कुमार सिंह
सचिव/प्रधानाध्यापक
प्राथमिक विद्यालय, गड़रिया-2
क्षे.-जसपुरा (बाँदा)

**प्राथमिक विद्यालय गड़रिया-2, क्षेत्र, जसपुरा (बाँदा)**

**नीलामी सूचना**

पत्रांक -बेसिक/जर्जर भवन/10951-61 दिनांक : 29.09.2024

शासनादेश संख्या-15168-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 दिनांक 22.01.2020 एवं शासनादेश संख्या 855/685-2021 दिनांक 29.09.2023 के अनुपालन में प्राथमिक विद्यालय महिला डेरा, क्षेत्र-जसपुरा, जनपद-बाँदा की पुरानी जर्जर/निष्प्रयोज्य भवन की नीलामी दिनांक 10.10.2024 को समय 11.00 बजे पूर्वान्ह में सम्पन्न होगी।

इच्छुक व्यक्ति इस नीलामी की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

राजाराम
अध्यक्ष
वि. प्रबन्ध समिति

बीरेन्द्र कुमार
सचिव/प्र.अ.
प्राथमिक विद्यालय, महिला डेरा
क्षे. जसपुरा (बाँदा)

**प्राथमिक विद्यालय महिला डेरा, क्षेत्र, जसपुरा (बाँदा)**

# जिन्दगी जीने का सलीका सिखाती हैं किताबें : टीपी हवेलिया

**● बलरामपुर गार्डन में दस दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला प्रारम्भ**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** बलरामपुर गार्डन अशोक मार्ग में आज से शताब्दी वर्ष में काकोरी घटनाक्रम के थीम पर केन्द्रित इक्कीसवां पुस्तक मेला प्रारम्भ हो गया। मेले का उद्घाटन वरिष्ठ अधिवक्ता रामजीदास और मध्यांचल के निदेशक कामर्शियल योगेशकुमार ने किया। मेले की थीम पर आज शहीदों को नमन करती नाटिका भी मंचित की गयी। केटी फाउंडेशन और फोर्स वन बुक्स द्वारा संयुक्त रूप से छह अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले में कल से साहित्यिक आयोजनों का दौर भी शुरू हो जायेगा।

अमिता दुबे के मंच संचालन में चले उद्घाटन समारोह में अधिवक्ता रामजी दास और जूडो-कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष टीपी हवेलिया ने काकोरी घटनाक्रम के संग किताबों के महत्व पर बात करते हुये कहा कि किताबें जीवन जीने का सलीका सिखाती हैं। अतिथियां योगेश कुमार, दाल मिल एसोसिएशन अध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता और लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेन्द्र अग्रवाल ने भी विचार रखे। इससे पहले अतिथियों का स्वागत करते हुए संयोजक मनोज सिंह चंदेल ने संस्थापक सहयोगी उमेश ढल को याद करते हुए पुस्तक मेलों के 21 साल के सफर के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इस बार गीताप्रेस गोरखपुर, अनबॉउंड स्क्रिप्ट व वर्धमान बुक दिल्ली, फ्लाइड्रीम इंदौर, शुभी प्रकाशन गुरुग्राम, फ्यूचर सॉल्यूशंस प्रयागराज और नवपल्लव बुक्स लखनऊ के स्टाल पहली बार शामिल हैं। इस मौके पर राजधानी से बाहर होने के कारण उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के पढ़े गये संदेश में बताया गया कि वे मेले में किसी न किसी दिन अवश्य शामिल होंगे।

मेले में आज उद्घाटन से पहले ही युवाओं का आना और किताबों की खरीदारी करना शुरू हो गया था। मेले के अधिकांश स्टाल अच्छी तरह सज चुके थे। यद्यपि शाम को वर्षा हुई फिर भी पुस्तक प्रेमियों का संख्या में इजाफा होता गया। मेला निदेशक आकर्ष चंदेल ने बताया कि बरसात का ख्याल करते हुए 15 हजार वर्ग फीट का वाटरप्रूफ जर्मन हैंगर लगाया गया है। निःशुल्क प्रवेश और प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक चलने वाले देश के प्रसिद्ध पुस्तक मेलों में शामिल इस मेले में पुस्तक प्रेमियों को कम से कम 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

मेले में सजे प्रकाशकों और वितरकों के लगभग डेढ़ सौ स्टालां में वाणी, प्रभात, राजपाल, राजकमल, सस्ता साहित्य मंडल, सेतु प्रकाशन, सम्यक प्रकाशन, गौतम बुक सेंटर, प्रकाशन संस्थान, नई किताब प्रकाशन, रितेश बुक, ऋषभ बुक, ऋषि पब्लिकेशंस, एजूकेशनल एण्ड साइंटिफिक एड्स, पद्म बुक, शिवांगी बुक, बुक्स एण्ड संस, अदिति बुक, माइण्ड पावर एजूकेशनल बुक के स्टाल हैं। स्थानीय स्तर पर उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी, उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, बोधरस प्रकाशन, दलित साहित्य, दिव्यांश पब्लिकेशंस, रामकृष्ण मठ योगदा सत्संग, राष्ट्रधर्म प्रकाशन, हिंदी वांग्मय निधि, आर्य प्रतिनिधि सभा, ई लोकल शॉप, गायत्री ज्ञान मंदिर, बीइंग बुकिश, अहमदिया कम्युनिटी, द रियल मार्क, सुभाष पुस्तक भंडार, राजू स्टिकर्स, देवेंदर बुक्स इत्यादि के स्टाल सजे हैं।

मेले में आज मेले की थीम काकोरी घटनाक्रम पर नटराज कला मंडल के कलाकारों ने नाट्य प्रस्तुति दी। प्रस्तुति में अन्वेश शुक्ला के साथ चन्द्रशेखर आजाद के रूप में विमल प्रकाश, अशफाकउल्ला के रूप में कबीर खान, राम प्रसाद बिस्मिल के किरदार में शुभम कश्यप, हिन्दुस्तानी अधिकारी व ठाकुर रोशन सिंह के रूप में मनोज गुप्ता के साथ भगतसिंह के रूप में अनिल तिवारी नजर आये। गीत गायन नूपुर ने किया।

# इंदिरा एकादशी आज, भक्त करेंगे श्री हरि की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हिंदू धर्म में आश्विन मास की पहली एकादशी व्रत का बहुत महत्व है। इसे इंदिरा एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। यह व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है। इस दिन व्रत करने से अनेक पुण्य प्राप्त होते हैं और भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इंदिरा एकादशी व्रत हर साल आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी के दिन रखा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए रीति-रिवाज के अनुसार पूजा और व्रत किया जाता है। इससे लोगों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और उनके जीवन में सुख-समृद्धि आती है। पंचांग के अनुसार आश्विन माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 27 सितंबर, शुक्रवार को दोपहर 1:20 बजे शुरू होगी और शनिवार, 28 सितंबर को दोपहर 2:49 बजे समाप्त होगी। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार इंदिरा एकादशी व्रत 28 सितंबर, शनिवार को रखा जाएगा और 29 सितंबर, सुबह 6:13 से 8:36 बजे तक रविवार को पारण किया जाएगा। एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। इस दिन पूजा का शुभ समय शाम 5:23 से 14:52 तक है.। इस पूजा के शुभ समय में ब्रह्म मुहूर्त और विजय मुहूर्त शामिल हैं।

**पूजा का शुभ मुहूर्त:** इंदिरा एकादशी के दिन पूजा करने का शुभ मुहूर्त का समय चौघड़िया शुभ मुहूर्त 28 सितंबर को सुबह 7:42 से शुरू होकर 9:12 तक रहेगा। अमृत चौघड़िया शुभ मुहूर्त का समय दोपहर 3:11 से शुरू होकर 4:30 तक रहेगा। जिसको भी अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पूजा अर्चना पिंडदान अनुष्ठान करने हैं। यह शुभ मुहूर्त उनके लिए सबसे अच्छे हैं।

**व्रत का पारण का समय:** उन्होंने बताया कि जो भी इंसान इस एकादशी के दिन व्रत रखना चाहते हैं, उनके व्रत के पारण का समय 29 सितंबर को सुबह 6:13 से लेकर 8:36 तक रहेगा. इस दौरान वह अपने व्रत का पारण कर सकते हैं. इंदिरा एकादशी के दिन दो शुभ योग भी बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। 28 सितंबर को सिद्धि योग सुबह 11:51 बजे बजे तक रहेगा. उसके उपरांत साध्य योग सुबह अगले दिन तक रहेगा।

**इंदिरा एकादशी का महत्व :** पंडित ने बताया कि इंदिरा एकादशी का महत्व सबसे ज्यादा होता है। विष्णु पुराण में इसके बारे में वर्णन किया गया है कि इस एकादशी का व्रत करने से इंसान को पृथ्वी लोक पर सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है। उसके घर में सुख समृद्धि बनी रहती है। वहीं, मृत्यु उपरांत इंसान को उच्च लोक की प्राप्ति होती है। यह श्राद्ध पक्ष के दौरान आती है, इसलिए इस एकादशी के दिन विशेष तौर पर पितरों की आत्मा की शांति के लिए धार्मिक अनुष्ठान पूजा पाठ पिंडदान तर्पण किए जाते हैं। वहीं, कुछ जातक इस एकादशी के दिन अपने पितरों के लिए व्रत भी रखते हैं। जिसे उनकी आत्मा को शांति मिलती है। इस एकादशी के दिन विशेष तौर पर भगवान विष्णु की भी पूजा अर्चना की जाती है। व्रत रखा जाता है माना जाता है कि जो भी इंसान इस दिन व्रत रखता है। उनके ऊपर पितरों के साथ-साथ भगवान विष्णु की भी कृपा बनी रहती है। घर में सुख समृद्धि आती है। पितरों के लिए पिंडदान करने से उनके पितरों की आत्मा को शांति मिलती है और उनको उच्च लोक की प्राप्ति होती है।

**इंदिरा एकादशी की पूजा विधि :** इंदिरा एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ कपड़े पहनें। भगवान विष्णु की मूर्ति या तस्वीर को किसी साफ स्थान पर एक आसन पर रखें। भगवान विष्णु के सामने घी का दीपक जलाएं और व्रत का संकल्प लें। भगवान को पीले फूल अर्पित करें। पीला रंग भगवान विष्णु को प्रिय है। अगरबत्ती और दीपक जलाकर क्षेत्र को शुद्ध करें। भगवान को प्रसाद के रूप में फल, मिठाई या सात्विक भोजन अर्पित करें। इंदिरा एकादशी की कथा कहें और भगवान विष्णु की आरती करें। पूजा के बाद प्रसाद लें और गरीबों और जरूरतमंदों को दान करें। इस मंत्र को दोहराएं।

# पुरस्कार पाकर खिल उठे मेधावी बच्चों के चेहरे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी तारा अरोरा स्मारक समिति, लखनऊ की ओर से सृजन-विहार गोमती नगर स्थित समर्थ फाउंडेशन में कक्षा 8 से 10 तक में उच्च अंक प्राप्त करने वाले संसाधनविहीन मेधावी बच्चों को नकद पुरस्कार व प्रशस्ति-पत्र दिए गए जिन्हें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

वर्ष 2024 में हाईस्कूल की यू.पी. बोर्ड की परीक्षा में 83 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली कु.आँचल शर्मा को क्रमशः 3000/नकद के साथ गोल्ड कलर मेडल व 65 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली कु. लक्ष्मी मिश्रा को 1000 नकद व रजत कलर मेडल के साथ 'तारा अरोरा स्मृति सम्मान' एवं श्याम बिहारी अरोरा स्मृति सम्मान' से नवाजा गया। साथ ही वर्ष 2024 में कक्षा 9 व 8 की फाइनल परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं कु. अंशि कश्यप व कु. दिव्या साहू दोनों को क्रमशः 1000 का नकद 'सुरेश अरोरा स्मृति पुरस्कार' एवं 'सुभाष अरोरा स्मृति पुरस्कार' दिया गया। इसके अतिरिक्त इन सभी बच्चों को समिति की ओर से प्रशस्ति- पत्र भी दिए गए। सभी पुरस्कार तारा अरोरा स्मारक समिति के अध्यक्ष व सुप्रसिद्ध साहित्यकार राजेश अरोरा 'शलभ' एवं समर्थ फाउन्डेशन की प्रबंध निदेशक दिव्या शुक्ला द्वारा प्रदान किए गए। साथ ही 'शलभ' ने इन बच्चों को अपनी हास्य रचनाओं की एक-एक पुस्तक भी भेंट की।

इस अवसर पर फाउन्डेशन में कोचिंग प्राप्त कर रहे संसाधनविहीन और जरूरतमंद बच्चों के अभिभावकों के लिए वस्त्र भी वितरित किए गए। ज्ञातव्य है कि राजेश अरोरा 'शलभ' ने अपनी माँ श्रीमती तारा अरोरा की स्मृति में 2017 में उनके देहांत के पश्चात वर्ष 2018 में इस समिति का गठन किया था, जिसके अन्तर्गत वे गोमती नगर स्थित समर्थ फाउंडेशन में निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर रहे संसाधनविहीन बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने के लिए 2018 से प्रति वर्ष यह आयोजन करते हैं, जिसमें उनकी दिवंगत माँ तारा अरोरा के अतिरिक्त उनके दिवंगत पिता श्याम बिहारी अरोरा व दिवंगत भाइयों सुरेश अरोरा तथा सुभाष अरोरा की स्मृति में ये पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं, जिसका समस्त व्यय 'शलभ' द्वारा स्वयं वहन किया जाता है। ये बच्चे यद्यपि भिन्न-भिन्न सरकारी स्कूलों में नियमित पढ़ते हैं, तथापि उनको हर विषय की निःशुल्क कोचिंग व अन्य भरसक सहायता श्रीमती दिव्या शुक्ला द्वारा संचालित समर्थ फाउंडेशन द्वारा दी जाती है, ताकि वे अपने विद्यालयों की फाइनल परीक्षाओं में अच्छे से अच्छे अंक लाकर अपने भविष्य को बेहतर बना सकें। इस वार्षिक सम्मान समारोह में समर्थ फाउंडेशन के बच्चों द्वारा कुछ मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिसे समर्थ फाउन्डेशन के कोचिंग स्टॉफ के मार्गदर्शन में तैयार कराया गया था। इन बच्चों को भी समिति की ओर से प्रशस्ति- पत्र दिए गए। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कवि व गायक राजेश 'शलभ' और दिव्या शुक्ला ने पुरस्कृत बच्चों को बधाई देते हुए अन्य बच्चों से अगले वर्ष और मेहनत व लगन से पढ़ने तथा अधिक से अधिक अंक लाने पर जोर दिया ताकि वे भी भविष्य में इन पुरस्कारों के हकदार बन सकें।

# अखिल भारतीय छायाचित्र प्रदर्शनी शुरू

## राज्य ललित कला अकादमी की कला वीथिका में हुआ आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। राज्य ललित कला अकादमी की ओर से अखिल भारतीय छायाचित्र प्रदर्शनी शुक्रवार को अकादमी की कला वीथिका में लगी। प्रदर्शनी की समिति के सामने लगभग 28 प्रविष्टियां आईं। जिसमें उत्कृष्ट तीन फोटोग्राफर्स के पोर्टफोलियो को 20 हजार एवं दो पोर्टफोलियो को 10 हजार की पुरस्कार धनराशि दी गई।

20 हजार के पुरस्कार के लिए चयनित फोटोग्राफर में गुजरात के कालू वी.भरवाई, पश्चिम बंगाल की रूमेला डे एवं झारखण्ड के मुकेश श्रीवास्तव का नाम शामिल रहा। वहीं दस हजार की पुरस्कार राशि के लिए लखनऊ के हर्षित सिंह एवं आंध्र प्रदेश के टी.श्रीनिवास रेड्डी का नाम चयनित हुआ। चयन समिति में अविनाश चन्द्र लिटिल, गौरव गंगवार एवं डॉ.तुलिका साहू शामिल रहीं। छायाचित्र प्रदर्शनी का प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सदस्य विधान परिषद डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल एवं वरिष्ठ फोटोग्राफर सुबीर राय ने किया। अकादमी के अध्यक्ष डॉ.सुनील कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि मोबाइल के इस युग में हर व्यक्ति के पास कैमरा है और वह खुद छायाकार है परन्तु इन सब के मध्य इस प्रदर्शनी में जो छायाचित्र प्रदर्शित किये गये हैं वे अपने आप में उत्कृष्ट हैं इसलिए इस महत्वपूर्ण प्रदर्शनी का हिस्सा बन सके। प्रदर्शनी में अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र के अलावा कई फोटोग्राफर्स व कलाप्रेमी मौजूद रहे।


# कार्यालय जिला पंचायत-बहराइच

पत्राक 376/ नि०सू०/ जि.पंत-बह./2024-25 | दिनांक 25 सितम्बर, 2024

## :- अल्पकालिक निविदा सूचना -:

पंचम राज्य वित्त आयोग वर्ष 2024-25 योजनान्तर्गत निम्नलिखित 10 परियोजनाओं पर पैच मरम्मत कराये जाने हेतु पंचायती राज अनुभाग-2 के अधिसूचना संख्या 1425/33-2-2020-80जी 2000 लखनऊ, दिनांक 14 जुलाई, 2020 के अनुपालन में जिला पंचायत, बहराइच तथा प्रदेश की अन्य जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों तथा राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से कार्यालय जिला पंचायत, बहराइच में आफलाइन निविदाएं दिनांक 08.10.2024 तक पूर्वान्ह अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा आमंत्रण उपरान्त दिनांक 08.10.2024 को ही अपरान्ह 3.30 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 07.10.2024 तक पूर्वान्ह 11.00 से सायं 5.00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत,बहराइच, कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी बहराइच तथा कार्यालय जिलाधिकारी बहराइच के न्यायालय सभाकक्ष से की जायेगी, तथा उपरोक्त टेण्डर बिक्री के स्थान पर रखे गये टेण्डर बाक्स में टेण्डर डाले जायेंगे। सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी। सभी कार्यों को पूर्ण करने की अवधि कायार्देशानुसार होगी। निर्माण कार्यों का क्रियान्वयन लोक निर्माण विभाग के मानक तथा प्राक्कलन के अनुसार सम्पादित करना अनिवार्य होगा, इसमें किसी प्रकार का बिचलन नहीं किया जायेगा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता आगणन एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है। परियोजनाओं/कार्यों का विवरण निम्नलिखित है

| क्रम सं. / लाट सं. | परियोजना का नाम | कार्य की लम्बाई (मी. में) | लागत (रु. में) जी.एस.टी. रहित | 2 प्रतिशत अग्रिम/ धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क GST सहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बहराइच -फखरपुर मार्ग पर गोलवाघाट से मरीमाता मन्दिर तक पैच मरम्मत कार्य। वि.ख.-तेजवापुर। | 400 | 164300 | 3286 | 118 |
| 2 | कैसरगंज गुथिया शिवमंदिर से लदोंर सम्पर्क मार्ग पर पैच मरम्मत कार्य। वि.ख.-कैसरगंज। | 1565 | 519100 | 10382 | 118 |
| 3 | ग्राम पंचायत हसनामलाई से हसनामलाई सं. मार्ग पर पैच मरम्मत कार्य। वि.ख.-कैसरगंज। | 660 | 302900 | 6058 | 118 |
| 4 | उटधनिया पिच रोड का पैच मरम्मत कार्य वि.ख.-रिसिया। | 1900 | 787200 | 15744 | 236 |
| 5 | ग्राम पं. वैवाही के मजरा दुद्धाधारी में चतुरकट्टा नाले के पास से दुद्धाधारी गांव होते हुए भदईयापुरवा की ओर पैच मरम्मत कार्य। वि.ख.-बलहा। | 1550 | 417900 | 8358 | 118 |
| 6 | ग्रा.पं. मेथौरा सुखरामपुरवा पी.डब्लू.डी. सम्पर्क मार्ग पर पैच मरम्मत कार्य। वि.ख.-महसी। | 600 | 254300 | 5086 | 118 |
| 7 | ग्राम पंचायत पडरी व बभनियावां सम्पर्क मार्ग से पड़ौना होते हुए तेलियानी तक पैच मरम्मत कार्य। वि.ख.-विशेश्वरगंज। | 2320 | 600800 | 12016 | 236 |
| 8 | पयागपुर शिवदहा सम्पर्क मार्ग से खुरथवा सम्पर्क मार्ग पर पैच मरम्मत कार्य। वि.ख.-पयागपुर। | 1680 | 847000 | 16940 | 236 |
| 9 | तहसील-कैसरगंज, पयागपुर, सदर बहराइच अन्तर्गत जिला पंचायत द्वारा निर्मित मार्गों पर पैच मरम्मत कार्य। | 3800 | 843200 | 16864 | 236 |
| 10 | तहसील-महसी, नानपारा व मिहींपुरवा अन्तर्गत जिला पंचायत द्वारा निर्मित मार्गों पर पैच मरम्मत कार्य । | 3900 | 843300 | 16866 | 236 |

**निविदा की मुख्य शर्ते :-**

1. प्रत्येक कार्य की निविदा लागत के समतुल्य बिड कैपसटी ( Bid Capacity ) संलग्न करना अनिवार्य है।
2. प्रत्येक निविदादाता को प्रत्येक कार्य की निविदा के साथ निविदा शुल्क की पृथक-पृथक धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक/शेडयूल बैंक से ''अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बहराइच'' के पक्ष में निर्गत हो तथा देय हो निविदा के साथ संलग्न किया जायेगा तथा 2 प्रतिशत अग्रिम धरोहर धनराशि की एफ.डी.आर./टी.डी.आर. जो राष्ट्रीयकृत/शेड्यूल्ड बैंक से निर्गत हो या डाक विभाग द्वारा निर्गत राष्ट्रीय बचत पत्र ( एन.एस.सी. ) जो अद्यतन वैध हो तथा अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बहराइच के पद नाम से बन्धक हो, निविदा के साथ संलग्न किया जायेगा, और अनुबन्ध से पूर्व अवशेष 8 प्रतिशत धनराशि की FDR/TDR/NSC जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क तथा धरोहरं धनराशि कार्यालय में प्रपत्र-5 से जमा की जा सकती है।
3. प्रत्येक निविदादाता को निविदा के साथ अद्यतन का चरित्र प्रमाण पत्र हैसियत प्रमाण पत्र, पंजीकरण प्रमाण पत्र, रू. 100 के स्टाम्प पर स्वघोषणा पत्र ( टी-6 ), पैन कार्ड, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन प्रपत्र श्रम विभाग का पंजीयन, सम्बन्धित कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न किया जायेगा ।
4. शासनादेश संख्या 1791/33-26-2020-198जी/2018 दिनांक 07 सितम्बर, 2020 के द्वारा निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त सफल निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि ( EMD ) तथा निविदा के साथ अपलोड समस्त अभिलेख आदि मूल रूप से अनुबन्ध गठन हेतु यथाशीघ्र प्रस्तुत करेंगे। अन्यथा सफल निविदादाता होने के 21 दिवस के उपरान्त निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी एवं निविदादाता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए उसका पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डालने की भी कार्यवाही की जा सकती है।
5. शासनादेश संख्या 622/23-12-2012-2आडिट/08 टी.सी.-2 दिनांक 08 जून 2012 के अनुसार 10 प्रतिशत से अधिक Below पर 01 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर पर अतिरिक्त सिक्योरिटी/ परफारमेन्स गारन्टी ली जायेगी। अतिरिक्त राशि जमा करने के उपरान्त ही अनुबन्ध गठन की कार्यवाही की जायेगी। निविदादाता द्वारा उक्त धनराशि जमा न किये जाने पर उसकी धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री परीक्षण में गुणवत्ता संतोषजनक पाये जाने पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी ।
6. ठेकेदार की विफलता के कारण ठेका मध्य अवधि में निरस्त किया जाता है तो उस परियोजना को अन्य ठेकेदार/एजेन्सी से पूर्ण कराने में होने वाली अतिरिक्त व्यय को प्रथम ठेकेदार की जमानत. स्थायी जमानत या अन्य देयकों से प्रतिपूर्ति की जायेगी ।

**रवीन्द्र सिंह**
**अभियन्ता**
**जिला पंचायत, बहराइच**

**डॉ. वीरेन्द्र बहादुर**
**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, बहराइच**

# चीफ ब्रिज इंजीनियर ने किया लखनऊ रेलखंड का निरीक्षण



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के चीफ ब्रिज इंजीनियर सुरेश कुमार सपरा शुक्रवार को उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में पहुंचे। अपने इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडलीय अधिकारियों के साथ विंडो ट्रेलिंग करते हुए लखनऊ-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलखंड का निरीक्षण किया तथा इस रेलमार्ग पर पड़ने वाले रेल ब्रिजों को गहनता से परखा। उन्होंने जगेशरगंज- अंतू के मध्य स्थित ब्रिज संख्या 355, जगेशरगंज -चिलबिला के मध्य स्थित ब्रिज संख्या 336 तथा 339 का अवलोकन किया तथा इन ब्रिजों की जानकारी से अवगत होते हुए इनके उचित रखरखाव करने के संबंध में अपने सुझाव और निर्देश पारित किये। उन्होंने सुगम एवं समयबद्ध परिचालन के तहत रेलखंडों पर आने वाले रेलवे ब्रिजों की निरंतर निगरानी करने एवं इनकी सुरक्षा के प्रति सदैव सतर्क एवं सावधानी बरतने की बात कही। आज के इस निरीक्षण में सीपीएम आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**डीआरएम ले किया प्रयाग स्टेशन का निरीक्षण:** आगामी कुम्भ मेला के सुगम संचालन एवं आनेजाने वाले रेलयात्रियों तथा श्रद्धालुओं की आनंदमयी यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए प्रयाग क्षेत्र में उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल की परिधि में आने वाले स्टेशनो एवं उनके परिसरों पर अनेक प्रकार के विकास कार्य प्रगति पर हैं। इन सभी विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त करने के लिए शुक्रवारको मण्डल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा का मण्डल के अन्य विभागाध्यक्षों तथा अधिकारियों के साथ प्रयाग जं. स्टेशन पर पहुंचे। मण्डल रेल प्रबंधक ने अपने इस निरीक्षण में सर्वप्रथम प्रयाग के एलएक्सींग 77 के मेगा ब्लॉक बॉक्स पुशिंग के कार्यस्थल पर पहुंचकर बॉक्स पुशिंग कार्य का अवलोकन किया। इसके उपरांत मण्डल रेल प्रबंधक ने प्रयाग जं. स्टेशन पर निर्माणाधीन स्टेशन भवन एवं फुट ओवर ब्रिज सहित समस्त निर्माणकार्यों तथा रेलवे ट्रैक को गहनता से परखा तथा स्पेशल क्रॉसिंग संख्या 76 का निरीक्षण किया। इस बीच उन्होंने आई जी रेलवे सुरक्षा बल उत्तर रेलवे मुख्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली अंबिका नाथ मिश्रा से भी भेंट की। मण्डल रेल प्रबंधक ने फाफामऊ से फूलपुर के मध्य विंडो ट्रेलिंग करते हुए ट्रैक की संरक्षा को आँका तथा उग्रसेनपुर स्टेशन पर अभी कुछ समय पूर्व सम्पन्न किये गए रेल दोहरीकरण के कार्य को देखा। आज के इस निरीक्षण के दौरान मण्डल रेल प्रबंधक ने प्रयाग जं. पर आयोजित प्रेसवार्ता में मीडियाकर्मियों के साथ संवाद स्थापित किया। इस निरीक्षण कार्यक्रम में अपर मण्डल रेल प्रबंधक सचिन वर्मा, अनेक विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारी तथा रेलकर्मी उपस्थित रहे।

## हफ्ते में दो दिन चलेगी आनन्द विहार -गोरखपुर स्पेशल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने रेलगाड़ी संख्या 04044/04043 आनन्द विहार टर्मिनल-गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनल स्पेशल रेलगाड़ी को सप्ताह में एक दिन के स्थान पर सप्ताह में दो दिन निम्नानुसार चलाने का निर्णय लिया है। रेलगाड़ी संख्या 04044 आनन्द विहार टर्मिनल-गोरखपुर स्पेशल 26 अक्टूबर से 26 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार तथा शनिवार को जबकि 04043 गोरखपुर- आनन्द विहार टर्मिनल स्पेशल 27 अक्टूबर से 27 नवंबर तक प्रत्येक रविवार और बुद्धवार को चलेगी।



**स्क्रैप से बने कलाकृतियों की जीएम ने की सराहना:** सम्पूर्ण स्वच्छता एवं स्वच्छता लक्षित एकाई के अंतर्गत आज कार्यशाला के अंदर और एफसीआई के सामने रेलवे ट्रैक पर बड़े पैमाने पर सफाई अभियान का आयोजन किया गया। रेल मंत्रालय द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता में सभी की भागीदारी के उद्देश्य से, बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में 'स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। आज बरेका में सफाई अभियान के तहत बरेका कार्यशाला और एफसीआई के सामने रेलवे ट्रैक की सफाई की गई, जिसमें बड़ी संख्या में बरेका कर्मियों ने हिस्सा लिया और रेलवे ट्रैक की सफाई को सुनिश्चित किया। साथ ही, आरडीएसओ के महानिदेशक श्री उदय बोरवणकर और बरेका के महाप्रबंधक श्री एस.के. श्रीवास्तव ने बरेका जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रशासन भवन के स्वागती हॉल में प्रदर्शित की गई 'वेस्ट ऑफ आर्ट' (स्क्रैप से बनी कला) का अवलोकन किया। इन कलाकृतियों को बरेका कर्मियों ने लोहे के स्क्रैप को रीसायकल करके बनाया है, जिसे देखकर महानिदेशक और महाप्रबंधक ने इनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की और इसे अद्भुत कलात्मक पहल बताया।

## पर्यटन पर छात्रों ने रखे विचार



लखनऊ। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में पर्यटन एवं शांति विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने विचार रखें। गोष्ठी में प्रथम स्थान प्राप्त एमए सेमेस्टर प्रथम के रजत कुमार ने भीमसेन जोशी के मिले सुर मेरा तुम्हारा पंक्तियों को उद्धरित करते हुए कहा कि पर्यटन से विभिन्न संस्कृतियों को समझने का अवसर प्राप्त होता है जो कि व्यक्तिगत आनंद के साथ-साथ वैश्विक शांति का मार्ग प्रशस्त करता है, गोष्ठी में एमए सेमेस्टर प्रथम की खुशी वर्मा ने द्वितीय और एमए सेमेस्टर तृतीय की सुष्मिता चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों का मेडल और सर्टिफिकेट देकर उत्साहवर्धन किया।

## नेगोसिएशन प्रतियोगिता का पोस्टर लांच




लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की एडीआर ड्राफ्टिंग एंड लिटरेरी सोसाइटी ने शुक्रवार को फर्स्ट इंटर कॉलेजिएट नेगोशियन प्रतियोगिता के पोस्टर का अनावरण किया। पोस्टर को डीन प्रोफेसर डॉ बंशीधर सिंह, टीचर कोर्डिनेटर प्रोफेसर डॉ हरिश्चंद्रराम, एसिस्टेंस टीचर कोर्डिनेटर डॉ कौशलेंद्र सिंह, फैकल्टी के अन्य सदस्य एवं एडीएलएस की प्रेसिडेंट आरजू नायाब और सोसाइटी के सभी सदस्यों की उपस्थिति में जारी किया गया। यह प्रतियोगिता 26 और 26 अक्टूबर को होगी, जिसकी पंजीकरण की आखिरी तिथि 21 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। प्रतियोगिता में विधि संकाय और सभी संबद्ध लॉ कॉलेज के विद्यार्थी भाग लेंगे।

# लविवि ने हेरिटेज वॉक और प्रतियोगिताओं के साथ मना विश्व पर्यटन दिवस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि के पर्यटन अध्ययन संस्थान (आईटीएस) ने शुक्रवार को यूएनडब्ल्यूटीओ द्वारा दी गई इस वर्ष की थीम पर्यटन और शांति₹ के तहत विश्वविद्यालय समुदाय को एक साथ लाते हुए, आकर्षक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ विश्व पर्यटन दिवस मनाया। उत्सव में मुख्य परिसर में हेरिटेज वॉक फॉर पीसः एन ओड टू अवर यूनिवर्सिटी, साथ ही दूसरे परिसर में एक भाषण प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई।



दिन की शुरूआत विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में हेरिटेज वॉक के साथ हुई। इस पदयात्रा का नेतृत्व प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. रवि भट्ट ने किया, जो इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। डॉ. भट्ट ने संकाय सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों को विश्वविद्यालय के वास्तुशिल्प चमत्कारों के माध्यम से निर्देशित किया, जिसमें इसकी कुछ सबसे प्रतिष्ठित संरचनाएं भी शामिल थीं। उनकी विस्तृत और आकर्षक टिप्पणी ने इमारतों के समृद्ध इतिहास और महिमा पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय की विरासत के गहरे सांस्कृतिक महत्व और नवाबों की महिमा पर जोर दिया। वॉक ने प्रतिभागियों को अपने परिवेश की विरासत की सराहना करने के लिए प्रेरित किया और संरक्षण और समझ के माध्यम से शांति के विषय को मजबूत किया। हेरिटेज वॉक के अलावा, समारोह विश्वविद्यालय के दूसरे परिसर तक फैला, जहां आत्मनिर्भर भारत₹ विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता और एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भागीदारी देखी गई, जिसमें बीबीए (पर्यटन एवं आतिथ्य), प्रथम सेमेस्टर का छात्र नमामि गिरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर बीबीए (पर्यटन एवं आतिथ्य), प्रथम सेमेस्टर के भविष्य पांडे और तीसरे स्थान पर सचिन तिवारी रहे। क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। अंशिका यादव और पारुल राज (बीबीए टूरिज्म, पांचवें सेमेस्टर) की टीम विजयी रही, जबकि तनु सिंह और युवराज सिंह (बीबीए टूरिज्म, तीसरे सेमेस्टर) ने दूसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. आलोक कुमार राय ने इन आयोजनों के माध्यम से विरासत, संस्कृति और ज्ञान का जश्न मनाने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यटन दिवस हमारे जीवन में सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य भूमिका की याद दिलाता है और जिस उत्साह के साथ हमारे छात्रों और शिक्षकों ने इस दिन को अपनाया है, उसे देखकर मुझे खुशी हो रही है। उन्होंने 2024 की थीम पर्यटन और शांति के साथ इस आयोजन के संरेखण के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

पर्यटन अध्ययन संस्थान की प्रभारी डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव ने आयोजन में उनके अमूल्य योगदान के लिए माननीय कुलपति और डॉ. भट्ट का आभार व्यक्त किया और विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने में इस तरह की पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। विरासत हमें अपनी जड़ों से जोड़ती है और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करती है।

# पुनर्वास विवि के नौ विभागों में नये अध्यक्ष हुए नियुक्त

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के नौ विभागों के विभागाध्यक्षों को बदल दिया गया। कुलपति प्रो. संजय सिंह की मंजूरी के बाद कुलसचिव ने इस संबंध में आदेश जारी किया। सभी शिक्षक विवि के अधिनियम में की व्यवस्था के क्रम में दायित्व को निर्धारित अवधि तक निभाएंगे। कुलसचिव की ओर से जारी पत्र में प्रो. राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव को कंप्यूटर विज्ञान विभाग, प्रो. अवनीश चंद्र को इतिहास, प्रो. चंद्र कुमार दीक्षित को रसायन विज्ञान, गणित ए?वं सांख्यिकी और माइक्रोबायोलॉजी विभाग का विभागध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसी तरह से अंग्रेजी एवं अन्य विदेशी भाषा विभाग के विभागाध्यक्ष पद पर प्रो. विनोद कुमार सिंह, राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन विभाग के विभागध्यक्ष पद पर प्रो. अश्वनी कुमार दुबे व डॉ. संजीव गुप्ता को वाणिज्य विभाग के हेड की जिम्मेदारी दी गई है।

**छात्राओं ने राजभवन में दी प्रस्तुतियां :** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के क्रम में पुनर्वास विवि की छात्राओं ने राजभवन में महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण विषय पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। छात्राओं ने यह कार्यक्रम डॉ. कौशिकी सिंह की अगुवाई में तैयार किया था। इसके जरिए समाज के जरूरी मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करवाया। इसके साथ विवि के हिंदी विभाग में हिंदी पखवाड़े पर भाषण, निबंध लेखन, कविता, टिप्पणी लेखन व अन्य प्रतियोगिताएं हुई। प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## भाषण प्रतियोगिता में स्वर्णिम सिंह आये अव्वल



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग में उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता शुक्रवार को आयोजित की गई। प्रतियोगिता में स्नातक, परस्नातक एवं शोध छात्रों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में 16 छात्रों ने भाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. रश्मि कुमार ने की तथा प्रो.योगेंद्रप्रत सिंह, प्रो. अलका पांडे, प्रो. हेमांशु सेन एवं प्रो.पवन अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित किया। विजयी छात्रों को पुरुस्कार दिया गया। प्रथम पुरुस्कार स्वर्णिम सिंह (एमए प्रथम सेमेस्टर), द्वितीय पुरुस्कार अभिषेक मिश्र (पीएचडी) और तृतीय पुरूस्कार अभिषेक वचन यादव को दिया गया। इस अवसर पर विभागीय शिक्षकों के साथ डॉ. अजीत सिंह, डॉ.सत्य प्रकाश ने निर्णायक की भूमिका में रहे।

## पहली बार में ही भरी लविवि की फार्मेसी की सीटें

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज वर्ष 2021 से संचालित है। इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में सत्र 2024-25 के बैचलर ऑफ फार्मेसी के प्रवेश के लिए सीयूईटी-2024 की मेरिट के आधार पर आवेदन प्राप्त किए गए थे। काउंसलिंग में शुक्रवार को बीफार्म की सभी शत प्रतिशत सीटों पर विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया। इसमें कुल 110 सीटें हैं। बता दें कि यह संस्था फार्मेसी कौंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त है, संस्थान नव निर्मित भवन में संचालित है, जिसका उद्धघाटन 02 सितम्बर 2024 को राज्यपाल एवं लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में किया था। इस भवन में 13 उपकरणों सहित सुसज्जित लैब एवं 02 बड़े लेक्चर थियेटर एवं 08 बड़े लेक्चर रूम सभी सुविधाओं सहित उपलब्ध है। संस्थान में वर्तमान में विभिन्न प्रदेशों के लगभग 500 से अधिक छात्र-छात्रायें सुयोग्य शिक्षकों के द्वारा शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

# मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता की शपथ ली



**लखनऊ।** स्वच्छता ही सेवा मिशन के अन्तर्गत सम्पूर्ण भारतीय रेल में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम पर केन्द्रित विशेष स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत आज लखनऊ मण्डल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों यथा गोरखपुर जं. , ऐशबाग जं., गोण्डा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद तथा गहन साफ-सफाई हेतु स्वच्छता शपथ, सफाई मित्र स्वास्थ्य सुरक्षा शिविर, श्रमदान, मानव श्रृंखला आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गया।

इसी क्रम में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के क्रम में ऐशबाग स्थित रेलवे पॉली क्लीनिक में आयोजित स्वास्थ्य सुरक्षा शिविर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीक्षा चौधरी की उपस्थिति में रेलकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वच्छता के अन्तर्गत बढ़नी-झारखण्डी स्टेशनों के मध्य रेलपथ की साफ-सफाई की गयी। इस दौरान मण्डल के विभिन्न स्टेशनों एवं यात्री ट्रेनों पर स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा साफ-सफाई की उपयोगिता तथा गंदगी फैलने से होने वाले नुकसान से यात्री जनों को जागरूक किया जा रहा है तथा पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम द्वारा स्वच्छता जागरूकता सन्देशों की लगातार उद्घोषणा भी की जा रही है।

# आत्मनिर्भर भारत को लेकर हुई भाषण प्रतियोगिता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में सेवा पखवाड़ा के तहत आत्मनिर्भर भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में छात्रों ने 3 से 5 मिनट के भीतर आत्मनिर्भरता के महत्व को प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय की समझ, प्रस्तुति कौशल, भाषा के प्रयोग और आत्मविश्वास के आधार पर किया गया।



इस प्रतियोगिता में शाज़िया जहीर ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि कुलदीप यादव दूसरे और ईशान रस्तोगी तीसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम में प्रमुख जजों के रूप में डॉ. रचना पाठक, डॉ. सिद्धार्थ सिंह और डॉ. गौरव गुप्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। साथ ही डॉ. अनुपम त्रिपाठी, डॉ. सव्यसाची और इंजीनियर निधि श्रीवास्तव सहित अन्य फैकल्टी सदस्य भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र देकर उनकी भागीदारी को मान्यता दी गई। यह आयोजन डॉ. दीपक गुप्ता और डॉ. खुशबू वर्मा, कार्यक्रम अधिकारियों की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मार्गदर्शन प्रो. ए.के. सिंह, डीन, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय, नवीन परिसर ने किया। यह प्रतियोगिता न केवल छात्रों की सार्वजनिक बोलने की क्षमता को बढ़ावा देने में सहायक रही, बल्कि आत्मनिर्भरता के विषय पर जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण मंच भी बनी। सेवा पखवाड़ा का यह आयोजन छात्रों के लिए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरणा का स्रोत बना।

## बरेका में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न



**लखनऊ।** केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार, बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 16 अगस्त से 15 नवंबर तक तीन माह का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य लोक प्रशासन में सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता बनाए रखने के प्रति जागरूकता बढ़ाना और भ्रष्टाचार उन्मूलन के प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र के सेमिनार हॉल में एक रोचक और ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों की एक-एक टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रत्येक टीम के अधिकतम चार कर्मचारी शामिल थे। प्रतियोगिता के सवाल सतर्कता, भ्रष्टाचार उन्मूलन, डी एंड ए आर नियम, कंडक्ट रूल्स और सामान्य ज्ञान पर आधारित थे, जो प्रतिभागियों के लिए एक चुनौतीपूर्ण अनुभव था। खास बात यह रही कि प्रतियोगिता में सिर्फ टीमों ने ही नहीं, बल्कि दर्शक दीर्घा में बैठे उत्सुक कर्मचारियों ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और कुछ सवालों के जवाब देने का मौका हासिल किया। दर्शक दीर्घा सहित कुल 60 कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 06 राउंड के बाद यॉत्रिक विभाग ने प्रथम स्थान, लेखा विभाग ने द्वितीय स्थान तथा भंडार एवं विद्युत विभाग ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज मास्टर की भूमिका में मुख्य सतर्कता अधिकारी अंकुर चंद्रा ने प्रतियोगिता का संचालन किया। उनकी रोचक अंदाज में सवाल पूछने की शैली ने न केवल प्रतियोगिता को रोमांचक बनाया, बल्कि कर्मचारियों का उत्साह भी दोगुना कर दिया। अनुत्रित सवालों के उत्तर खुद चंद्रा ने दिए, जिससे सभी का ज्ञानवर्धन हुआ और विषय की गहराई से समझ भी मिली। प्रतियोगिता का स्कोर उप मुख्य सतर्कता अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने सावधानीपूर्वक गणना की। सतर्कता विभाग के कर्मचारियों ने आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराया।

# हिंदी पखवाड़ा : विजयी रेलकर्मियों को डीआरएम ने किया पुरस्कृत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में 13 सितम्बर से 27 सितम्बर तक मनाये जा रहे हिंदी पखवाड़ा समारोह के समापन के अवसर पर आज मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार की अध्यक्षता में मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के बहुद्देशीय हॉल में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्षा, महिला कल्याण संगठन, लखनऊ मण्डल रूबी राय, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा0) राजीव कुमार, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (परिचालन) विक्रम कुमार, सीपीएम/गतिशक्ति राघवेन्द्र कुमार तथा महिला संगठन की प्रमुख पदाधिकारियों, समस्त शाखाधिकारियों व रेलकर्मियों की उपस्थिति में एक अभिनव प्रस्तुति दास्तानगोइ तथा राजभाषा पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया।






कार्यक्रम के आरम्भ में मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि हिंदी पखवाड़ा के दौरान लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के निमित्त विभिन्न कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन किया गया, जिनमें मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान हिंदी वाकप्रतियोगिता, हिंदी निबंध, हिंदी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता, विशेष हिंदी कार्यशालाओं तथा तकनीकी संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। ये प्रतियोगिताएं मंडल एवं मंडलेत्तर कार्यालयों/संस्थानों जैसे स्टेशन निदेशक कार्यालय, लखनऊ एवं गोरखपुर जं., मंडल चिकित्सालय, बादशाहनगर, रेलवे पॉलीक्लीनिक/ऐशबाग, मनोरंजन संस्थान/बहराइच, संरक्षा शिविर, संयुक्त कार्यालय/गोंडा, लोको शेड/गोंडा, सीडीओ कार्यालय/गोरखपुर एवं लखनऊ जं. में आयोजित की गई। इस अवसर पर एक अभिनव प्रस्तुति दास्तानगोई के मशहूर आमंत्रित कलाकार डॉ हिमांशु बाजपेयी एवं डॉ प्रज्ञा शर्मा द्वारा की जाएगी।, जिसका आप सभी आनन्द लेंगे ।

हम पूरी निष्ठा एवं समर्पित भाव से संघ की राजभाषा नीति के अनुपालन में सद्भावना, प्रेरणा एवं प्रोत्साहन के माध्यम से राजभाषा हिंदी के प्रयोग प्रसार में निरंतर बढ़ चढ़ कर योगदान देते रहेंगे । इसके पश्चात दास्तानगोइ के कलाकार डॉ० हिमांशु बाजपेयी एवं डॉ. प्रज्ञा शर्मा ने अपनी अभिनव प्रस्तुति करते हुए अवध के आखिरी नवाब वाजिद अली शाह के जीवन से संबंधित रोचक कहानियों को ‟दास्तान-ए-जान-ए-आलम" के माध्यम से सुनाते हुए दर्शको के बीच समां बॉध दिया। उन्होने नवाब वाजिद अली शाह के दौर में शहर की समृद्ध विरासत और संस्कृति में उनके योगदान के बारे में उपस्थित दर्शकों को स्मरणीय किस्से सुनाये। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबन्धक ने हिन्दी पखवाड़ा में आयोजित हिन्दी वाक प्रतियोगिता में गोपाल कृष्ण धवन, कायार्धी/भण्डार को प्रथम पुरस्कार, सम्पतराम मीना, मुख्य लोको निरीक्षक को द्वितीय पुरस्कार तथा रूचि उपाध्याय, कायार्धी/रेसुब कार्यालय लखनऊ एवं राजकुमार मिश्रा, लोको पायलट/लखनऊ को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया। हिन्दी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार विनय कुमार, लोको पायलट/लखनऊ, द्वितीय पुरस्कार गोपाल कृष्ण धवन कायार्धी/भण्डार व तृतीय पुरस्कार अंकित गिरि, रनिंग रूम बियरर/यॉत्रिक/ओएण्डएफ को, निबन्ध प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार राज बहादुर आर्या, वाणिज्य अधीक्षक, गोरखपुर, द्वितीय पुरस्कार सम्पतराम मीना, मुख्य लोको निरीक्षक, तृतीय पुरस्कार रवि यादव, कायार्धी/स्टेशन प्रबन्धक कार्यालय गोरखपुर को तथा हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन में प्रथम पुरस्कार सुरेन्द्र पाल निजी सचिव, द्वितीय पुरस्कार गोपाल कृष्ण धवन कायार्धी/भण्डार एवं तृतीय स्थान ब्रह्मानंद तिवारी, उपनिरीक्षक, क्वाटर मास्टर/रेसुब को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार प्रदान किया।

संक्षेप

## ऋण बकायेदारों से वसूली एकमुश्त समाधान योजना मार्च 2025 तक

**देवरिया।** जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लालबहादुर ने बताया है कि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि० द्वारा संचालित योजनाओं में वितरित ऋण के बकायेदारों से वसूली हेतु नवीन ₹एकमुश्त समाधान योजना₹ 12 जुलाई, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक लागू की गयी थी,इसे अब पुनः 01 अक्टूबर, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दिया गया है।

एकमुश्त समाधान योजना के अन्तर्गत ऋण गृहीता द्वारा धनराशि जमा करने की स्थिति में वसूली' जमा करने की तिथि तक साधारण ब्याज सहित देय अवशेष सम्पूर्ण धनराशि एकमुश्त जमा करानी होगी।

लाभार्थी के ऋण खातों में लगाया गया दण्ड ब्याज एवं चक्रवृद्धि ब्याज माफ किया जायेगा। एकमुश्त समाधानजिनके ऋण वसूली की अवधि 36/60 माह पूर्ण होने के बाद भी ऋण खातों में देयता अवशेष प्रदर्शित हो रही है।

# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्वाचन कार्यालय वेयरहाउस में रखे ईवीएम तथा वीवीपीएटी मशीन का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की संख्या एवं उनकी स्थिति, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायो सहित अन्य बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया।डीएम ने वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। डीएम ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत माननीय भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा गाड्र्स की शिफ्टवार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## असंगठित कामगार बंधु पीएम श्रम योगी मानधन योजना के तहत उठायें वृद्धावस्था पेंशन का लाभ

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय ने समस्त जनपद वासियों का अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के कामगारो को वृद्धावस्था सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना चलायी जा रही है।प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अशदायी पेंशन योजना है जिसमें नामांकन हेतु 18 से 40 आयु के असंगठित क्षेत्र के कामगार जैसे कि गृह आधारित कर्मकार, गली में फेरी लगाने वाले, मध्याहन भोजन कर्मकार, सिर पर बोझा उठाने वाले, ईंट भट्ठा कर्मकार, मोची, कूड़ा बीनने वाले, घरेलू कर्मकार, धोबी, रिक्शा चालक, ग्रामीण भूमिहीन श्रमिक, आन अकाउट कर्मकार, कृषि कर्मकार, सन्निर्माण कर्मकार, बीडी कर्मकार, हथकरघा कर्मकार, चमड़ा कर्मकार, दृश्य श्रव्य कर्मकार, के रूप में व ऐसे ही अन्य व्यवसायों में कार्य कर रहे व ई०एस०आई० से आवर्त न हो व आयकर दाता न हो, जिनकी मासिक आय रु 15000 से अधिक न हो पात्र है। पंजीकृत लाभार्थियों के 60 वर्ष आयु पूर्ण करने पर रु० 3000 की सुनिश्चित न्यूनतम मासिक पेंशन का प्रावधान है। पंजीकरण हेतु लाभार्थी का मोबाइल नम्बर ई-श्रम कार्ड, आधार कार्ड व बैंक पासबुक आवश्यक है। इस योजना की आधिकारिक वेबसाइट ६६६.ल्लॅल्लि.ल्ल है। योजना हेतु पंजीकरण जनसेवा केन्द्रों व सेल्फ इनरोलमेन्ट (लाभार्थी द्वारा स्वयं) किया जा सकता है।इस वित्तीय वर्ष में इस योजना में 500 पंजीकरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसके सापेक्ष अबतक 194 लाभार्थियो को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना से आच्छादित किया जा चुका है। उक्त के अनुसार पात्र असंगठित कामगार बंधुओं से अपील है कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पंजीकरण करा कर वृद्धावस्था पेंशन का लाभ उठायें। इस सम्बंध में जानकारी हेतु कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त पडरौना कुशीनगर में सम्पर्क किया जा सकता है।

## खेलो इंडिया में स्वर्ण पदक विजेता तुषिका वर्मा को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित



**देवरिया ।** स्वर्गीय रविंद्र किशोर शाही स्टेडियम देवरिया में गिरीश सिंह, ताइक्वांडो कोच से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही ताइक्वांडो खिलाड़ी तुषिका वर्मा ने उत्तर प्रदेश की तरफ गुजरात के बड़ौदा में 19 से 22 सितम्बर 2024 तक अयोजित खेलो इंडिया महिला लीग के 52 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिभाग करते हुए पहले मैच में राजस्थान के खिलाड़ी को 12-0, दूसरे मैच में दिल्ली को 7-0, सेमीफाइनल में गुजरात को 6-1 तथा फाइनल में उत्तराखंड के खिलाड़ी को 13-3 से पराजित कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके अलावा प्रियंका कुमारी ने 73 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया।इनके देवरिया आगमन पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने सम्मानित किया एवं प्रोत्साहन कर कहा कि इसी तरह देश के लिए मेडल लाने का प्रयास करो।खिलाड़ियों को खेल की आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।इस अवसर पर क्रीड़ाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव, प्रशिक्षक गिरीश सिंह इत्यादि लोग उपस्थित रहे।इनके इस सफलता पर देवरिया ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष संजय कनोडिया क्रिकेट प्रशिक्षक अवधेश यादव, अभिमन्यु सिंह रिंकू देवरिया ओलंपिक संघ के अध्यक्ष संजय केडिया , ओलंपिक संघ के महासचिव अजय जायसवाल अभिषेक सिंह, अंकित चौहान , दिनेश कुशवाहा ने हार्दिक बधाई दी।

## महिला चिकित्सक पर पक्षपात का आरोप

**रूद्रपुर, देवरिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुद्रपुर से पंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालकों ने केंद्र में तैनात महिला चिकित्सक पर पक्षपात करने का आरोप लगाया है।एक केंद्र संचालक ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं की परीक्षण के लिए तीन अल्ट्रासाउंड सेंटर पंजीकृत किए गए हैं जबकि महिला चिकित्सक द्वारा मनमानी व पक्षपात करते हुए सिर्फ एक केंद्र पर ही मरीज को भेजा जाता है। जबकि वह सेंटर अस्पताल से काफी दूर है। केंद्र संचालक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जिम्मेदार कर्मचारियों व महिला चिकित्सक पर कमीशन खोरी का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि महिला चिकित्सक मरीज को वही भेजती हैं जहां उन्हें अच्छा कमीशन मिलता है।इस संबंध में बात करने पर महिला चिकित्सक डॉक्टर सुनीता कुशवाहा ने कहा कि इस तरह के आरोप निराधार है।

## अनुशासन और कर्तव्य बोध कराता है स्काउट और गाइड




**रूद्रपुर, देवरिया।** स्काउट एवं गाइड बच्चों के भीतर अनुशासन और कर्तव्य बोध कराता है। तीन दिन के प्रशिक्षण शिविर में बच्चे समाज सेवा और देश सेवा सीखते हैं। उक्त बातें तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर विजयम्‌ पब्लिक हाई स्कूल में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी अंशुमन श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने बच्चों को सीख देते हुए कहा कि आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है।

एक शिक्षित व्यक्ति समाज को दिशा देता है और परिवार के जीवन स्तर में सुधार लाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने स्कूल के शिक्षकों को भी संबोधित किया।

**● तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन**

उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षित करना एक कला है। उन्हें गहन अध्ययन कराया जाए और ऊंचा ख्वाब दिखाया जाए जिससे वे आगे चलकर एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। उन्होंने वर्तमान में विभिन्न प्रकार के डिजिटल क्राइम के बारे में भी विस्तार से बताया और उससे बचने की सलाह दी। जिला संगठन आयुक्त नरसिंह कुमार ने बच्चों को स्काउट गाइड की स्थापना से लेकर अब तक के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने तीन दिनों तक स्कूल परिसर में बच्चों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए। सरस्वती वंदना और स्वागत गीत आयुषी शुक्ला, प्रगति यादव, जागृति त्रिपाठी, निशू यादव आदि ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी ने स्काउट और गाइड के ध्वज अवतरण कर कार्यक्रम का समापन किया।

प्रधानाचार्य अश्वनी द्विवेदी ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को श्रेष्ठ नागरिक बनने की सलाह दी। इस अवसर पर टोली नायक सुखसागर शुक्ला, टोली नायिका सुप्रिया पांडे, अंजली पांडे, पवन साहनी, वसंत यादव, राम यादव सहित स्काउट एवं गाइड के शिविरार्थी आदर्श साहनी, स्नेहलता यादव,राज यादव,मधु मिश्रा, सुमित राव आदि मौजूद रहे।

# वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में बताया की दिनांक 01 अक्टूबर 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर भारतवर्ष के 51 जनपदों से चयनित वरिष्ठ जनों को सहायक उपकरणों का वितरण किए जाना है। जिसके क्रम में राष्ट्रीय वयोश्री योजनान्तर्गत जनपद में चिन्हित वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजन कराने हेतु संबंधित फर्म द्वारा अनुरोध किया गया है।

जिलाधिकारी ने उक्त के क्रम में सहायक उपकरण वितरण आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित करने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बिन्दुवार दायित्व निर्धारित किए हैं। उन्होंने बताया कि विकासखंड पडरौना, बिशुनपुरा व नगर पालिका पडरौना हेतु खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पडरौना में दिनांक 1.10.2024 को प्रातः 10:30 बजे से 4:30 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा, इसी प्रकार विकास खण्ड कसया, फाजिलनगर व नगर पालिका नगर पंचायत कुशीनगर/ फाजिलनगर हेतु तहसील परिसर कसया में दिनांक 3.10.2024 को, विकासखंड कप्तानगंज, रामकोला, नगर पंचायत कप्तानगंज, रामकोला हेतु तहसील परिसर कप्तानगंज में दिनांक 3. 10, 2024 को, विकास खंड तमकुही सेवरही, दुदही ही व नगर पंचायत तमकुही/ सेवही, दुदही हेतु ऑडिटोरियम सभागार किसान पीजी कॉलेज बनरहा मोड में दिनांक 4. 10. 2024 को, विकास खंड हाटा, सुकरौली, मोतीचक, व नगरपालिका /नगर पंचायत हाटा, सुकरौली, मथौली, हेतु तहसील परिसर हाटा में दिनांक 4. 10. 2024 को। विकास खंड खड्डा, नेबुआं नौरंगिया, नगर पंचायत खड्डा, छितौनी हेतु तहसील परिसर खड्डा में दिनांक 5.10.2024 को शिविर का आयोजन प्रातः 10.30 बजे से 4.30 बजे तक आयोजित कर लाभार्थियों को उपकरण वितरित किया जाएगा।इसी प्रकार वितरण शिविर हेतु जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी व पर्यवेक्षक अधिकारी भी नामित किए गए हैं जिसमें नोडल के रूप में तहसीलदार तथा पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में उपायुक्त श्रम रोजगार, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी ,जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उपनिदेशक कृषि आदि को नामित किया गया है। जो

वितरण शिविर/ कार्यक्रम स्थल पर स्वयं की देख-रेख में समस्त कार्यक्रम को सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। वितरण शिविर के लिए नामित नोडल अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर अपने कर्मचारियों सहित उपस्थित रहकर लाभार्थियों को उपकरण वितरण कराना, समुचित व्यवस्था करना तथा कार्यक्रम के उपरान्त वितरण का प्रमाण-पत्र निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे।

## पत्रकार को भातृशोकः पत्रकारों ने जताया शोक

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय नगर के पत्रकार पंडित धन्नजय पाण्डेय के आवास पर पत्रकारों की एक बैठक मारुति नन्दन मिश्र की अध्यक्षता मे हुई ।जिसमे भिंगारी के पत्रकार अजय कुमार वरनवाल के अग्रज व सेवानिवृत्त प्रवक्ता राजेन्द्र वरनवाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया ।मृतात्मा की शान्ति के लिए दो मिनट मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गयी ।शोक व्यक्त करने वालो मे रामनवल सिंह विजय प्रताप सिंह सम्पूर्णानन्द दीक्षित मारुति नन्दन मिश्र आफताब आलम यादवलाल कुशवाहा अनिल दुबे विरेन्द्र यादव प्रमोद तिवारी धन्नजय पाण्डेय प्रमुख रहे ।उधर जिला मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष पौहारी शरण राय की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा मे पत्रकारों ने ग्रापए के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ अजय बरनवाल के ज्येष्ठ भ्राता पूर्व प्रवक्ता राजेन्द्र वर्णवाल के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया ।इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कपट वीरेंद्र सिंह,जिला महासचिव प्रेमचद्र मिश्र ,मंडल उपाध्यक्ष नागेंद्र शर्मा ,जिला मंत्री डॉ हरिश्चंद्र मिश्र, जगदीश नारायण श्रीवास्तव,आनंद मोदनवाल,विजय यादव,सुहेल अंसारी आदि उपस्थित थे।

## स्वच्छता पखवाड़े में वृक्ष की सुरक्षा का नाटक मंचन कर किया जागरूक

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रेलवे स्वास्थ्य निरीक्षक अमित कुमार मिश्र के नेतृत्व मे चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के दौरान स्वच्छ भारत सांस्कृतिक उत्सव मे वृक्षो के महत्व और सुरक्षा पर आधारित इन एच एम के वरिष्ठ लिपिक अनिल कुमार मिश्र के निर्देशन मे संविदा कर्मचारियों द्वारा एक कहानी का नाटय मंचन कर यात्रियों को पेडो की सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया ।कार्यक्रम मे मुख्य रुप मे सिध्देश्वर चन्दन रजत सुनीता इन्दु रंगीला व रामजी ने नाटक मे अहम भूमिका निभाई।

## ग्राम रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष के पद पर सातवीं बार चुने गये संजय मिश्र

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के सभागार मे ग्राम रोजगार सेवक संघ उ प्र शाखा भटनी का द्विवार्षिक चुनाव जिला के संगठन मंत्री सुनील यादव के देखरेख मे सम्पन्न हुआ ।जिसमे संजय कुमार मिश्र लगातार सातवीं बार अध्यक्ष के पद पर चुने गये ।

जिसमे सुनैना कुशवाहा को महिला अध्यक्ष चुना गया ।श्रीवेश तिवारी उपाध्यक्ष मनोज कुमार यादव मंत्री रविन्द्र गौतम प्रवक्ता मृत्युंजय शर्मा कोषाध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी संगठन मंत्री सर्व सम्मानित से चुने गये ।करुणेश दीक्षित पप्पू कुमार यादव मीरा श्रीवास्तव मधुबाला मिश्र ममता यादव धर्मेन्द्र दीक्षित राम आधार यादव लल्लन यादव दिनेश साहनी तरुण तिवारी हरिनारायण चौरसिया व बीरबल प्रसाद प्रमुख रुप मे उपस्थित रहे ।चुने गये पदाधिकारियों को उपस्थित सदस्यों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया ।और एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया ।

# विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा बैठक संपन

जिला संवाददाता(vol)

देवरिया । पुलिस लाइन देवरिया के प्रेक्षागृह में विशेष किशोर पुलिस इकाई (एस0जे0पी0यू0) की मासिक समीक्षा बैठक माह सितम्बर, 2024 का आयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि ओम प्रकाश तिवारी डिप्टी लीगल एंड डिफेन्स काउन्सिल देवरिया की अध्यक्षता में किया गया है।

बैठक का संचालन जय प्रकाश तिवारी, संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा किया गया। बैठक में थाना प्रभारी ए0एच0टी0यू0 राकेश सिंह के द्वारा एस0जे0पी0यू0 के कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में अवगत कराया गया तथा किशोर न्याय अधिनियम के अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा एजेण्डावार समीक्षा बिन्दु पर चर्चा करते हुये जे0जे0एक्ट-2015, बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006, केन्द्रीय दत्तक ग्रहण अधिकरण ह्यकाराह्य के माध्यम से बच्चो को गोद दिये जाने (एडाप्सन) की प्रकिया के बारे में जानकारी दिया गया। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा विकसित एक युद्ध नशे के विरूद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम हेतु प्रेरित किया गया, तथा स्कूल कालेज, हास्टल के समीप शराब की दुकाने, लिकर, गुटका, तम्बाकू अन्य हानिकारक पदार्थो को बच्चो के द्वारा सेवन किये जाने एवं बेचे जाने पर रोक लगाने के लिए नियमित निगरानी रखने के बारे मे बताया गया, तथा विद्यालयों में गठित प्रहरी क्लब के बारे में जानकारी दिया गया, इसी कड़ी में जे0जे0 एक्ट की धारा 77 एवं 78 के बारे में विस्तृत रूप से प्रशिक्षित किया गया, श्री तिवारी द्वारा बताया गया कि अगर कोई व्यक्ति नाबालिक बच्चों से नशीली दवायें, लिकर, शराब, पान, गुटका, तम्बाकू इत्यादि की बिक्री कराता है, एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुचाने के लिये कहता है, फेरी लगवाता है, तो ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध इन धारा में एफ0आई0आर0 दर्ज किये जाने का प्राविधान है।इसके साथ ही पाक्सो प्रकरण मे बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के द्वारा बाल कल्याण समिति को 24 घण्टे के अन्दर सूचना दिये जाने के बारे मे जानकारी दिया गया। बैठक में ब्रजेश नाथ तिवारी सदस्य किशोर न्याय बोर्ड के द्वारा विधि विरूद्ध बालको के बारे में जानकारी देते हुये कहा गया कि नियत समय पर तामिला कराया जाये तथा सोशल बैकग्राउण्ड रिपोर्ट समय से प्रस्तुत किया जाये। डा0 संजय कुमार शर्मा उप मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा बच्चो के उम्र परीक्षण के बारे में जानकारी दिया गया। विवेकानन्द मिश्र सदस्य बाल कल्याण समिति के द्वारा बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत होने वाले बालको एवं बाल कल्याण समिति के कार्यो के बारे मे जानकारी दिया गया। पंकज मिश्रा श्रम विभाग के द्वारा सम्बन्धित योजनाओं एवं श्रम नियमो के बारे मे जानकारी दिया गया। नीतू भारती प्रबन्धक वन स्टाप सेन्टर के द्वारा वन स्टाप सेन्टर के कार्य एवं वन स्टाप सेन्टर पर पीड़िता को 05 दिवस तक रखे जाने के प्राविधान के बारे में जानकारी दिया गया। ओम प्रकाश तिवारी डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल देवरिया के द्वारा बालको के प्रकरण में विधिक सहायता दिये जाने एवं जे0जे0एक्ट का जनपद में अनुपालन कराये जाने हेतु उनके नियम एवं प्राविधानो के बारे मे जानकारी दिया गया।

बैठक में अनिल कुमार सोनकर जिला परिवीक्षा अधिकारी, अखिलेश कुमार, आकाश सिंह कुशवाहा एवं संत राजभर आरक्षी थाना ए0एच0टी0यू0 तथा समस्त थानो पर नामित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंश प्रमाण पत्र बनाने के लिए रिश्वत लेने वाले लेखपाल को एसडीएम ने किया निलंबित

जिला संवाददाता(vol)



**बहेड़ी, बरेली।** सरकारी कार्यालयों में तैनात कर्मचारी जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। बिना सुविधा शुल्क लिये दस्तावेज आगे नही बढ़ाया जाता है जिस कारण लोगों को अपना दस्तावेज प्राप्त करने के लिये सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटना पड़ते हैं। काम जल्दी करवाने और कार्यालयों के चक्कर काटने से बचने के लिये लोग मजबूरन सुविधा शुल्क दे देते हैं। वहीं बहेड़ी तहसील में अंश प्रमाण पत्र बनाने के लिये युवक से रिश्वत लेने वाले लेखपाल को उपजिलाधिकारी ने निलंबित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम नन्दपुर निवासी धर्मेन्द्र कुमार बीती 24 तारीख को तहसील बहेड़ी में अपने पिता ब्रजलाल का अंश प्रमाण पत्र बनवाने के लिये हल्का लेखपाल केसर सक्सेना के पास पहुंचा था। आरोप है कि हल्का लेखपाल ने अंश प्रमाण पत्र बनाने के लिये पैसों की मांग कि जिसपर युवक ने लेखपाल को 600 रुपए दे दिये। इसी दौरान युवक के साठ आये दूसरे युवक ने लेखपाल का रिश्वत लेते हुए वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया। वीडियो बनाने के बाद उसको सोशल मीडिया साइड एक्स पर वायरल कर दिया गया। बताया जाता है कि 27 सितम्बर को उपजिलाधिकारी बहेड़ी ने सोशल मीडिया साइड एक्स पर लेखपाल का पैसे लेते वीडियो देखा तो लेखपाल केसर सक्सेना को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

## होटल रेस्टोरेंट, ढाबा के संचालक , प्रोपराइटर और मैनेजर का नाम व पता डिस्प्ले कराया जाना अनिवार्य

**देवरिया ।** सहायक आयुक्त (खाद्य)-कखाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग विनय कुमार सहाय ने शासन से प्राप्त निर्देश के क्रम में समस्त होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों को निर्देशित किया है कि होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा के संचालक / प्रोपराइटर/मैनेजर आदि का नाम व पता अनिवार्य रूप से रिसेप्सन काउंटर पर डिस्पले कराये एवं खाद्य लाइसेंस या पंजीकरण की प्रति तथा फूड सेफ्टी डिस्पले को भी प्रदर्शित करें।

होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा आदि खानपान के प्रतिष्ठानों के ग्राहकों के बैठने के स्थान पर सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा सीसीटीवी कैमरे को प्रतिष्ठानों के अन्य हिस्से तथा किचन में भी लगाये जायें। सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग को भी अग्रिम आदेश तक सुरक्षित रखा जाये एवं जिसे आवश्यकता होने पर पुलिस या स्थानीय प्रशासन को उपलब्ध कराया जा सके। खान पान के स्थानों तथा सर्विस के समय सभी फूड हैन्डलर, सेफ (बावर्ची) एवं अन्य संलग्न कर्मचारी मास्क तथा ग्लब्स अनिवार्य रूप से पहने होना चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया है कि निर्धारित बिन्दुओं का 07 दिन के अन्दर सभी होटल, रेस्टोरेन्ट, ढाबा प्रतिष्ठान अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करें एवं उसके बाद निरीक्षणोपरान्त यदि किसी प्रतिष्ठान होटल, ढाबा में दिये गये निर्देश का पालन नही होता है तो उसके विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की सुसंगत धाराओं में कठोरतम कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिये वे स्वयं जिम्मेदार होगें।

## व्यापार बंधु की बैठक संपन्न



**देवरिया।** सीडीओ प्रत्यूष पांडेय की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापार बंधु की बैठक का आयोजन किया गया। सीडीओ ने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का निर्देश दिया। व्यापारी नेताओं ने आगामी दशहरे पर्व के दृष्टिगत बिजली के लटकते तारों को दुरुस्त कराने की मांग की, जिस पर सीडीओ ने अधिशासी अभियंता (विद्युत) को मूर्ति स्थापना वाले स्थलों को चिन्हित करते हुए स्थल एवं मार्ग से जर्जर तारों को हटाने का निर्देश दिया। साथ ही सीडीओ ने कहा कि बरसात के दिनों में कभी-कभी बिजली के खंभों में करंट आ जाता है, जिससे दुर्घटना होने की संभावना रहती है। आबादी वाले क्षेत्रों स्थित खंभा के निचले हिस्से में पॉलीथिन लगाकर सुरक्षित किया जाए। व्यापारियों ने मालवीय रोड ओवरब्रिज के नीचे स्थित खंभों को अन्यत्र स्थापित करने की मांग की व्यापारियों ने खुले में मीट-मछली विक्रय का मुद्दा प्रमुखता से उठाया व्यापारियों ने कहा कि कुछ मीट-मछली विक्रेता कहीं भी अपनी दुकान लगा लेते हैं, जिससे आसपास के लोगों को दिक्कत होती है। मीट मछली विक्रेताओं के लिए एक अलग स्थान निर्धारित करने की मांग की। नौतन हथियागढ़ में राष्ट्रीयकृत बैंक का एटीएम स्थापित करने की मांग पर एलडीएम ने आश्वस्त किया कि अक्टूबर माह के अंत तक एटीएम क्रियाशील हो जाएगा ।व्यापारी नेता रवींद्र प्रताप मल्ल एवं शक्ति गुप्ता ने व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को उठाया। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्रनाथ इओ संजय तिवारी सहित विभिन्न व्यापारी नेता एवं अधिकारी मौजूद थे।

# जिला शिक्षा और अनुश्रवण समिति की बैठक

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया ।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति तथा जनपदीय टास्क फोर्स सदस्यों की बैठक विकास भवन स्थित गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। इस दौरान बेसिक शिक्षा, सर्व शिक्षा अभियान तथा मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये। डायट के प्रशिक्षुओं द्वारा किये गये निपुण आंकलन डायट लेड ऐससमेंट में सर्वाधिक खराब प्रदर्शन वाले विकास खण्ड लार, गौरी बाजार, बैतालपुर एवं भटनी के खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया तथा एक सप्ताह के अंदर सुधार करने की समय-सीमा निर्धारित की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियो को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने ब्लाक क्वालिटी कॉर्डिनेटर को 20 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से वार्ता कर निपुण लक्ष्य एप एवं अन्य एप के प्रयोग के बारे में जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने माह जुलाई, अगस्त एवं सितम्बर 2024 के औसत सपोर्टिव सुपरविजन के आधार पर निम्न औसत वाले 15 एआरपी को कारण बताओं नोटिस जारी करने हेतु निर्देश दिया।

**● 4 खण्ड शिक्षाधिकारियो को नोटिस**

प्रत्येक माह विद्यालय निरीक्षण के दौरान कवर न होने वाले विद्यालय को सर्वप्रथम निरीक्षण करने के उपरान्त ही अन्य विद्यालयों का निरीक्षण/सपोर्टिव सुपरविजन करने का निर्देश दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक माह के 15 तारीख को सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी अपने विकास खण्ड के एआरपी के साथ समीक्षा करेगें और निपुण विद्यालयों की कार्ययोजना एवं उनके द्वारा किये गये सपोर्टिव सुपरविजन की समीक्षा करेंगे। निपुण लक्ष्य एप के प्रयोग की निरंतर समीक्षा सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को करने हेतु उन्होंने निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान यह संज्ञान में आया कि अधिकांश खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा निपुण भारत मॉनिटरिंग पोर्टल और प्रेरणा पोर्टल पर उपलब्ध डाटा के आधार पर समीक्षा बैठक नहीं की जा रही है, इसके लिए खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने पीएमश्री विद्यालय में अपूर्ण कार्यो को यथाशीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया। कार्यदायी संस्था यूपी सिडको द्वारा निर्मित 76 विद्यालयों के हैण्डओवर की प्रक्रिया एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने हेतु अधिशासी अभियंता यूपी सिडको एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा कुल 62 विद्यालयों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसके सापेक्ष 23 विद्यालय पूर्ण पाये गये तथा 27 विद्यालय 75 प्रतिशत, 11 विद्यालय 50 प्रतिशत एवं 01 विद्यालय 25 प्रतिशत पाया गया। उन्होंने उपस्थित सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि उसका उपभोग प्रमाण पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराएं।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि कुल 313 जर्जर / निष्प्रयोज्य भवनों के सापेक्ष मूल्यांकन समिति द्वारा 247 विद्यालयों का मूल्यांकन कर उपलब्ध कराया गया है तथा 66 विद्यालय का मूल्यांकन अभी होना है, जिसकों तत्काल उपलब्ध कराने हेतु समिति को निर्देशित किया गया। सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि मूल्यांकित जर्जर या निष्प्रयोज्य भवनों का यथाशीघ्र नीलामी एवं ध्वस्तीकरण की कार्यवाही पूर्ण कराया जाए जनपद में संचालित डीबीटी योजना में कुल नामांकित 212169 बच्चों में से 164864 बच्चों को डीबीटी के माध्यम से लाभान्वित कराया जा चुका है। अवशेष बच्चों के लाभान्वित कराने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया। जिन छात्र-छात्राओं का आधार नहीं बना है। उनके आधार बनवाने हेतु बैठक करके आधार बनवाने की गति तेज करने हेतु निर्देशित किया गई। समीक्षा के समय फोटो अपलोड की प्रगति 53 प्रतिशत पायी गयी। समर्थ एप पर दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति मानक अनुसार न पाये जाने की दशा में जिला समन्वयक किया गया।

## पशुपालन विभाग की योजना का उठायें लाभ

**कुशीनगर।** डा. रवीन्द्र प्रसाद मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने समस्त जनपद वासियों को अवगत कराया है कि जनपद-कुशीनगर हेतु रबी 'अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम' (रा०यो०) अन्तर्गत 12.00 हे० भूमि में 3.00 कु० प्रमाणित बरसीम चारा बीज हेतु 120 लाभार्थियो के चयन करने का लक्ष्य निर्धारित है। आवेदन के मानक के संबंध में उन्होंने बताया कि (1)योजनान्तर्गत लघु / सीमान्त कृषकों/पशुपालकों के चयन में वरीयता दी जायेगी। न्यूनतम 0.1 हे० एवं अधिकतम 0.5 हे० भूमि पर चारा उत्पादन हेतु इच्छुक लाभार्थियो का चयन गठित समिति द्वारा किया जायेगा।

(2)अनुसूचित जाति एवं अ० जनजाति के लाभार्थियो, महिला, लाभार्थियो, पी०सी०डी०एफ० के अन्तर्गत संचालित कियाशील दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के सदस्यो के चयन में वरीयता दी जायेगी, 3(क) लाभार्थी कम से कम 02 दुधारू पशु पालता हों तथा चारा उत्पादन में इच्छुक हो। (ख) लाभार्थी के पास सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो अथवा चारा फसल की सिचाई आसानी से की जा सके। (ग) लाभार्थी के पास स्वयं की जोत हो, जिसका सत्यापन खसरा खतौनी से कर लिया जाय।

संक्षेप

## संदिग्ध हालात में महिला की मौत

महोली/सीतापुर। कोतवाली के अढ़ोरी गाँव निवासी जसवंत की पत्नी पूनम की संदिग्ध हालात मे मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पूनम पति के साथ हरियाणा गई थी। इसी दौरान उसकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शव जब गांव पहुंचा तब मायके पक्ष ने मौत को लेकर सन्देह जताया। पूनम के मायके पक्ष ने इस सम्बंध में महोली कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने मृत्यु का कारण स्पष्ट करने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## एसडीएम को समारोह कर दी विदाई

महोली/सीतापुर। तहसील में उपजिलाधिकारी अभिनव यादव का विदाई समारोह आयोजित किया गया। वह लगभग दो वर्ष से महोली तहसील में उपजिलाधिकारी के पद पर तैनात थे। बीते मंगलवार को उनका स्थानांतरण सीतापुर सदर तहसील में हुआ है। तहसील कर्मचारियों व अधिवक्ताओं ने विदाई समारोह का आयोजन कर उनके कार्यकाल में की गई न्यायोचित कार्यवाई की सराहना की। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने कहा कि महोली में आप सभी के स्नेह व सहयोग का मैं आभारी रहूंगा। इस अवसर पर तहसीलदार नायब तहसीलदार लेखपाल सहित अधिवक्ता व तहसील कर्मचारी मौजूद रहे।

## आपसी झगड़े में फायरिंग से एक घायल

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव हुसेन नगर पट्टी परशुराम ऊर्फ जगदीशपुर में दो पक्षों में आपसी विवाद के चलते हुए झगड़े में एक पक्ष द्वारा फायरिंग कर देने से दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति को गोली लगने से वह घायल हो गया जिसे परिजन पुलिस को सूचना देने के बाद सी एच सी लाए जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गांव निवासी ज्ञानेन्द्र का गांव के ही रानू से कई दिनों से विवाद चल रहा था। ज्ञानेन्द्र द्वारा गुरूवार को चार पहिया वाहन निकालते समय रानू की दीवार में टक्कर लग गई थी जिसके कारण विवाद हुआ शुक्रवार को फिर विवाद होने पर रानू पक्ष द्वारा अवैध असलहे से फायरिंग कर दी गई जिससे ज्ञानेन्द्र घायल हो गए। जिन्हें सी एच सी भेजा गया जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस द्वारा रानू को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## भंडारे का आयोजन

लहरपुर/सीतापुर। उदासीन आश्रम संगत में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पितृ पक्ष तिथि दशमी पर आयोजित किया गया भंडारा। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ श्री चन्द्र भगवान की पूजा अर्चना, भोग आरती व अरदास के साथ हुआ जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। पूजा अर्चना के उपरांत एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ साथ महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। उदासीन आश्रम के मुख्य व्यवस्थापक पंकज यादव ने सभी आये हुए भक्तों का आभार व्यक्त किया। सायं बेला में आरती के उपरांत कढ़ा प्रसादी हलुवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिलेंद्र यादव, उमेश मल्होत्रा, रामानंद अवस्थी, हरीश रस्तोगी, रघुवंश अवस्थी, कमल टंडन, राम मोहन बाजपेई, सहित भारी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया।

## कार्यों का किया गया सत्यापन

थानगांव /सीतापुर। मनरेगा योजना अंतर्गत नसीरपुर देवरिया में बैठक की गई जिसमे वर्ष 2023 में कराए गए मनरेगा के कार्यों को बी आर पी रमेश चन्द के साथ उनकी टीम द्वारा कार्यों का सत्यापन व फाइल का मिलन ग्राम सभा के लोगों के समक्ष किया गया। फाइलों को ग्राम सभा के लोगों को पढ़कर सुनाया गया ग्राम प्रधान पदमा रस्तोगी वह ग्राम रोजगार सेवक हनुमान प्रसाद के द्वारा फाइलों का पूर्ण रूप मिलान कराया गया जो किसी प्रकार की कमी नहीपयी गई नहीं मिली।

# गन्ना विकास समिति के डेलीगेट नामांकन में हुआ हंगामा

### पूर्व गन्ना मंत्री के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने कार्यालय के बाहर की नारेबाजी

जिला संवाददाता(vol)




सीतापुर। दि किसान सहकारी चीनीमिल में गन्ना विकास समिति के डेलीगेट नामांकन के दौरान जमकर हंगामा हुआ। सपा के पूर्व गन्ना मंत्री के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने गन्ना विकास कार्यालय के बाहर नारेबाजी की। स्थितियां बिगड़ती देख नामांकन पत्र वितरित कर रहे कर्मचारी काउंटर छोड़कर भाग गये।

भीड़ देखकर आरओ को कार्यालय में ताला बंद करना पड़ा। सूचना मिलते ही सीओ ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में मोर्चा संभाला। किसानों के अतिरिक्त कार्यालय के पास खड़े लोगो को पुलिस ने लाठियों से खदेड़ा गया। मौके पर मौजूद सत्ता पक्ष के लोगो को भी पुलिस ने परिसर से बाहर कर दिया। जिसके बाद नामांकन प्रक्रिया विधिवत शुरू हो सकी। दि किसान सहकारी चीनीमिल में सामान्य निकाय हेतु डेलीगेट के 200 पदों पर निर्वाचन प्रक्रिया चल रही है। जिसके अंतर्गत शुक्रवार को नामांकन पत्र खरीदने और जमा करने का समय 10 बजे से सायं पांच बजे तक निर्धारित था। गन्ना विकास विभाग के कार्यालय में नौ काउंटरों पर प्रक्रिया शुरू की गई। सुबह से ही उम्मीदवार आने शुरू हो गये थे। इसी बीच कई किसानों ने आरोप लगाया कि उन्हें नामांकन पत्र नहीं दिया जा रहा है। इसकी सूचना किसानों ने सपा में गन्ना मंत्री रहे नरेन्द्र सिंह वर्मा को दी। सूचना पर नरेन्द्र सिंह वर्मा, पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह झीन बाबू दर्जनों सपा कार्यकर्ताओं और किसानों को लेकर मौके पर पहुंच गये। नरेन्द्र सिंह वर्मा ने काउंटर पर मौजूद कर्मचारियों से पर्चा मांगा जो कि उन्हें नहीं दिया गया, जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया। सपाईयों ने नारेबाजी शुरू कर दी। आक्रोशित भीड़ को देखकर कर्मचारी काउंटर छोड़कर भाग खड़े हुए। मौजूद निर्वाचन अधिकारी बीडीओ रामपुर मथुरा विवेकमणि त्रिपाठी ने कार्यालय में चैनल बंद कराकर ताला डाल लिया। बेहद संवेदनशील स्थिति होने के बाद भी गन्ना विकास विभाग से जुड़े अधिकारियों ने बैरीकेडिंग, सुरक्षा आदि की कोई व्यवस्था नहीं की। हालत यह थी कि नियमों को ताक पर रखकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के गैर जरूरी लोगो ने निर्वाचन कार्यालय के पास से ही डेरा जमा लिया। किसानों के लिए डाली गई कुर्सियों पर नेताओं का जमावड़ा लगा रहा। हंगामे की सूचना पाकर सीओ दिनेश शुक्ला मौके पर पहुंचे और भीड़ को खदेड़ा। प्रदर्शन कर रहे लोगो को सीओ और कोतवाली प्रभारी से नोकझोंक भी हुई। इस दौरान कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह, ओमवीर सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

### भाजपाई नरेन्द्र के हंगामे पर भी भड़के

दो बार सपा नेताओं द्वारा काउंटरों के पास किये गये हंगामे के बाद मौके पर मौजूद कई भाजपा नेता भड़क गये। इस दौरान उनकी पुलिस अधिकारियों से बहस भी हुई। जिसके बाद पुलिस ने दोनो पक्षों के नेताओं और गैर जरूरी लोगों को परिसर के बाहर खदेड़ते हुए दो सौ मीटर परिधि को पुलिस कब्जे में लेकर सील कर दिया और पहचान पत्र दिखाने के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी गई। जिसके बाद नामांकन प्रक्रिया सामान्य रूप से शुरू हो सकी।

### भाजपा की सूची से बंट रहे पर्चे

मौके पर पहुंचे सपाइयों ने डेलीगेट के चुनाव में धांधली होने के साथ निर्वाचन अधिकारी को सत्ताधारी दल के कार्यकर्ता के रूप में काम करने की बात कही। सपा के लोगों ने सभी काउंटरों पर मौजूद भाजपा की ओर से उपलब्ध सूची में नाम होने पर ही नामांकन पत्र दिये जाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि ऐसी सूची खुद उन्होंने एक काउंटर पर एक महिला कर्मचारी के पास देखी है जब उससे सूची मांगी गई तो वह काउंटर छोड़कर भाग गयी।

# शराब की दुकान के खिलाफ महिलाओं का प्रदर्शन



सीतापुर। कोतवाली देहात क्षेत्र के नैपालापुर चौराहे पर स्थित देशी शराब की दुकान के खिलाफ स्थानीय महिलाओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। पिछले हफ्ते बुलडोजर कार्रवाई के बाद शराब की दुकान को मोहल्ले में स्थानांतरित कर दिया गया था, जिसके चलते स्थानीय लोग खासकर महिलाएं आक्रोशित हैं। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना है कि इस दुकान के खुलने से उनकी बेटियों और बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि दुकान के आसपास शराब पीकर आने वाले लोग अक्सर गाली-गलौच करते हैं, जिससे मोहल्ले का माहौल खराब हो गया है। महिलाओं ने डीएम और पुलिस से दुकान को तत्काल हटाने की मांग की स्थानीय निवासी और प्रदर्शनकारी महिलाओं ने बताया कि इस दुकान के कारण घरों के बाहर बहू-बेटियों का निकलना कठिन हो गया है। उन्होंने एकजुट होकर यह सुनिश्चित करने का निर्णय लिया कि इस दुकान को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि मोहल्ले का वातावरण सुरक्षित बना रहे। सैकड़ों महिलाओं और बच्चों ने मिलकर दुकान के खिलाफ नारेबाजी की और प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की।

## शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

लहरपुर/सीतापुर। छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तथा निपुण भारत मिशन को सफल बनाने हेतु स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र पर चल रहे शिक्षकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन, समारोह पूर्वक संपन्न। इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा प्रशिक्षण में चार दिनों तक सीखी गईं विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों की प्रस्तुति दी गई और प्रशिक्षकों द्वारा फीडबैक दिया गया। प्रशिक्षण के समापन मौके पर मौजूद शिक्षकों को संबोधित करते हुए ए आर पी सुरेश कुमार ने कहा कि, प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव और जानकारी को अपने विधालय में कक्षा शिक्षण करते समय व्यवहार में लाएं जिससे बच्चों को निपुण भारत मिशन की दक्षताओं को प्राप्त कराया जा सके। प्रशिक्षक अनवर अली ने कहा कि, प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ही बच्चों को सरल तरीके से पढ़ाने एवं शिक्षण नीतियों के अनुसार सहायक सामग्री का प्रभावी प्रयोग है। ए आर पी पुष्पेन्द्र मौर्य ने शिक्षक डायरी के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उसके लेखन की विस्तार से जानकारी दी। संदीप कुमार वर्मा ने कार्य पुस्तिका तथा अभ्यास पत्रक और आकलन के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर शिक्षक सरोज कुमार वर्मा, मोहम्मद रफीक, रूक्मणी देवी, विंदु लक्ष्मी, महफूज खां, और मोहम्मद असद सिद्दीकी, आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। लेखाकार पंकज वर्मा कम्प्यूटर आपरेटर सौरभ शुक्ला, पवन मित्तल एवं ध्रुव कुमार बाजपेई ने तकनीकी सपोर्ट प्रदान किया।

# सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ कार्य कर रहे : अरुण सागर




सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर शाहजहांपुर के सांसद अरुण सागर द्वारा एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया गया इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए पार्टी को आरक्षण संविधान एवं बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का कड़ा विरोधी करार दिया।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी की दलित विरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा के दौरान कहा की वह आरक्षण हटा देंगे उनका यह बयान उनको संविधान और दलित विरोधी कहने के लिए पर्याप्त है। चुनाव के दौरान जहां राहुल गांधी संविधान की रक्षा का झूठा नाटक करते हैं वहीं विदेशों में जाकर भारत की संस्कृति और हमारे संविधान विरोधी बातें कर के भारत माता की पवित्रता को खंडित करने का कार्य करते हैं जो की निंदनीय है कांग्रेस पार्टी ने सदैव ही ऐसा किया है इस कांग्रेस पार्टी ने 57 वर्षों तक देश पर शासन किया लेकिन इस दौरान उसने अपने राजनीतिक उद्देश्यों को साधने के लिए संवैधानिक प्रक्रियाओं का दुरुपयोग किया और सामाजिक उद्देश्यों की उपेक्षा की। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने कभी भी संविधान के मूलभूत आरक्षण सिद्धांत को सही भावना और रूप से लागू करने की राजनीतिक इच्छा शक्ति नहीं दिखाई। सांसद अरुण सागर ने बताया की जवाहरलाल नेहरू इंदिरा गांधी व राजीव गांधी ने अपने प्रधानमंत्रित्व काल मे दलितों के हको की सदैव अनदेखी की और कभी भी उनके कल्याण का मार्ग नहीं अपनाया यहां तक की 1975 में इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए आपातकाल लगाकर संविधान की आत्मा को कुचला था इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया की भारतीय जनता पार्टी बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर व उनके द्वारा निर्मित संविधान की रक्षा के लिए निरंतर कार्यशील है हमारे नेता पार्टी पदाधिकारी एवं समर्थक सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास के मंत्र के साथ कार्य कर रहे हैं और हम सब भारत को परम वैभव दिलाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व के दिशा निर्देश के अनुसार सेवा में लगे हुए हैं। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने आए हुए पत्रकारों का धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का एसडीएम ने किया निरीक्षण



सीतापुर। जनपद में संचालित बिना पंजीकृत अस्पताल, मेडिकल स्टोर आदि के संचालन को रोकने व उचित कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी द्वारा गठित संयुक्त जांच कमेटी द्वारा उपजिलाधिकारी अंजली सिंह व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनूप श्रीवास्तव द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महोली का निरीक्षण किया। चिकित्सक उपस्थित पंजिका, दवा भण्डारण कक्ष आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। तत्पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास ही संचालित हो रहा मुकुंद क्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि डा. आकाश कुमार की जगह किसी अन्य व्यक्ति द्वारा मरीजों को देखा जा रहा था। उसी व्यक्ति द्वारा पर्चे पर दवाईया भी लिखी जा रही थी। उस व्यक्ति द्वारा अपनी पहचान से संबंधित कोई भी दस्तावेज संयुक्त टीम के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। संयुक्त टीम द्वारा उस व्यक्ति की शैक्षिक योग्यता पूछने पर खुद को 10वीं पास बताया गया। संयुक्त टीम द्वारा उक्त क्लीनिक के संचालन को तत्काल बंद करवा दिया गया एवं सोमवार तक क्लीनिक से संबंधित सभी दस्तावेज भी संयुक्त टीम के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये गये। सोमवार तक संयुक्त जांच टीम के समक्ष उचित दस्तावेज प्रस्तुत न करने की स्थिति में विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पीएचसी का किया निरीक्षण



सीतापुर। भारत सरकार की राष्ट्रीय गुणवत्ता एश्योरेंस की टीम ने जिले कू कमलापुर प्रथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। भारत सरकार की स्वास्थ्य टीम इस दौरान संचालित स्वास्थ्य सुविधा, नियमित टीकाकरण, प्रसव की सुविधा, औषधि दवाओ के रखरखाव, साफ सफाई, स्वास्थ्य कर्मियों की दक्षता समेत अन्य सुविधाओं की जांच की। टीम मे शामिल सुधा यादव एंव रणधीर सिंह ने बताया कि नेशनल क्वालिटी इश्योरेंस के तहत प्रथमिक स्वास्थ्य सेवा, स्वास्थ्य कर्मियों की कार्य दक्षतासहित 12 बिन्दुओं की जांच कर इसकी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौपी जायेगी जांच मे काफी हद तक ठीक पाया गया है। निरीक्षण के दौरान सीएमओ हरिपाल सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमंडा प्रभारी डां राजीव वर्मा, डॉ नीरज लता, डां कोहिनूर सिंह, फार्मासिस्ट जे बी सिंह सहित स्टाफ मौजूद रहा।

## स्वच्छता की भागीदारी के तहत लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी: निधि

सीतापुर। स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़ा 14 सितम्बर से 02 अक्तूबर तक आयोजित किया जायेगा। इस दौरान जिला स्तर से लेकर वार्ड स्तर तक विभिन्न स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जायेगी। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान तीन प्रमुख बिंदुओं पर आधारित रहेगा, जिस दौरान अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएगी। पहला स्वच्छता की भागीदारी के तहत लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी तथा उन्हें जागरूक किया जाएगा। दूसरा सम्पूर्ण स्वच्छता के तहत सार्वजनिक स्थानों, कार्यालयों, संस्थानों, मार्किट, शिक्षण संस्थान, सार्वजनिक परिवहन, मुख्य मार्ग, उच्च मार्ग, ट्रैकिंग व कैंपिंग साईज, नदियां, झीलें, तालाब, पर्यटक स्थल आदि स्थानों पर बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। तीसरे स्वच्छता की भागीदारी के तहत सफाई व्यवस्था में लगे तथा डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्रित कर रहे सफाई कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच के लिए सिंगल विंडो कैंप आयोजित किए जायेंगे तथा उनके कल्याण के लिए कार्य किया जायेगा।

# बारिश में मकान की कच्ची दीवार गिरने से बालक की मौत, अधेड़ घायल

सीतापुर। जिले मे गुरुवार की रात से हो रही लगातार वारिश ने एक कच्चे मकान को ढहा दिया। वारिश के चलते गिरी दीवार के मलवे मे दबकर एक किशोर की मौत हो गई वही एक अधेड़ की हालत गम्भीर बनी हुई है घठना की सुचना मिलने पर पुलिस और राजस्व की टीम मौके पर पहुची। पुलिस ने म्रतक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। गांव मे अचानक हुई इस दुखद घटना से शोक की लहर दौड गई और गांव मे चीख पुकार मची हुई है। कमलापुर थाना क्षेत्र के गांव गवहिया निवासी रासिद( 55 ) पुत्र हसनू शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे अपने कच्चे मकान मे पडे छप्पर के नीचे बैठे चाय पी रहे थे इसी दौरान दुध का व्यपार करने वाले गांव के ही सिरताज का 15 वर्षीय पुत्र महताब गांव के घरो मे दुध बाट कर वापस घर जा रहा था तभी अचानक हो रही जोरदार वारिश से बचाने के लिये रासीद के घर मे पडे छप्पर के नीचे खडा हो गया। इस दौरान अचानक कच्ची दीवर भर भराकर गिर गई। दीवार के मलवे मे दोनो दब गये। चीख पुकार और दीवार गिरने की जोरदार आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तत्काल घटनास्थल पर पहुचे और मलवा हटाकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया। हालांकि मलवे के नीचे से दबे दोनो मे से महताब की मौके पर ही मौत हो गई। रासीद को गम्भीर हालत मे इलाज के लिये मनवा स्थित हिन्द अस्पताल भेजा गया। जहा रासीद की हालत चिन्तजनक बताई जा रही है हादसे की सूचना पाकर मौके पर एसडीएम सिधौली ने पीड़ित परिजनों से मिलकर उन्हे आर्थिक मुआवजा दिलाने का आश्र्वासन दिया।

# एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण, लगायी फटकार



पाटन उन्नाव। उपजिलाधिकारी ने अपने पुराने तेवर के साथ कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान गौशाला मे अनियम ताओ को देख कर नाराजगी व्यक्त करते हुए केयर टेकरो को कड़ी फटकार लगाई है। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र स्थित भगवंतनगर कस्बे की कान्हा गौशाला का शुक्रवार को उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ने औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान गौशाला में साफ-सफाई चारा पानी शुद्ध पेयजल और मवेशियों की देखभाल में गंभीर अनियमिताएं पायी गयी, जिससे उपजिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने गौशाला के केयर टेकरों को कड़ी फटकार लगाते हुए व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए,। उपजिलाधिकारी ने गौशाला में मौजूद मवेशियों की स्वास्थ्य स्थिति का भी जायजा लिया, जहां उन्होंने कई पशुओं की देखरेख में कमी और उचित भोजन व चिकित्सा सुविधा का अभाव पाया। मवेशियों की खराब स्थिति को देखते हुए उन्होंने तुरंत सुधार करने के निर्देश जारी किए। साफ सफाई की व्यवस्था भी असंतोषजनक पाई गई, जिस पर उपजिलाधिकारी ने तत्काल सफाई सुधारने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने गौशाला कर्मियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और उन्हें मवेशियों की देखभाल में सतर्क रहने की सख्त हिदायत दी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशाला की स्थिति में जल्द से जल्द सुधार किया जाए और नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताएं न हों। उपजिलाधिकारी ने सुधार के लिए एक सप्ताह का समय देते हुए चेतावनी दी कि अगर समय पर सुधार नहीं हुआ तो सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# टीबी मुक्त हुईं 10 ग्राम पंचायतों के प्रधान होंगे सम्मानित

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। बधाई हो, जिले की 10 ग्राम पंचायतों में टीबी का एक भी मरीज न होने से इन्हें टीबी मुक्त घोषित कर दिया गया है। इन सभी ग्राम पंचायतों के प्रधानों को जिलाधिकारी द्वारा आगामी गांधी जयंती ( दो अक्टूबर ) के मौके पर गांधी जी की कास्य रंग की प्रतिमा एवं प्रमाण-पत्र जारी कर बाकायदा टीबी मुक्त होने की विधिवत घोषणा की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2025 तक देश को टीबी ( क्षय ) रोग से मुक्त करने के संकल्प को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान चलाया गया, जिसके तहत इन ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह ने बताया कि पंचायतों की टीबी मुक्ति की घोषणा से पहले कई मानकों की जांच की गई। इस क्रम में प्रति हजार आबादी पर 30 संम्भावित टीबी मरीजों की जांच, प्रति एक हजार की आबादी पर एक टीबी मरीज का पंजीकरण होने पर, कम से कम 60 फीसद मरीजों की ड्रग सेंस्टिवटी की जांच हो चुकी हो, पिछले वर्ष पंजीकृत कुल टीबी मरीजों में से 85 प्रतिशत मरीज ठीक हो चुके हों, जैसे मानकों की जांच की गई। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मनोज देशमणि ने बताया कि जिले में कुल 1601 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें से 10 को टीबी मुक्त कर लिया गया है। हमारा प्रयास होगा कि हम इसी साल बाकी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त कर दें जो कि प्रधानमंत्री जी का उद्देश्य है। प्रधानमंत्री ने पिछले साल विश्व क्षय रोग दिवस पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान की शुरूआत की थी। उन्होंने यह भी बताया कि इस अभियान के प्रथम चरण में जिले की 13 ग्राम पंचायतें चयनित हुई थीं। इन सभी का एक जिला स्तरीय तीन सदस्यीय वेलीडेशन कमेटी ने भौतिक सत्यापन किया। जिसके बाद 10 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त होने की सहमति कमेटी द्वारा की गई। इस कमेटी में सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी मानवेंद्र यादव, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मनोज देशमणि और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के जिला समन्वयक आशीष दीक्षित शामिल रहे।

### यह ग्राम सभाएं हुईं टीबी मुक्त

टीबी मुक्त होने वाली ग्राम पंचायतों में हरगांव की पीतपुर, कसमंडा की चैरिया, महमूदाबाद की नबीगंज, परसेंडी की उमरिया खानपुर, रामपुर मथुरा की सरैया मसूदपुर, सकरन की पचदेवरा, खैराबाद की सिपाह और परसेहरा कला तथा पहला ब्लॉक की दिल्ली-आगरा और कंडारी शामिल हैं।

### यह हैं टीबी के लक्षण

दो हफ्ते या उससे अधिक समय से लगातार खांसी का आना, खांसी के साथ बलगम और बलगम के साथ खून आना, वजन का घटना एवं भूख कम लगना, लगातार बुखार रहना, रात में पसीना आना, सीने में दर्द होना टीबी के लक्षण हैं। यह लक्षण होने पर मरीज को क्षय रोग केंद्र पर टीबी की जांच करानी चाहिए।

### टीबी से बचने को करें मास्क का प्रयोग

टीबी की बीमारी जीवाणु से होती है। यह अधिकतर फेफड़ों को प्रभावित करती है। हालांकि टीबी शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है। फेफड़ों की टीबी संक्रामक होती है। यह हवा के जरिए एक से दूसरे व्यक्ति में फैलती है। इसलिए यदि टीबी रोगी के संपर्क में कोई व्यक्ति आए तो वह मास्क का प्रयोग करे। एक क्षय रोगी यदि मास्क का प्रयोग करता है तो वह 10 से 12 लोगों को संक्रमण से बचा सकता है।

# शिक्षा में क्रांति लाने के लिए प्रबुद्ध लोधी समाज की बैठक



पुरवा-उन्नाव। पुरवा में लोधी समाज शिक्षा चेतना मंच द्वारा शिक्षा में क्रांति लाने हेतु प्रबुद्ध लोधी समाज की बैठक की गई। आयोजन में लोगों द्वारा लोधी समाज के सामाजिक राजनीतिक एवं आर्थिक विकास जो कि केवल शैक्षिक विकास से ही संभव है उसके लिए समाज में शैक्षिक चेतना लाने हेतु लाने के लिए प्रबुद्ध लोधी समाज की विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस विचार गोष्ठी सर्वप्रथम लोधी समाज के महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित करते हुए लोधी समाज के उत्थान के समस्त बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही अपने सुझाव मौखिक व लिखित रूप में दिए गए। लोधी समाज में शिक्षा का अभाव, दारु, गांजा, शराब जुआ व आदि प्रकार से बचने का आग्रह किया गया। सभी लोधी समाज के पिछड़ेपन पर व उनके उपायों में भी चर्चा की गई। और इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गंगा प्रसाद वर्मा (पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा), विशिष्ट अतिथि विनोद सिंह लोधी, वरिष्ठ अतिथियों में सज्जन लोधी, लल्लन लोधी, सिकंदरपुर कर्ण, बैजनाथ लोधी, पूर्व प्रधान पिंजरा, रामबाबू लोधी पत्रकार, कवि अयोध्या प्रसाद लोधी, सलेथू, शिव प्रसाद लोधी प्रधान भगत खेड़ा, रामबाबू लोधी प्रधान देवमई, भोंदू लोधी कोटेदार भगतखेड़ा, रामकिशोर लोधी भगत खेड़ा, अवधेश लोधी कोटेदार देवमई, आदि रहे।। मुख्य वक्ता के रूप में पंकज लोधी अध्यापक (संस्थापक लोधी समाज शिक्षा चेतना मंच), राजकुमार राजपूत, स्वयंवर राजपूत, डॉ लक्ष्मण प्रसाद, विमलेश लोधी रशूलपुर मनोज राजपूत बिछिया आदि रहे। समाज के प्रमुख लोगों में महिला मोर्चा में ( जिलामंत्री भाजपा) श्रीदेवी लोधी, अनीता लोधी, ओमप्रकाश लोधी, अमरनाथ लोधी अकोहरी चैराहा, पवन लोधी, गुरु चरण दास संकट मोचन श्री बालाजी धाम मर्दन खेड़ा, रामफेर लोधी हिलौली, उपेंद्र सिंह लोधी सेवला राघवेंद्र सिंह लोधी सेवला हिलौली, सुनील, संदीप राजपूत जाफर खेड़ा, राजवीर लोधी तुरकहा, सुजीत वर्मा, अनुज लोधी, देवनारायण लोधी, मुकेश, अयोध्या प्रसाद, राजकुमार लोधी देवमई, प्रहलाद लोधी बीडीसी सहादतगंज, कमलेश, रामावतार लोधी तरानखेड़ा, डॉक्टर सुमन वर्मा, सोनू लोधी बैगांव, अनुज तरानखेड़ा रामकिशोर लोधी सरजू प्रसाद खेड़ा गौरव लोधी, आशीष कुमार, विवेक कुमार, ओमप्रकाश लोधी, गौरव लोधी, सोनू लोधी, अनुज लोधी, रामसेवक लोधी, रामकिशोर लोधी राम विमलेश छीटू लोधी चंद्रसेना, मनोज लोधी, राम बहादुर लोधी पिंजरा आदि रहे।

कार्यक्रम संयोजक- स्वयंवर राजपूत, सहसंयोजक के रूप में राजकुमार राजपूत व डॉक्टर लक्ष्मण प्रसाद लोधी जी का अमूल्य योगदान रहा। मंच संचालन कर रहे लोधी समाज शिक्षा चेतना मंच के संस्थापक- अध्यापक पंकज लोधी, कार्यक्रम संयोजक स्वयंवर राजपूत, कार्यक्रम सहसंयोजक राजकुमार राजपूत व डॉक्टर लक्ष्मण प्रसाद आदि के द्वारा के द्वारा आए हुए सभी लोधी समाज के प्रबुद्ध लोधी वर्ग का स्वागत कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

संक्षेप

## होमगार्ड को सिर व कमर में कुल्हाड़ी मारने का आरोप

**ललितपुर।** जाखलौन थानाक्षेत्र के ग्राम बरौदा बिजलौन निवासी सुदामाबाई ने पुलिस के तहरीर देकर बताया कि उसका पति सुबह 7 बजे ग्राम पिपरई में रहने वाली उसकी बड़ी बहन क घर काम से गया हुआ था। उसी रोड से उसके पति सुखलाल जो कि होमगार्ड हैं बालाबेहट जा रहे थे। सुदामाबाई ने बताया कि जब वह स्कूल से आ रही थी, तभी उसे बच्चों ने बताया कि सुखलाल को किसी ने कुल्हाड़ी मार दी, जिस पर वह तत्काल जाखलौन आयी और जानकारी की तो पता चला कि सुखलाल ने लिटौरिया की दुकान से राजश्री ली व देवेन्द्र पुत्र हरपाल, रविन्द्र पुत्र हरचरन ने उसके पति को कुल्हाड़ी से सिर व कमर में प्रहार कर डण्डों से पीटा है। जब वह घर पहुंची तो उसके पति बेहोश थे, उसने सुखलाल को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां वह बेहोश हैं। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 118 (1) व 110 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## गाय के पेट में कुल्हाड़ी मारने पर एफआईआर

**ललितपुर।** थाना बालाबेहट अंतर्गत ग्राम दांवर में रहने वाले राजदीप पुत्र लल्लू राजा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 21 सितम्बर को अपराह्न करीब 12.30 बजे उसकी पालतू गाय जंगल में चरने गयी थी। तभी गांव की सुमित्रा पत्नी नथुआ अहिरवार ने उसकी गाय के पेट में कुल्हाड़ी मार दी। बताया कि इस घटना को गांव के चरवाहों ने देखा और उसकी जानकारी दी। राजदीप की तहरीर पर पुलिस ने महिला के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 325 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पत्रकार अमर प्रताप को पितृ शोक

**ललितपुर।** प्रेस क्लब (रजि.) के कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह पाली एवं रामप्रताप सिंह के पिता के आकस्मिक निधन पर दैनिक वॉयस ऑफ लखनऊ के जिला कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पत्रकार अमर प्रताप सिंह पाली एवं रामप्रताप सिंह के पिता के निधन पर गहरी शोक संवेदनायें व्यक्त की गयी। पत्रकारों ने दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कीं। इस अवसर पर वॉयस आफ लखनऊ के जिला संवाददाता देवेन्द्र पाठक सहित कार्यालय कर्मी एवं पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

## घायल गोवंश की सेवा अतुलनीय

**ललितपुर।** स्थानीय वर्णी चैराहा स्थित गौशाला पर अखिल भारतीय पटवा महासभा इकाई ललितपुर के अध्यक्ष वासुदेव ने अपने पिताजी की पुण्यतिथि पर गौवंश को भोजन का आयोजन किया।

जिसकी अध्यक्षता जगदीश पटवा ने की। बताया जाता है कि असहाय गोवंश की सेवा के लिए यह संगठन सदैव तत्पर रहता है, जिनकी प्रेरणा से हमने है आज पुण्य कार्य किया है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पूर्वजों के लिए यही परम सुख और अपने लिए सौभाग्य है कि वह पूर्वजों की याद में श्रद्धा भाव से मूक पशुओं के लिए भोजन कराया गया। कार्यक्रम का संचालन पवन दीक्षित ने करते हुए कहा कि वह यह सेवा एक ईश्वरी सेवा से कम नहीं है।

# सचिव नमामि गंगे ने की जलजीवन मिशन का निरीक्षण और समीक्षा की

जिला संवाददाता(vol)



**बांदा।** प्रदेश के नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति सचिव डॉ राजशेखर ने जिले की जलजीवन मिशन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण एवं कार्यों की समीक्षा की। बैठक में डॉ राजशेखर ने जलजीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति के लिए कार्यरत कंपनियों एल एंड टी एवं एनसीसी के परियोजना प्रबंधकों को कड़े निर्देश दिए कि जलजीवन मिशन के अंतर्गत गांव में खोदी गयी सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य अवश्य करा दिया जाए अन्यथा कंपनियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होने जल निगम के एई एवं जेई को नियमित रूप से गांव में निरीक्षण करने तथा किए जा रहे कार्यों की निरीक्षण रिपोर्ट की सूचना अधिशाषी अभियंता जल निगम को लिखित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन गांवों में जलापूर्ति शुरू कर दी गयी है वहां नियमित रूप से आपूर्ति की जाए तथा अन्य गांव में मैनपॉवर बढ़ाकर तेजी से कार्य पूरा किया जाए। उन्होने की जा रही जलापूर्ति की क्रॉस चेकिंग के भी निर्देश दिए। उन्होने कहा कि अक्टूबर के पहले सप्ताह में दोबारा गांव में जलापूर्ति के कार्यों का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होने कहा कि अवशेष कार्यों को निरीक्षण के पहले पूर्ण कराएं अन्यथा कार्यदायी कंपनियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक से पूर्व उन्होने जल जीवन मिशन के कार्यों का महोखर एवं पल्हरी गांव में गहनता से निरीक्षण किया। उन्होने ग्रामीणों से जलापूर्ति किए जाने तथा लीकेज एवं आपूर्ति कब से हो रही है आदि के बारे में जानकारी लेकर जल निगम व कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि पूरे गांव में नियमित रूप से जलापूर्ति कराई जाए। उन्होने खोदी गई सड़कों की मरम्मत कार्य को भी देखा तथा वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का पुनः मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम नगेन्द्र प्रताप ने बताया कि जिला स्तरीय अधिकारियों से किए जा रहे कार्यों तथा जलापूर्ति व सड़क मरम्मत की चेकिंग कराई गयी है। यहां मिली कमियों को पूरा कराने के निर्देश संस्थाओं को दिए गये हैं। इस दौरान एडीएम न्यायिक, सीडीओ, अधिशाषी अभियंता जल निगम, कंपनियों के प्रोजेक्ट मैनेजर व अन्य अभियंता मौजूद रहे।

## विस्फोटक ले जा रहा युवक पकड़ा गया

**ललितपुर।** नवदुर्गा महोत्सव व दशहरा पर्व पर विस्फोटक सामग्री बिक्री कर धन अर्जित करने के लिए चोरी छिपे झांसी से क्रय कर बोरियों में लाद कर टैक्सी से गैर कानूनी तरीके से ले जा रहे लोगों को पुलिस ने धर दबोचा है। बताया जा रहा है कि उप निरीक्षक प्रशान्त राणा अपने हमराह देवेन्द्र कुमार वर्णी कॉलेज पर गश्त कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति ऑटो में सफेद बोरियों में टैक्सी के जरिए अवैध विस्फोटक पदार्थ का परिवहन कर रहा है। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद आईटीआई रेलवे ब्रिज के पास चैकिंग शुरू कर दी। तभी सदनशाह की ओर से आ रही टैक्सी संख्या यू.पी.94 टी 7447 ने पुलिस को देखकर मुड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने दौड़कर उसे पकड़ लिया। जांच के दौरान टैक्सी की पीछे वाली सीट पर रखे चार कट्टे बरामद हुये।

जांच के दौरान टैक्सी में सवार जाखलौन क्षेत्र के रहने वाले अमन जैन पुत्र प्रमोद जैन ने बताया कि वह नवरात्रि और दशहरा पर्व पर विस्फोटक सामग्री बिक्री कर धन अर्जित करने के लिए झांसी से चोरी छिपे विस्फोटक क्रय करके ले जा रहा था। पुलिस ने चैकिंग के दौरान पाया कि सभी बोरियों में विस्फोटक सामग्री पटाखे इत्यादि है। पुलिस ने अमन जैन के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 288 व विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 5/9 क (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# एक और भ्रष्टाचारी लेखपाल निलंबित

- किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जायेगा, भेजा जायेगा जेल: डीएम
- रिश्वतखोरी में तालबेहट के बाद महरौनी का लेखपाल निलम्बित

**ललितपुर।** भ्रष्टाचार किसी भी स्वस्थ प्रशासनिक व्यवस्था को दीमक की तरह चट कर उसे खोखला बना देता है और इसका दंश किसान, गरीब व आम आदमी को झेलना पड़ता है और व परेशान होता है। जनपद ललितपुर में भ्रष्टाचार एवं भ्रष्टाचारियों की कमी भी नहीं है। ऐसे अनेकों वीडियो वायरल हो चुके हैं, जहां जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी सरकारी कार्य के बदले रिश्वत लेते एवं गिनते हुये मिले हैं। जनपद में लगातार लेखपालों के रिश्वत लेते हुये वीडियो वायरल हो चुके हैं, अभी एक लेखपाल का वीडियो वायरल हुये और उसे निलम्बित हुये दो दिन भी नहीं बीते कि फिर एक लेखपाल रिश्वत लेते हुये वायरल हो गया। जिस पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने, भ्रष्टाचार पर निरंतर बड़ी कार्यवाही करते हुए तहसील तालबेहट के भ्रष्टाचार में लिप्त लेखपाल के निलंबन के बाद आज शुक्रवार को किसानो से रिश्वत लेने वाले एक और लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सुरेश कुमार निरंजन लेखपाल, क्षेत्र वीर तहसील महरौनी द्वारा किसानों से रुपए लेने का आरोपी मानते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी महरौनी द्वारा उक्त लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

उक्त प्रकरण संज्ञान में आते ही जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी महरौनी से तत्काल प्रकरण में जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे, जिस पर उप जिलाधिकारी महरौनी ने प्रथम दृष्टया वायरल वीडियो के आधार पर लेखपाल सुरेश कुमार निरंजन के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनपद में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, ऐसे अधिकारीध्कर्मचारी किसी भी दशा में बख्शे नहीं जायेंगे, भविष्य में इस प्रकार के कृत्य में कोई भी संलिप्त पाया जाता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा है कि सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरी पारदर्शिता व सुचिता के साथ पात्रों को लाभ दिये जाने के लिए जिला प्रशासन संकल्पित है। इसके लिए किसी को परेशान नहीं होना पड़ेगा, पात्र व जरुरतमंदों को पूरी सुचिता व सरलता के साथ लाभ दिया जाएगा।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन

**बरेली।** जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान यूनियन ने धरना-प्रदर्शन किया और कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा।भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष चौधरी सोमवीर सिंह के नेतृत्व में जिले भर के किसान दामोदर स्वरूप पार्क में एकत्र हुए। यहां पर आए किसानों को सम्बोधित करते हुए चौधरी सोमवीर सिंह ने कहा कि जिले में छुट्टा जानवर के कारण किसानों की फसल को भारी नुकसान हो रहा है और भारी बरसात होने के कारण किसानों की फसल नष्ट हो गई है और किसानों को सरकार द्वारा कोई आर्थिक सहायता दी गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को समय से बीज, खाद और कीटनाशक दवा नहीं मिल रही है।

धरने के बाद किसानों का जुलूस कमिश्नर कार्यालय पहुंचा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन कमिश्नर को सौंपा। इस अवसर पर चौधरी शिशुपाल सिंह, राजपाल शर्मा, राकेश गंगवार, आदित्य प्रताप सिंह, चन्द्र प्रकाश समेत तमाम किसान नेता मौजूद रहे।

## न्यायिक अधिकारियों ने लिया बालगृह और बाल संप्रेक्षण गृह का जायजा



जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर आलोक कुमार पाराशर के निर्देशक्रम में अपर जिला जज (एस0सी0एस0टी0) यादवेन्द्र सिंह, यशवन्त कुमार सरोज अपर जिला ,जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय बालगृह (बालक) दैलवारा, ललितपुर एवं राजकीय सम्प्रेक्षण गृह नेहरूनगर का विजिट किया गया यादवेन्द्र सिंह, अपर जिला जज (एस0सी0/एस0टी0) ललितपुर एवं यशवन्त कुमार सरोज, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बालगृह एवं सम्प्रेक्षण गृह में बालक कक्ष, पाठशाला कक्ष, भोजन-शाला का निरीक्षण किया। दोनों संस्थानों में बालक एवं अपचारी किशोर आगामी 02 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर देश भक्ति पर डांस आदि सीखते मिले। साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी, प्रातः कालीन भोजन प्रदर्शित सूची के अनुसार बना हुआ पाया गया।

विजिट के दौरान रामप्रताप, प्रभारी अधीक्षक बाल गृह, दीनानाथ, प्रभारी अधीक्षक सम्प्रेक्षण गृह एवं समस्त स्टाफ आदि एवं न्यायालय की ओर से शिवप्रताप पेशकार एस0सी0/एस0टी0, रोहित राठौर, विकास, अमित उपस्थित रहे।

# जल शक्ति मंत्रालय की टीम ने देखी हर घर नल जल योजना की स्थिति



**ललितपुर।** प्रत्येक परिवार तक शुद्ध पेयजल एवं व्यक्तिगत शौचालय की उपलब्धता की संकल्पना आज सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन जल जीवन मिशन व स्वच्छ भारत मिशन के द्वारा जिला प्रशासन के बेहतर क्रियान्वयन से साकार होती नजर आ रही है। गांव-गांव में ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के माध्यम से हर घर जल योजना के तहत शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है, जिससे अनेकों संक्रमणकारी बीमारियों से निजात मिली है, वहीं घर-घर में व्यक्तिगत शौचालयों से बहन-बेटियों को सम्मान भी मिला है। जिले में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के क्रियान्वयन एवं धरातल स्तर पर इनके आच्छादन की स्थिति के भौतिक सत्यापन हेतु इंजी.कुलदीप बडियाल और डा.दिनेश चंद, नेशनल वॉश एक्सपर्ट, पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा विकासखण्ड बार के 16 गांवों (बानोनी, खिरियामिश्र, छिल्ला, भेलोनी लोध, बुरौगांव, बम्हौरी खड़ेत, ठाठखेरा, वस्त्रावन, चंदावली, भावनी, बछरावनी, फडारी, बसतगुवां, बार, भैलोनीसूवा, बरौदाडांग) में क्षेत्रीय भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने प्रत्येक ग्राम में ग्राम समूह पेयजल योजना से घर-घर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति को देखा एवं ग्रामीणों से वार्ता कर उनका फीडबैक लिया।

उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत लाभार्थियों के शौचालय का निरीक्षण किया और शौचलय के उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शुद्ध पेयजल और शौचालय की उपलब्धता से अनेकों गंभीर संक्रामक बीमारियों से निजात मिलती है। उन्होंने ग्राम में भ्रमण कर नालियों की सफाई, झाडि ?ों की कटाई व जल भराव आदि बिंदुओं पर भी निरीक्षण किया। केन्द्रीय टीम के द्वारा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से मुलाकात कर जनपद से सम्बंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए उनके नेतृत्व में सम्बंधित विभागों द्वारा जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कराये गए कार्यों की सराहना भी की गई। टीम के सदस्यों द्वारा बताया गया कि सरकार पेयजल व स्वच्छता जैसे मुद्दों पर बेहद गंभीर है। सरकार की मंशा है कि कोई भी गरीब परिवार किसी सुविधा के अभाव में अपना जीवन यापन न करे। इसके लिए इन परियोजनाओं की निगरानी विभिन्न स्तरों पर की जा रही है। इस दौरान एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, डीपीआरओ नवीन मिश्रा, अधिशासी अभियंता जल निगम अवनीश सिंह उपस्थित रहे।

## मरका में जन चौपाल, लोगों को दी गयी जानकारी



**बांदा।** जिलाधिकारी के निर्देश पर बबेरू तहसील के मरका गांव में राहत, जन चैपाल का आयोजन हुआ। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, राजेश कुमार अपर जिलाधिकारी, जिला पंचायत सदस्य भरत सिंह, कमलेश साहू, नीरज प्रजापति, तहसीलदार लखन सिंह राजपूत, खंड विकास अधिकारी व थाना प्रभारी की उपस्थिति में आपदा से संबंधित जन समस्याओं को सुनने के पश्चात अपर जिलाधिकारी ने दैवीय आपदा में अपने आपको कैसे सुरक्षित रखें, सावधानियां व सुझाव दिए। दैवीय आपदाओं के मुआवजों की जानकारी दी। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने शासन से मिलने वाली दैवीय आपदाओं के योजनाओं को घर-घर लाने के लोगों को सुझाव दिए। जिला आपदा विशेषज्ञ प्रभाकर पटेल ने दैवीय आपदाओं से मिलने वाली आर्थिक मदद के बारे में जानकारी दी। चैपाल में बाल विकास विभाग से संचालित होने वाली योजनाओं की समीक्षा की। खंड विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित लोगों को जोड़ने के लिए सुझाव दिया।

## 9 किलो गांजा सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**बांदा।** एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध तथा जिले को नशामुक्त करने के लिए ऑपरेशन ईगल चलाया जा रहा है। इसमें अब तक अनेक बड़ी कार्रवाइयां की गयी हैं। इसी के चलते थाना कालिंजर पुलिस ने अवैध गांजा की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बीती रात थाना कालिंजर पुलिस ने रात्रि गस्त के दौरान की गयी चेकिंग में छटैनी से अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले आरोपियों बृजमोहन उर्फ पंकज पटेल पुत्र छोटेलाल 24, अमित पटेल पुत्र राजू पटेल 19 निवासी सरवई थाना सरवई जनपद छतरपुर मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया। इनके पास से 9 किलोग्राम से अधिक गांजा व परिवहन में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी रामदिनेश तिवारी, उप निरीक्षक सुभाषचंद्र, मणि शंकर मिश्रा, हेड कां0 गोकुलेश मिश्रा, सुभम मिश्रा, सत्यम गुर्जर, सौरभ शुक्ला रहे।

## मछुवा समुदाय को योजनाओं का लाभ देने के निर्देश

जिला संवाददाता(vol)



**बांदा।** प्रदेश के मत्स्य मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद की अध्यक्षता एवं जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद की उपस्थिति में मत्स्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। मंत्री ने मत्स्य पालकों का पंजीकरण कराए जाने तथा बीमा कराने के निर्देश दिए। उन्होने सहकारी समितियों को और अधिक सक्रिय किए जाने तथा समितियों में रजिस्ट्रेशन के लिए मिलने वाले आवेदनों का रजिस्टर बनाने के निर्देश दिए। उन्होने मुख्यमंत्री मत्स्य पालक योजना तथा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत पात्र एवं गरीब मछुवा समुदाय के लोगों को योजना से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। मंत्री ने मत्स्य पालकों के लिए रोजगार बढ़ाने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने लीड बैंक मैनेजर को मत्स्य पालकों के लिए कैंप लगाकर एक सप्ताह में केसीसी बनाने तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। उन्होने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि मत्स्य विभाग से संबंधित संचालित अनेक कल्याणकारी योजनाओं में पात्रों को प्राथमिकता के साथ लाभ दिया जाए। इस कार्य में किसी तरह की शिथिलता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होने मत्स्य पालकों को मछली पालने के लिए तालाबों के पट्टों का आवंटन ग्राम व क्षेत्र में बृहद स्तर पर प्रचार कर आवंटित करने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि मत्स्य पालन के लिए पोखरों में कब्जा व अतिक्रमण न होने पाए साथ ही उन्हें नाव दिए जाने की योजना के तहत नाव देने के निर्देश दिए। उन्होने गंभीर बीमारी में आयुष्मान योजना के तहत लाभान्वित करने के लिए सीएमओ को निर्देश दिए। उन्होने कहा कि उप निदेशक मत्स्य जिलाधिकारी से समन्वय कर केन्द्र व प्रदेश सरकार की संचालित अनेक योजनाओं की बैठक कराकर अधिक से अधिक पात्र मत्स्य पालकों को योजनाओं से लाभान्वित कराएं। उन्होने बताया कि प्रदेश सरकार मत्स्य पालकों के बच्चों को शिक्षा के लिए सहायता दे रही है। बैठक में डीएम नगेन्द्र प्रताप, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी मत्स्य अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विश्व पर्यटन दिवस पर हुई पोस्टर और निबंध लेखन प्रतियोगिता



**ललितपुर।** जिला पर्यटन अधिकारी हेमलता द्वारा शुक्रवार को विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य पर शहर के सुधा सागर इंटर कॉलेज, नगर पालिका इण्टर कॉलेज एवं सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के बीच ललितपुर की आध्यात्मिक, एतिहासिक व प्राकृतिक धरोहरों तथा जनपद के पर्यटन स्थलों पर पोस्टर, यात्रा वृतान्त व निबंध प्रतियोगिता आयोजित करायी गई।इस अवसर पर पर्यटन अधिकारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश विद्यार्थियों व जनमानस में ललितपुर की पुरातत्व धरोहरों को जानने व पर्यटन को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पर्यटन दिवस मनाने के लिए ह्यह्यपर्यटन और शान्तिह्लह्ल थीम रखी गई है, इसका उद्देश्य पर्यटन और शान्ति के सामन्जस्य को बढ़ावा देना है, जिससे स्थानीय लोगों को आर्थिक समृद्धि के द्वार खुलेंगे और पर्यटकों का सामाजिक व ज्ञान का उत्थान होगा। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन के प्रत्येक क्षेत्र में अनेको विकास कार्य कराये जा रहे हैं और पर्यटकों को आकर्षित किया जा रहा है, इसके लिए विभाग व सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं, बुन्देलखण्ड को पर्यटन की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर झांसी में एक वृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त प्रतियोगिता आयोजन में पर्यटन मित्र फिरोज इकबाद, विद्यालयों के शिक्षकध्शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

- विद्यार्थियों ने पर्यटन स्थलों, एतिहासिक और प्राकृतिक धरोहरों पर बनाये पोस्टर, लिखे निबंध

## एक माह के भीतर क्षेत्र में दर्जनों चोरियां, खुलासा एक का भी नहीं

**शाही, बरेली।** थाना शाही पुलिस चोरियां रोकने में नाकाम नजर आ रही है। क्षेत्र में ताबड़तोड़ चोरियां करके चोर पुलिस के लिए चुनौती बन गए हैं। एक के बाद एक चोरियां करके चोरों ने क्षेत्र में दहशत फैला दी है, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े होने शुरू हो गए हैं। क्षेत्र के लोग अपने आप असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। एक माह के भीतर दर्जनों चोरियां हो चुकी है, लेकिन पुलिस एक का भी खुलासा नहीं कर पाई है। हाल ही में फिरोजपुर गांव में मकान का पीछे से नकब लगाकर लाखों की चोरी हुए चार दिन भी नहीं बीते हैं तब तक चोरों ने बीती रात पथरा गांव में एक घर में धावा बोलकर हजारों रुपए की कीमत का सामान चोरी करके नौ दो ग्यारह हो गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। जानकारी के मुताबिक पंथरा गांव के विजय पाल ने बताया गुरुवार की रात में परिजन घर के बाहर सो रहे थे।

इसी दौरान देर रात्रि अज्ञात चोर घर में घुस आए। कमरे के अंदर रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे एक जोड़ी सोने की झुमकी, दो सोने के पेंडल, एक जोड़ी चांदी की पायल, दो स्मार्टफोन चुरा कर ले गए।

## अध्यक्ष प्रतिनिधि की ईमानदारी से ठेकेदारों में हड़कंप



**बांदा।** नगर पालिका के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को लेकर हो रही सख्ती से ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है। अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू के हो रहे निर्माण कार्यों में कड़े रूख के चलते ठेकेदार परेशान हैं। सख्ती के चलते मानक व गाइडलाइन के अनुसार कार्य न करने वाले ठेकेदार इससे बेहद खफा हैं। यही वजह है कि वह लगातार शासन स्तर तक अध्यक्ष प्रतिनिधि के विरूद्ध अनर्गल आरोप लगा रहे हैं तथा दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इस सब के बावजूद अंकित बासू शहर में बेहतर कार्य कराने के लिए अडिग हैं तथा आरोप लगाने वालों के लिए समस्या साबित हो रहे हैं। बताते चलें कि पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि होने के नाते पालिका के कार्य संचालन में उन्हे कानूनी एवं वैधानिक अधिकार प्राप्त हैं जिसे चैलेंज नही किया जा सकता। बताया जाता है कि नगर पालिका के कुछ लिपिक अंकित बासू के विरूद्ध ठेकेदारों के जरिए निहित स्वार्थों को लेकर पर्दे के पीछे से मोर्चा खोले हुए हैं। इनमें निर्माण, हाउस टैक्स व बिजली पटल के लिपिक शामिल हैं। बताया जाता है कि पूर्व चेयरमैन के गुट में शामिल थे परंतु अब अंकित बासू की स्वच्छ कार्यशैली के चलते उनकी निहित स्वार्थ सिद्धि नही हो पा रही है। यही वजह है कि अध्यक्ष प्रतिनिधि के विरूद्ध कुछ लोग मोर्चा बंदी करने में लगे हुए हैं।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अटेवा का आक्रोश मार्च रहा ऐतिहासिकः हाजी दानिश

जिला संवाददाता(vol)



**बिजनौर।** नेशनल मूवमेंट ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय एंव अटेवा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालयों पर पुरानी पेंशन बहाली के लिए आक्रोश मार्च निकाला गया विजय कुमार बंधु के निर्देश पर प्रत्येक जनपद मुख्यालय पर निकले आक्रोश मार्च पूरे प्रदेश में सफल रहा वही जनपद बिजनौर में आक्रोश मार्च ऐतिहासिक रहा। पूर्व शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर ने बताया की पुरानी पेंशन हर शिक्षक कर्मचारी का संवैधानिक अधिकार है इसे हर हाल में लेकर रहेंगे इसे लेकर जिले के कर्मचारी शिक्षक जिला मुख्यालय स्थित इंदिरा बल भवन पर एकत्र हुए और जुलूस की शक्ल में जजी चैक शास्त्री चैक होते हुए मुख्य डाकघर पर पहुंचे वहां पर कर्मचारी शिक्षकों ने पुरानी पेंशन की हुंकार भरते हुए पुरानी पेंशन बहाली के लिए जोरदार नारेबाजी की कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी सराहनीय रही हजारो की तादाद में महिलाएं शिक्षक फार्मासिस्ट सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ तथा उत्तर प्रदेश चालक संघ उत्तर प्रदेश फार्मासिस्ट संघ तथा प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारीओ ने हजारो की तादाद में भाग लिया रैली जिला मुख्यालय पर स्थित कलेक्ट्रेट पर जाकर समाप्त हुई वहां पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम पुरानी पेंशन बहाली के लिए उप जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया गया।

## दहेज न देने पत्नी, सास और साले की धुनाई, गंभीर

**बरेली।** दहेज में 15 लाख की कार और पांच लाख की नकदी न मिलने पर दुल्हन की पिटाई कर दी। जिसके चलते पति और पत्नी में काफी समय से विवाद था। पत्नी पति की बार-बार पिटाई से परेशान होकर मायके चली गई। मगर, रिश्तेदार और मोहल्ले के लोगों की पंचायत के बाद दो दिन पहले ही नव विवाहिता मायके से ससुराल आई थी। उस वक्त पति के साथ ही ससुराल के लोगों ने दोबारा मारपीट न करने की बात कही थी। मगर, नव विवाहिता कुछ घंटे ही खुश रह पाई। आरोपी पति ने अगले ही दिन 15 लाख की कार और नगदी की मांग की। जिसके चलते पत्नी ने भाई के कर्ज लेकर शादी का हवाला दिया। मगर, वह नहीं माना। उसने नव विवाहिता की पिटाई कर दी। पीड़ित नवविवाहिता ने अपने भाई चांद मुहम्मद उर्फ जमाली और मां हमसीरन को बुला लिया।

## राजनैतिक दलों के साथ डीएम ने किया ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



**बिजनौर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा शुक्रवार को कलैक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम/वीवीपेट संरक्षित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक वान्या सिंह, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से धीर सिंह, कांग्रेस मुनीश त्यागी, बसपा मौ0 सिद्दीक तथा सपा से अखलाक अहमद उर्फ पप्पू सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा भूतल स्ट्रॉग रूम सहित उसके बाद प्रथम एवं द्वितीय तल ईवीएम/वीवीपेट स्ट्रांग रूम में सील्ड तालों को खोलकर निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सभी तरह की चाक चोबंध व्यवस्थाएं, सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाएं का जायजा लिया जो पूर्ण रूप से सुचारू पाई गई। ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया।

## रामलीला ग्राउंड में लगे ताले खुलवाने की मांग

**बरेली।** श्री रामलीला समिति बनखंडी नाथ और नाथ नगरी सुरक्षा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को महापौर डॉक्टर उमेश गौतम को ज्ञापन देकर रामलीला की पुरानी जगह का ताला खुलवाने की मांग की।

जोगी नवादा स्थित बाबा बनखंडी नाथ मंदिर पर लंबे समय से रामलीला का मंचन और दशहरा मेला का आयोजन हो रहा है। नगर निगम के द्वारा इस बार प्रतिबंध लगाया गया। इसके विरोध में दो दिनों से क्षेत्रवासी धरना प्रदर्शन कर रहे थे। आश्वासन मिलने के बाद ही धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया।

# रोजगार के अवसर

राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति में कई बार सही तथ्य जनता तक नहीं पहुंचते। कारण कि आम आदमी आंकड़ों, रिपोर्टों को पढ़ने-देखने के बजाय मीडिया और सियासी बयानबाजियों से जानकारियां जुटाता है और अपनी सुविधा के अनुसार तथ्यों पर भरोसा करता है। शायद यही कारण है कि कोरोना महामारी के बाद महंगाई और बेरोजगारी पर सियासी वितंडा बहुत हुआ लेकिन आर्थिक स्थायित्व, सतत् विकास, श्रम बाजार में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और उनको उपलब्ध हो रहे मौकों पर चर्चा नहीं होती। हमारे पड़ोसी देशों के विपरीत देश में लगातार आर्थिक और राजनीतिक स्थायित्व है और देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसका असर है कि अब बेरोजगारी दर भी घटने लगी है। अगर हम नियतकालिक श्रम सर्वेक्षण रिपोर्ट पर गौर करें तो स्पष्ट है कि देश में बेरोजगारी घट रही है और मौजूदा दर 3.2 फीसदी पर ठहर गई है। यह डाटा सरकारी है, लिहाजा उसे ही विश्वसनीय आधार मान कर आकलन किए जाते हैं। भारत में बेरोजगारी दर दुनिया के कई विकसित देशों की तुलना में भी कम है, लेकिन आज भी गोवा, पंजाब, राजस्थान, केरल आदि राज्यों में बेरोजगारी राष्ट्रीय औसत से अधिक है। यदि समुदायों का डाटा देखा जाये, तो अल्पसंख्यक सिखों में सबसे अधिक बेरोजगारी है। हिंदू और सवर्ण भी काफी बेरोजगार हैं। हालांकि बीते छह साल में बेरोजगारी दर आधी रह गई है। सुखद यह है कि 25 राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में काम करने वालों अथवा काम तलाश करने वालों की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। यह दर सिक्किम में सर्वाधिक 60.5 फीसदी है। छत्तीसगढ़ में यह दर 51.3 फीसदी है, जबकि गुजरात और महाराष्ट्र में क्रमशः 45.2 फीसदी और 44.5 फीसदी है। राजस्थान और पंजाब में कामकाजी आबादी की दर




40 फीसदी से अधिक है, लेकिन बिहार, उप्र, झारखंड जैसे राज्यों में यह दर सबसे कम है। जब आवधिक श्रम बल सर्वे की रपट का अध्ययन करते हैं, तो महिलाओं की श्रम-बाजार में हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। इसी के साथ स्व-रोजगार का रुझान भी बढ़ा है। भारत में स्व-रोजगार की परिभाषा और क्षेत्र ही सवालिया हैं। रेहड़ी-पटरीवालों से लेकर परचून के दुकानदार, कृषि और लघु, सूक्ष्म उद्यमी सभी स्व-रोजगार की परिधि में आते हैं, लिहाजा उनकी आय अलग-अलग है। स्व-रोजगार के तहत जो स्थितियां लघु और सूक्ष्म उद्योगों की चीन में है, उसकी तुलना में भारत काफी पीछे है। रपट खुलासा करती है कि यदि एक नौकरीपेशा व्यक्ति को 21,000 रुपये से अधिक माहवार वेतन मिलता है, तो स्व-रोजगार वाले की औसतन आय 17,000 रुपये से कुछ अधिक है। जाहिर है कि कोई व्यक्ति नियमित और निश्चित आय वाली नौकरी छोड़ कर कम आय वाले और बेहद असुरक्षित स्व-रोजगार में जाना पसंद नहीं करेगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार स्व-रोजगार को प्रोत्साहन देती रही है, लेकिन उसकी परिस्थितियां बदलनी चाहिए, ताकि स्व-रोजगार से भी बेहतर आमदनी प्राप्त की जा सके। देश में स्व-रोजगार वाले 58.4 फीसदी लोग हैं, नौकरी वाले 21.7 फीसदी और दिहाड़ीदार 19.8 फीसदी लोग हैं। स्व-रोजगार वाले 39 फीसदी लोग अकेले ही काम करते हैं, जबकि 19.4 फीसदी अपने परिवार के कारोबार में हाथ बंटाते हैं। उन्हें अलग से कोई वेतन नहीं दिया जाता। कृषि क्षेत्र में सबसे ज्यादा 82 फीसदी स्व-रोजगार वाले हैं। रिपोर्ट में एक दिलचस्प डाटा सामने आया है कि हरियाणा में बेरोजगारी सबसे अधिक घटी है। वैसे हरियाणा में चुनाव है और इन आंकड़ों के सियासी निहितार्थ भी निकाले जा सकतें हैं। देश में बेरोजगारी की दर घट रही है लेकिन रिपोर्ट से एक बात स्पष्ट होती है कि देश में उद्यमिता के लिए बेहतर माहौल बनाने की जरूरत है ताकि स्वरोजगारी में भी आमदनी कम से कम नौकरीपेशा लोगों से कम न रहे। इससे लोग नौकरी के बजाय स्वरोजगार अपनाने को प्रेरित हो सकते हैं।

---

विचार

जब तक 'मत-छुओवाद' तुम्हारा धर्म और रसोई का बरतन तुम्हारा देवता है तब तक तुम्हारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती।

-स्वामी विवेकानंद.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए, अन्यथा एक-एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

-बर्क.

महान बनने की पहली सीढ़ी नम्रता है। नम्रता वह अमोघ अस्त्र है जो हमें सफलता की राह दिखाती है और मानव को देवता बना देती है।

-रस्किन.

चेहरे पर बहुत झुर्रियां पड़ गईं, सिर के बाल सफेद हो गये और सारे अंग ढीले हो गये, परन्तु एक तृष्णा है जो तरुण होती जाती है।

-भर्तृहरि.

स्वाभिमानी होना अच्छी बात है, परन्तु स्वाभिमान से बेहतर है विनम्रता को धारण किया जाये।

-शेक्सपियर.

# दिल्ली के सियासी ड्रामे में पिसते नागरिक



विजय कपूर

> दिल्ली में सड़कों की हालत खराब है, पेयजल की स्थिति भी गंभीर है और अब तो वायु प्रदूषण भी बढ़ने लगा है जो अक्टूबर-नवम्बर में घातक हो जायेगा। यह समय सरकार, एमसीडी और पार्टियों के लिए भी दिल्ली वासियों को स्वच्छ हवा, पानी और अच्छी सड़कें देने का है, तब पार्टियां निम्न स्तरीय सियासी ड्रामा कर रही हैं। कुल मिलाकर दिल्ली की सियासत में आमजन पिस रहा है।

दिल्ली यानी देश की राजधानी। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का नियंत्रण केंद्र। लेकिन यह क्या विडंबना है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की राजधानी दिल्ली में आजकल हर दिन बल्कि कहना चाहिए हर पल लोकतंत्र को कलंकित किया जा रहा है। इस समय जबकि मैं ये पंक्तियां लिख रहा हूं, दिल्ली नगर निगम में स्टैंडिंग कमेटी के 18वें सदस्य के चुनाव को लेकर इस कदर हंगामा बरपा हुआ है कि कोई नहीं जानता अगले कुछ घंटों में क्या हो जायेगा? स्टैंडिंग कमेटी के बाकी बचे एक सदस्य के चुनाव के लिए ऐसा भीषण चक्रव्यूह रचा गया है, ऐसी भीषण उठापटक चल रही है कि सब कुछ देख और जानकर कोई भी लोकतांत्रिक व्यक्ति शर्मसार हो जायेगा। यह सब यूं तो पिछले डेढ़ साल से चल रहा है, लेकिन ठीक इस स्थिति की शुरूआत कल यानी 26 सितंबर 2024 को पार्षदों के एमसीडी सदन पहुंचने के बाद हुई। दरअसल पार्षदों की तलाशी ली जाने लगी, जिस पर आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने इसे अपमानजनक माना। लेकिन यह तलाशी का बहाना तो तात्कालिक तथ्य भर है। सही बात यह है कि यह गतिरोध पिछले कई महीनों से किसी न किसी रूप में लगातार जारी था। लेकिन 26 सितंबर को जब दिल्ली नगर निगम की स्टैंडिंग कमेटी में 18वें सदस्य के चुनाव हेतु पार्षद एमसीडी सदन पहुंचना शुरू हुए और उनकी तलाशी यह कहकर ली जाने लगी कि कोई सदस्य कहीं मोबाइल लेकर न सदन के अंदर चला जाए। मोबाइल लेकर जाना सुरक्षा के लिए खतरनाक माना गया। लेकिन आम आदमी पार्टी के पार्षद इस सफाई से संतुष्ट नहीं हुए। वे लगातार हंगामा करते रहे और इस तरह ऐसा गतिरोध बन गया कि दिन में 1 बजे तक चुनाव नहीं हो सका, जबकि होना था।

भाजपा नेता कमलजीत शहरावत के इस्तीफे से खाली हुई स्टैंडिंग कमेटी की खाली सीट के लिए चुनाव नहीं हो सका, सिर्फ हंगामा होता रहा। भाजपा और आम आदमी पार्टी के नेता अलग अलग मुद्दों को लेकर लगातार शोर मचाते रहे। आम आदमी पार्टी का आरोप था कि भाजपा के इशारे पर म्यूनिसिपल सेकेट्रिएट ने उनकी तलाशी लेकर उनका अपमान किया है, जबकि म्यूनिसिपल सेकेट्रिएट का साफ कहना था कि उसने तलाशी



इसलिए ली है कि सुरक्षा व्यवस्था चाकचैबंद रहे। लेकिन दोनो ही तरफ से आरोप प्रत्यारोप लगातार जारी रहे, किसी ने भी किसी की राय को सही नहीं माना और न ही चुनाव के लिए कोई सहमति बन सकी। दरअसल इस असहमति के पीछे महज तलाशी लेने जैसा मुद्दा था भी नहीं। सच बात यह थी कि भाजपा ने एमसीडी की स्टैंडिंग कमेटी के एक बचे सदस्य के चुनाव के ठीक एक दिन पहले आम आदमी पार्टी के तीन पार्षदों को तोड़कर अपने में मिला लिया था।

## एमसीडी स्टैंडिंग कमेटी में एक सदस्य का चुनाव

आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती के मुताबिक उनकी पार्टी के पार्षदों को ईडी और सीबीआई का डर दिखाया गया था।

हालांकि आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले इन तीनों पार्षदों ने इस आरोप को नकार दिया। इनका तो कुछ और ही कहना था। दिलशाद गार्डन कालोनी से आम आदमी पार्टी की भाजपा में शामिल होने वाली पार्षद बहन प्रीति ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी अब अन्ना हजारे के आंदोलन से निकली पार्टी नहीं है, उसमें बहुत सामंती प्रवृत्तियां आ गई हैं, इसकी राजनीति कुछ और ही है। आप की दूसरी पार्षद ग्रीन पार्क वार्ड 150 की सरिता फोगाट का भी कहना था कि वह अपने क्षेत्र की बेहतरी के लिए भाजपा में खुद चलकर आयी हैं। कुछ ऐसा ही कहना मदनपुर खादर ईस्ट से पार्षद प्रवीन कुमार का भी था, जबकि आम आदमी पार्टी का कहना है कि भाजपा दरअसल उसके पार्षदों को तोड़कर उसे खत्म करना चाहती है। लोकतंत्र में यह सब नहीं चलेगा। जहां तक तोड़ने का आरोप है, वह इसलिए भी मौके के अनुकूल लग रहा है, क्योंकि इस समय दिल्ली नगर निगम में पार्षदों की कुल संख्या 249 है, जिसमें भाजपा द्वारा आम आदमी पार्टी को तोड़ने से उसके 118 पार्षद हो गये हैं, जबकि इन तीन के टूट जाने के बाद आम आदमी पार्टी के सदस्य घटकर 122 रह गये हैं। कांग्रेस के 9 पार्षदों ने उस समय तक चुनाव में भाग न लेने की बात कही थी, ऐसे में भले तकनीकी रूप से जीत अभी भी आम आदमी पार्टी के पक्ष में जा रही थी, लेकिन उसे डर था कि बहुत मामूली सी संख्या के कारण भाजपा उसके पार्षदों को तोड़ लेगी। इसलिए आम आदमी की महापौर शेली ओबेरॉय द्वारा चुनाव स्थगित कर दिए जाने के बावजूद हर हाल में चुनाव का दबाव बना दिया गया। अचानक रात में 8:30 बजे दिल्ली के कमिश्नर वीके सक्सेना जो कि दिल्ली से बाहर कहीं विदेश में हैं, ने एमसीडी कमिश्नर अश्विनी कुमार को चिट्ठी लिखी कि रात 10 बजे तक स्टैंडिंग कमेटी की खाली सीट पर चुनाव की रिपोर्ट उन्हें सौंपी जाए। इसलिए दिल्ली नगर निगम के कमिश्नर ने रात में ही हर हाल में चुनाव कराये जाने के निर्देश जारी कर दिए। यह एक अजीब सी स्थिति थी कि जहां नगर निगम की महापौर शैली ओबेरॉय ने जिनकी देखरेख में स्टैंडिंग कमेटी के 18वें सदस्य का चुनाव होना था, उन्होंने तो चुनाव 5 अक्टूबर तक के लिए आगे बढ़ा दिया था, लेकिन एलजी साहब ने हर हालत में रात में 10 बजे तक चुनाव रिपोर्ट देने का कमिश्नर को आदेश दे दिया था। इसलिए कमिश्नर ने रात में ही चुनाव का आदेश दे दिया। इस पर आनन फानन में आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और देश के सामने गुहार लगायी कि दिल्ली के गवर्नर, दिल्ली नगर निगम चुनाव में लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं।

मनीष सिसोदिया ने यह भी कहा कि एक षड्यंत्र करके जो महज एक घंटे के भीतर चुनाव करने का आदेश हुआ है, उसके पीछे बड़ी साजिश है, क्योंकि आम आदमी पार्टी के ज्यादातर पार्षद 5 अक्टूबर तक चुनाव आगे बढ़ जाने के कारण दिल्ली से बाहर चले गये हैं, उसी का फायदा उठाकर भाजपा की मिलीभगत से कमिश्नर ने रात में 10 बजे तक चुनाव का आदेश दिया है। क्योंकि भाजपा के सारे पार्षद कमिश्नर के पास बैठे हुए हैं। यह एक षडयंत्र है और धोखे से लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। हालांकि अंत समय में यह चुनाव नहीं हुआ और आज यानी 27 सितंबर यानी 1 बजे दोपहर तक के लिए टाल दिया गया है। बहरहाल एमसीडी की स्टैंडिंग कमेटी के 18वें सदस्य का चुनाव दोपहर एक बजे हुआ जिसमें बीजेपी के सुंदर सिंह को 115 पार्षदों का वोट मिला और वे चुनाव जीत गये। इस चुनाव का कांग्रेस ने पूर्व घोषित रणनीति के तहत बहिष्कार किया जबकि आम आदमी पार्टी पार्षदों ने चुनाव को असंवैधानिक बताकर मतदान में हिस्सा नहीं लिया और इस कारण आप की उम्मीदवार निर्मला कुमारी को एक भी मत नहीं मिले। आम आदमी पार्टी इस चुनाव को असंवैधानिक बता रही है और इसी चंडीगढ़ का संस्करण बता रही है। कुल मिलाकर दिल्ली में जिस तरह का राजनीतिक गतिरोध भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच में, दिल्ली सरकार और एलजी के बीच में और अब एमसीडी तक यह सियासी ड्रामा पहुंच गया है उससे दिल्ली को जनता को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ रहे हैं।

दिल्ली में सड़कों की हालत खराब है, पेयजल की स्थिति भी गंभीर है और अब तो वायु प्रदूषण भी बढ़ने लगा है जो अक्टूबर-नवम्बर में घातक हो जायेगा। यह समय सरकार, एमसीडी और पार्टियों को भी दिल्ली वासियों को स्वच्छ हवा, पानी और अच्छी सड़कें देने का है, तब पार्टियां निम्न स्तरीय सियासी ड्रामा कर रही हैं। कुल मिलाकर दिल्ली की सियासत में आमजन पिस रहा है।

---

सोशल मीडिया



यूएस की यात्रा बहुत ही उपयोगी रही जिसमें विविध कार्यक्रम शामिल किये गये और हमारे ग्रह पृथ्वी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विषयों की एक श्रृंखला पर ध्यान केन्द्रित किया गया। पीएम मोदी.

# शास्त्रों की शिक्षा

अंतर्दृष्टि

हमारे विचार और चिंतन हमारे कर्म साधना को प्रभावित करते हैं। राजयोग की सभी साधनाओं के संबंध में यही बात है कि यहां क्रिया की अपेक्षा भावनाएं ज्यादा प्रधान होती हैं। यम-नियम जीवन के चिन्तन-चरित्र एवं आचरण में उतारने पड़ते हैं। आसन व्यायाम नहीं, वरन् आसन जमा कर बैठना है। रसोई भी आसन पर बैठकर की जाती है। बोलचाल की भाषा में किसी कार्य के लिए दृढ़तापूर्वक आरूढ़ होना भी आसन लगाना या आसन जमाना है। प्राणायाम प्राणवान बनने के लिए किया जाता है। प्राणवान अर्थात मनस्वी मनोबल सम्पन्न। इसी प्रकार प्रत्याहर को संघर्षशीलता कहते हैं। गीता में अर्जुन को जिस युद्ध के लिए प्रेरित किया गया है, वह वस्तुतः आत्मिक क्षेत्र का युद्ध है। मारकाट वाली लड़ाई के लिए गीता जैसे आत्मिक प्रवचन की आवश्यकता नहीं थी। वह प्रत्याहार ही है, जिसे गीतोक्त महाभारत नाम दिया गया है। यह धर्मक्षेत्र-कर्मक्षेत्र में लड़ा जाता है। संचित कुसंस्कारों एवं हेय प्रचलनों के आकर्षणों के दबावों को अस्वीकार करना ही प्रत्याहार है। अब तीन प्रयोग और शेष रहते हैं धारणा, ध्यान और समाधि। धारणा का तात्पर्य है- मान्यता, स्थापना, स्वीकृति निष्ठा। आदर्शों के विषय में यही तथ्य लागू होता है। आदर्शों को तर्क और तथ्य के आधर पर तो सहज ही स्वीकारा जा सकता है, पर जिस आदर्श को श्रद्धा, प्रज्ञा, निष्ठा के आधार पर हृदयांगम किया गया हो, फलित केवल वही होता है। आस्तिकता, आध्यात्मिता, धार्मिकता के त्रिविध आदर्श प्रमुख हैं। ईश्वर पर विश्वास आत्मक्षमता पर विश्वास, कर्तव्य कर्मों के दायित्व पर विश्वास इन तीनों के विश्वास को धारणा कहते हैं। यों साधारतया किन्हीं देवी-देवताओं, मंत्रों, गुरुजनों शास्त्रों, पंथों आदि पर विश्वास करना भी धारणा के अर्थ में प्रयुक्त होता है। एक शब्द में धारणा को विश्वास भी कह सकते हैं। ध्यान का तात्पर्य है- अभीष्ट निर्धारण का बार-बार चिन्तन करना। इससे मान्यता परिपक्व होती है। भूल हुई बातों का स्मरण भी ध्यान के आधार पर हो आता है। अपने आदर्श का, लक्ष्य का, निश्चय का बार-बार स्मरण करने से वह आस्था के रूप में परिणत हो जाता है। यों किसी चित्र का, मस्तिष्क का, व्यक्ति का, कल्पना-सपनों का इच्छानुसार ध्यान किया जाता है। नाद योग में शब्दों का, मेरुदण्ड में षटचक्रों का, मस्तिष्क में ब्रह्मकमल का, मूलाधार में कुण्डलिनी का ध्यान किया जा सकता है। मस्तिष्क में ब्रह्मग्रन्थि, हृदय में विष्णुग्रंथि, नाभि में रुद्रग्रंथि के ध्यान का विधान है। श्वास-प्रश्वास के समय सोहम ध्वनि की, ध्यान धारणा की जाती है। इसी प्रकार और भी योग सम्प्रदायों में कई-कई प्रकार के ध्यानों का निर्धारण है। विचार चेतना को केन्द्रीभूत करने की साधना है।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर कोर्ट का डंडा

**बॉल यौन शोषक मटेरियल बच्चे के सम्मान को बहुत गहरी चोट पहुंचाता है। वह उन्हें यौन आनंद का खिलौना बनाकर रख देता है। इससे बच्चे की मासूमियत खत्म हो जाती है और उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। बच्चों का यह हक है कि वह ऐसे वातावरण में परवरिश पायें जिसमें उनकी गरिमा का सम्मान हो और वह किसी भी प्रकार के नुकसान से सुरक्षित रहें।**



सामयिक ● निकहत कुंवर

सुप्रीम कोर्ट ने 23 सितम्बर 2024 को बॉल पोर्नोग्राफिक मटेरियल के संदर्भ में ऐसा ऐतिहासिक व अति महत्वपूर्ण निर्णय दिया है, जिसका भारत ही नहीं बल्कि ग्लोबल समाज पर दीर्घकालीन प्रभाव पड़ने की संभावना है और इससे बाल यौन शोषण को भी नियंत्रित करने के द्वार खुल सकते हैं। यह फैसला स्वागतयोग्य तो है ही, इसकी जितनी तारीफ की जाये वह कम ही होगी, क्योंकि यह मासूम जिंदगियों के लिए मजबूत सुरक्षाकवच के तौरपर सामने आता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यौन अपराधों से बाल संरक्षण कानून (पोस्को) की धारा 15 और सूचना प्रौद्योगिकी कानून (आईटी) के प्रावधानों के तहत इंटरनेट पर बाल पोर्नोग्राफिक मटेरियल देखना मात्र भी अपराध है। इस तरह अदालत ने इन दोनों कानूनों की उद्देश्यात्मक व्याख्या का विस्तार किया है। इसके अतिरिक्त सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस प्रकार के आपराधिक वीडियोज, इमेज को डिलीट किये बिना और पोक्सो एक्ट के अनुसार उन्हें पुलिस में रिपोर्ट किये बिना, सोशल मीडिया बिचैलिये आईटी एक्ट के तहत 'सुरक्षित शरण' (सेफ हार्बर) हासिल नहीं कर सकते। गौरतलब है कि आईटी एक्ट का सेक्शन 79 बिचैलियों को 'सेफ हार्बर' प्रदान करता है कि वह जो थर्ड पार्टी के लिए सूचना, डाटा या कम्युनिकेशन के लिए लिंक उपलब्ध कराते हैं, उसके कंटेंट की उनकी कोई जवाबदेही नहीं है। लेकिन अब बाल पोर्नोग्राफिक मटेरियल के संदर्भ में बिचैलियों को आईटी एक्ट के तहत कोई छूट नहीं दी जायेगी। सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि 'बाल पोर्नोग्राफी' शब्दावली इस अपराध और बच्चों पर इसके प्रभाव को पूरी तरह से व्यक्त करने में असमर्थ है। इस शब्दावली को बदलने की आवश्यकता है। इसलिए इसके प्रयोग को रोकते हुए अदालत ने संसद से आग्रह किया है कि पोक्सो एक्ट में संशोधन करके इस प्रकार के मटेरियल के लिए 'बाल यौन शोषक व दुर्व्यवहार मटेरियल' शब्दावली का इस्तेमाल किया जाये। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीव्हाई चंद्रचूड़ व न्यायाधीश जेबी पारदीवाला की खंडपीठ एक पुरानी कहावत की याद दिलाता है कि न होगा बांस न बजेगी बांसुरी। चूंकि लोग इंटरनेट पर बाल पोर्न देखते हैं, इसलिए यह कंटेंट तैयार करने वाले बच्चों का यौन शोषण करते हैं, उनके साथ दुर्व्यवहार करते हैं, जिसका मानसिक व शारीरिक असर बच्चों पर जीवनभर रहता है बल्कि उनकी जिंदगी ही बर्बाद हो जाती है।

पोक्सो एक्ट का उद्देश्य बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षित रखना है। इसलिए उस स्रोत को काटना जरूरी हो जाता है जो बच्चों के शोषण व उत्पीड़न का बड़ा कारण बनता है। अब जब बॉल पोर्न को इंटरनेट पर देखना व किसी भी रूप में स्टोर करना कानूनन अपराध हो गया है तो ऐसा कंटेंट बनाने वाले दस बार सोचेंगे और नतीजतन बच्चे भी सुरक्षित रह सकेंगे। इंग्लैंड व अन्य देशों में बॉल पोर्न के प्रचार, प्रसार को रोकने के साइबर पुलिस के विशेष दल हैं, लेकिन बाल पोर्न देखना अपराध के दायरे में नहीं आता है। लेकिन हमारे सुप्रीम कोर्ट ने बाल पोर्न देखने व डाउनलोड करने को ही दंडनीय अपराध घोषित कर दिया है यानी मांग करने वालों पर रोक लगाई है ताकि सप्लाई स्वयं बंद हो जाये या कम से कम बहुत कम हो जाये। जाहिर है इस फैसले का समाज, अपराध व बाल अधिकारों पर दीर्घकालीन ग्लोबल प्रभाव पड़ेगा।




अगर गौर से देखा जाये तो सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला बच्चों को संगठित अपराध से बचाने व सुरक्षित रखने के लिए पूरी दुनिया हेतु फ्रेमवर्क गठित करता है, एक नई सोच पैदा करके नया रास्ता दिखाता है। जब कोई व्यक्ति बाल शोषक व दुर्व्यवहार मटेरियल इंटरनेट पर सर्च व डाउनलोड करता है, तो वह बच्चों के बलात्कार की मांग उत्पन्न कर रहा होता है। इस 'मांग' पर विराम लगाने की जरूरत थी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने बाल पोर्न मटेरियल को देखना व डाउनलोड करके अपने पास किसी भी रूप में रखने को इंकोएट अपराध कहा जोकि शुरूआती या अपूर्ण अपराध होते हैं, जो आपराधिक इरादे के मूल को व्यक्त करते हैं और एक तरह से आपराधिक गतिविधि की नींव तैयार करते हैं।

बाल पोर्न के संदर्भ में विभिन्न हाईकोर्ट्स ने परस्पर विरोधी फैसले सुनाये हैं। मद्रास हाईकोर्ट ने पोर्न की लत लगे व्यक्ति के विरुद्ध पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले को यह कहकर खारिज कर दिया था कि उसने उसे सकुर्लेट नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के संदेह उत्पन्न करने वाले फैसले को 'भयंकर गलती' बताते हुए हाईकोर्ट्स के विरोधाभासी निर्णयों पर विराम लगा दिया, फलस्वरूप बाल पोर्न को देखना, रखना व डाउनलोड करना दोनों पोक्सो एक्ट व आईटी एक्ट के तहत अपराध हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने 200 पृष्ठों के फैसले में 'मासूम' व 'संदेह' के बीच की दुरी को कम करने पर बल दिया। कानूनी हलकों में दो कहावतें अक्सर प्रयोग की जाती हैं- 'जब तक दोष साबित न हो तब तक मासूम' और 'पुलिस कार्यवाही के लिए उचित संदेह है', आशंकित बाल यौन अपराध को रोकने के लिए। लेकिन सुप्रीम कोर्ट सोशल मीडिया व इंटरनेट की अनियमितताओं से अच्छी तरह परिचित है कि कुछ मटेरियल अपने आप डाउनलोड होकर डिवाइस में सेव हो जाता है, जिसकी डिवाइस के मालिक को खबर तक नहीं होती। इस स्थिति में, सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, स्वतः डाउनलोड हुए मटेरियल को डिलीट न करना या पुलिस में रिपोर्ट न करना अपराध न होगा। लेकिन जैसे ही ऐसे मटेरियल के बारे में जानकारी हो जाये तो उसे डिलीट करना आवश्यक होगा। 'बॉल यौन शोषक मटेरियल बच्चे के सम्मान को बहुत गहरी चोट पहुंचाता है। वह उन्हें यौन आनंद का खिलौना बनाकर रख देता है। इससे बच्चे की मासूमियत खत्म हो जाती है और उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। बच्चों का यह हक है कि वह ऐसे वातावरण में परवरिश पायें जिसमें उनकी गरिमा का सम्मान हो और वह किसी भी प्रकार के नुकसान से सुरक्षित रहें। लेकिन बाल यौन शोषक व दुर्व्यवहार मटेरियल इस अधिकार का, जितना संभव हो उतना, जबरदस्त उल्लंघन करता है।' यह है सुप्रीम कोर्ट की मूल सोच जिसके तहत यह ऐतिहासिक फैसला दिया गया है। बच्चों को यौन शोषण व दुर्व्यवहार से बचाने और उनके अधिकारों को सुरक्षित रखने के सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य रूप से तो तीन महत्वपूर्ण बातें कही हैं- एक, बाल यौन शोषक व दुर्व्यवहार मटेरियल को देखना, डाउनलोड करना व स्टोर करना दोनों पोक्सो एक्ट व आईटी एक्ट के तहत अपराध है, दो, इस संदर्भ में सोशल मीडिया व इंटरनेट के बिचैलियों को भी आईटी एक्ट के तहत 'सेफ हार्बर' की छूट नहीं है और उन्हें न सिर्फ.ऐसे मटेरियल को डिलीट करना होगा बल्कि पुलिस में रिपोर्ट भी करनी होगी और तीन, संसद पोक्सो एक्ट में संशोधन करके 'बाल पोर्न' शब्दावली की जगह 'बाल यौन शोषक व दुर्व्यवहार मटेरियल' शब्दावली का प्रयोग करे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट यह भी चाहता है कि आयु-उचित यौन शिक्षा प्रदान की जाये ताकि युवाओं में हानिकारक यौन व्यवहार विकसित न हो, जिसमें बाल यौन शोषक व दुर्व्यवहार मटेरियल का देखना व वितरित करना भी शामिल है। समाज को सुधारने की दिशा में सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला मील का पत्थर है।

## आप की बात

### बढ़ता कर राजस्व

माह दर माह जीएसटी राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है। इसी तरह चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम माह अर्थात अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन साल-दर-साल 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंचना यह बताता है कि देश की अर्थव्यवस्था तमाम झंझावातों से जूझते हुए, खराब वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और भू-राजनीतिक तनावों के बीच रास्ता बनाते हुए तेज गति से आगे बढ़ रही है और अब यह दुनिया भर की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज गति से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बन गयी है। इसका प्रतिबिंब माह-दर-माह बढ़ते टैक्स कलेक्शन में देखने को मिल रहा है। बीते साल अप्रैल माह में 1.68 लाख करोड़ गुड्स एंड सर्विस टैक्स के रूप में सरकार के खजाने में आया था जो इस साल अर्थात अप्रैल 2023 में बढ़कर 1.87 लाख करोड़ पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। अगर हम अन्य आंकड़ों पर बात करें मसलन वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा जीडीपी अनुमान, ई-वे बिल जेनरेशन, मैन्युफैक्चरिंग एवं सर्विस सेक्टर का पीएमआई इंडेक्स, तो यह सभी इस तरह इशारा करते हैं कि तमाम अनिश्चिताओं के बीच देश की अर्थव्यवस्था एकदम सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

**गिरीश त्रिपाठी, लखनऊ**

### जल संरक्षण के प्रयास

जल संरक्षण के तमाम प्रयासों के बावजूद हकीकत यह है कि लोगों को पानी बचाने को लेकर कोई खास जागरुकता नहीं है। लोग बहुत पानी बर्बाद करते हैं। इसलिए जलदोहन पर लगाम लगाने के साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोगों को अपनी जरूरत से अधिक पानी न मिले। बढ़ती आबादी के साथ कृषि व उद्योग जगत की जरूरतों के लिए जल संरक्षण की बहुत जरूरत है। नदियों का संकट कोई नया नहीं है। तमाम छोटी-छोटी नदियां खत्म हो गयीं। जबकि गंगा यमुना जैसी बड़ी नदियों भी प्रदूषण के कारण संकटग्रस्त हैं। जब हम नदियों के संकट की बात करते हैं तो बड़ी नदियों पर तो चर्चा होती है। गंगा, यमुना, गोमती जैसी नदियों के बारे में योजना भी बनती है और जैसे-तैसे सफाई अभियान भी शुरू किया जाता है लेकिन छोटी-छोटी नदियों का कोई पुरसाहाल नहीं। भारत में नदियों का संजाल इस तरह बिछा था कि हर चार-छह किलोमीटर की दूरी पर कोई न कोई ऐसी नदी बहती थी जिसमें पूरे साल निर्मल धाराओं का प्रवाह बना रहता था।

**शिवेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**




# भारत एएफसी अंडर-20 एशियाई कप क्वालीफायर में ईरान से 0-1 से हारा



विएंतियाने (लाओस)। भारत को शुक्रवार को यहां एएफसी अंडर-20 एशियाई कप क्वालीफायर के अपने दूसरे ग्रुप मैच में चार बार की चैम्पियन ईरान से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। मैच के ज्यादातर हिस्से में मजबूत प्रतिद्वंद्वी ईरान को गोल से दूर रखने के बाद भारतीय टीम ग्रुप जी मैच में 88वें मिनट में एक गोल गंवा बैठी जब युसेफ माजराह गोलकीपर प्रियांश दुबे को चौंकाते हुए गोल दाग दिया। एशियाई फुटबॉल में पारंपरिक रूप से मजबूत टीम के खिलाफ भारतीय टीम का प्रदर्शन सराहनीय था। दो मैचों में तीन अंक लेकर भारत की अंडर-20 टीम ने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने और टूर्नामेंट में आगे बढ़ने की उम्मीदों को जीवंत रखा है। दस ग्रुप की शीर्ष टीमें, दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्थान पर रहने वाली पांच टीम चीन में होने वाले एएफसी अंडर-20 एशियाई कप 2025 के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# भारतीय अंडर-17 टीम सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में

थिम्पू। आत्मविश्वास से भरी भारत की अंडर-17 फुटबॉल टीम शनिवार को यहां सैफ अंडर-17 चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी।

भारतीय टीम को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखने की उम्मीद है जिसने बांग्लादेश को I-0 और मालदीव को 3-0 से शिकस्त दी तथा ग्रुप ए तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। नेपाल ने भूटान के खिलाफ अपने अंतिम मैच में आखिर में किये गोल की बदौलत जीत हासिल कर ग्रुप बी तालिका में पाकिस्तान के बाद दूसरा स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं पाकिस्तान का सामना शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश से होगा। भारत को अपने मुकाबलों के बीच काफी आराम मिला जिसमें सेमीफाइनल की तैयारी के लिए उन्हें पूरे तीन दिन मिले। मुख्य कोच इश्फाक अहमद ने कहा कि खिलाड़ियों को मिले आराम से उन्हें उबरने और चोट मुक्त होने का मौका मिला। अहमद ने कहा कि हम कृत्रिम टर्फ पर खेल रहे हैं तो थकान से उबरने में मदद मिलती है। हर दिन टर्फ पर खेलना और ट्रेनिंग करना आसान नहीं है। इसका नकारात्मक असर पड़ता है। यहां हर दिन बारिश हो रही है और हम होटल तक ही सीमित हैं। कभी कभार आपके लिए यह अच्छी चीज होती है क्योंकि इससे आपको एक दूसरे के साथ समय बिताने का काफी मौका मिल जाता है जिससे मदद मिलती है। भारत ने पिछले साल सैफ अंडर-16 चैम्पियनशिप के ग्रुप चरण में नेपाल को I-0 से मात दी थी जिसमें उसके लिए एकमात्र गोल मोहम्मद अरबाश ने दागा था। नेपाल ने पाकिस्तान से पहले मैच में 0-I से हारने के बाद वापसी की और श्रीलंका पर 4-0 की जीत के बाद भूटान को 2-I से पराजित किया।

# शाकिब की सुरक्षा बोर्ड के हाथ में नहीं: बीसीबी प्रमुख

ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष फारूक अहमद ने स्पष्ट कर दिया है कि दिग्गज हरफनमौला शाकिब अल हसन के खिलाफ देश में चल रहे मामलों के कारण बोर्ड उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा का भरोसा नहीं दे सकता है।

सैंतीस साल के शाकिब ने गुरुवार को टी20 अंतरराष्ट्रीय से तत्काल प्रभाव से संन्यास की घोषणा और कहा कि अगर स्वदेश लौटने पर उन्हें सुरक्षा का आश्वासन दिया जाता है तो वह अक्टूबर में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना विदाई टेस्ट मैच खेलना चाहेंगे। बांग्लादेश की समाचार पत्रों के मुताबिक फारूक ने कहा, शाकिब की सुरक्षा बोर्ड के हाथ में नहीं है। बोर्ड किसी व्यक्ति को व्यक्तिगत सुरक्षा प्रदान नहीं कर सकता। उस (स्वदेश लौटने) पर फैसला उन्हें ही लेना है। उनकी सुरक्षा सरकार के उच्चतम स्तर से होनी है।

उन्होंने कहा कि बीसीबी पुलिस या आरएबी (रैपिड एक्शन बटालियन) जैसी सुरक्षा एजेंसी नहीं है। हमने उनके बारे में (सरकार में) किसी से बात नहीं की है। उनका मामला अदालत में विचाराधीन है।

## संक्षेप

### प्राणवी और त्वेसा की फ्रांस में औसत शुरुआत

ड्यूविले (फ्रांस)। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक ने लैकोस्टे ओपन डी फ्रांस शुरुआती दौर में एक ओवर 72 के समान कार्ड के साथ औसत प्रदर्शन किये। बारिश के कारण मुश्किल परिस्थितियों में ये दोनों भारतीय खिलाड़ी संयुक्त रूप से 35वें स्थान पर है। प्राणवी चार बर्डी के मुकाबले पांच बोगी कर बैठी जबकि ने त्वेसा ने चार बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाये। इंग्लैंड की बेल वार्डले, स्थानीय खिलाड़ी एम्मा ग्रेची और फॉर्म में चल रही कर्स्टन रुडगेली तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। इन तीनों खिलाड़ियों का स्कोर एक समान पांच अंडर 66 है।

### यूरोपा लीग में काराबाग पर 3-0 से जीत दर्ज की

लंदन। टोटेनहैम ने यूरोपा लीग फुटबॉल मैच में आठवें मिनट के बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद अजरबैजान की टीम काराबाग पर 3-0 की जीत दर्ज की। डिफेंडर राडू ड्रैगुसिन को आठवें मिनट में जुनिन्हो को आक्रामक अंदाज में नीचे गिराने के कारण रैफरी ने रेड कार्ड दिखाया, जिससे उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। मेजबान टीम पर हालांकि इसका ज्यादा असर नहीं हुआ और उसने चार मिनट बाद ही गोल कर दिया। ब्रेनन जॉनसन के इस गोल के बाद दूसरे हाफ की शुरुआत में पैप सार ने कॉर्नर किक पर बढ़त को दोगुना कर दिया और डोमिनिक सोलांके ने 68वें में रिबाउंड पर गोल कर टीम को 3-0 की बढ़त दिला दी। अन्य मैचों में रोमा की टीम एक गोल की अपनी बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और उसने एथलेटिक बिलबाओ के साथ I-I से ड्रॉ खेला। एजेक्स ने बेसिक्टास को 4-0 से हराया तो वही विक्टोरिया पिल्सेन और आइंट्राच्ट फ्रैंकफर्ट का मुकाबला 3-3 की बराबरी पर छूटा।

### मुंबई में होगा विश्व पैडल लीग का दूसरा सत्र

मुंबई। विश्व पैडल लीग का दूसरा सत्र अगले साल छह से नौ फरवरी तक यहां फ्रेंचाइजी आधारित प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में दोनों पुरुष और महिला खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे। पैडल रैकेट से खेला जाता है जो टेनिस और स्काश जैसा ही है। यह बंद जगह में खेला जाता है जिसमें बीच में नेट होता है लेकिन कोर्ट का आकार टेनिस कोर्ट से बहुत छोटा होता है। प्रतियोगिता का पहला सत्र दुबई में आयोजित किया गया था। भारतीय पैडल महासंघ की अध्यक्ष स्नेहा अब्राहम सहगल ने विज्ञप्ति में कहा, भारत में पैडल खेल तेजी से बढ़ रहा है और अधिक से अधिक लोग इसमें दिलचस्पी ले रहे हैं। भारत में इस लीग का आना देश में पैडल की बढ़ती लोकप्रियता दिखाता है।

### विश्व जूनियर नेत्रहीन शतरंज में भारत के अभियान की अगुवाई करेंगे मेघा-तिजान

बेंगलुरू। एशियाई पैरा खेल पदक विजेता मेघा चक्रवर्ती और तिजान गवार शनिवार से यहां नेत्रहीन और दृष्टिबाधितों के लिये शुरू हो रही 12वीं आईबीसीए विश्व जूनियर और महिला शतरंज चैम्पियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। अखिल भारतीय नेत्रहीन शतरंज महासंघ के तत्वावधान में होने वाला नौ दिवसीय टूर्नामेंट पहली बार एशिया में खेला जा रहा है।

# पहले दिन भारत की स्थिति मजबूत

## दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन आकाश दीप और अश्विन ने किया प्रभावित



कानपुर। तेज गेंदबाज आकाश दीप (34 रन पर दो विकेट) अपनी शुरुआती स्पैल में प्रभावी रहे तो वही ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो को चलता कर बारिश से प्रभावित दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को भारत को मजबूत स्थिति में रखा।

मौसम के पूर्वानुमान से पहले से ही बारिश की संभावना थी और शुरुआती दिन सिर्फ 35 ओवर को खेल संभव हो सका। दिन का खेल खत्म होने तक बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बना लिये थे। इस समय मुशफिकुर रहीम (छह) और मोमिनुल हक (40) क्रीज पर मौजूद थे। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शंटो ने इस दौरान अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन अश्विन की गेंद पढ़ने में नाकाम रहे और 31 रन बनाकर पगबाधा हो गये। बीती रात बारिश होने के कारण आउटफील्ड गीली हो गई थी जिससे दिन का खेल एक घंटे की देर से शुरू हुआ था। भारत ने अपनी अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया जिससे स्थानीय स्पिनर कुलदीप यादव को एक बार फिर बाहर बैठना पड़ा। बादल की आंखमिचौली के बीच तेज गेंदबाजों की अनुकूल परिस्थितियों में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बांग्लादेश को बल्लेबाजी का न्योता दिया। आकाशदीप वामहस्त बल्लेबाजों के लिए राउंड द विकेट गेंदबाजी करते हुए गेंद को दोनों ओर स्विंग कराने में सफल रहे। उनकी सटीक लाइन लेंथ से सामंजस्य बैठाने में बांग्लादेश के बल्लेबाजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने शुरुआती ओवरों से ही बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों जाकिर हसन (शून्य) और शदमन इस्लाम (24) को परेशान किया। हसन ने अतिरक्षात्मक रवैया अपनाया तो वहीं इस्लाम ने रन बनाने के मौकों को पूरी तरह से भुनाया। बुमराह की बाहर निकलती गेंदें कई बार स्टंप और बल्ले के बाहरी किनारे के करीब से गुजरी तो वहीं सिराज की गेंद बल्ले से टकरने के बाद स्लिप में खड़े क्षेत्ररक्षकों तक पहुंचने से पहले ही टप्पा खा गयी। इस्लाम ने बुमराह के ओवर में दो चौके जड़कर दबाव कम किया तो वहीं दूसरे छोर से हसन ने 23 डॉट गेंदे खेली। नौवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये आकाश दीप ने अपनी तीसरी गेंद पर ही हसन की 24 गेंद की पारी को खत्म किया। जायसवाल ने स्लिप में उनका शानदार कैच लपका। उन्होंने इसके बाद इस्लाम को भी पगबाधा किया। मैदानी अंपायर के नॉट आउट देने के बाद आकाश दीप ने कप्तान रोहित को डीआरएस लेने के लिए मनाया और उनका फैसला सही साबित हुआ। तीसरे अंपायर ने रीप्ले देखने के बाद इस्लाम को आउट करार दिया। शानदार लय में चल रहे शंटो ने दो चौके लगाकर दबाव को कम किया। उन्होंने इस दौरान रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ रिवर्स स्वीप का कारगर इस्तेमाल किया। लंच से पहले सत्र के आखिरी ओवर में बूंदाबांदी शुरू हो गयी जिसके कारण पिच और मैदान को कवर से ढकना पड़ा। शुरुआती सत्र में सफलता से दूर रहे अश्विन ने दूसरे सत्र में शंटो को पगबाधा कर पहली सफलता हासिल की। मैदानी अंपायर ने गेंदबाज की अपील पर तुरंत अंगुली उठा दी लेकिन बांग्लादेश के कप्तान ने डीआरएस लेने का फैसला किया लेकिन यह कारगर नहीं रहा। इस दौरान अनुभवी मोमिनुल ने क्रीज पर समय बिताने के साथ आत्मविश्वास हासिल किया। उन्होंने आकाश दीप के ओवर में दो चौके लगाये। उन्होंने मिड ऑफ की ओर एक और शानदार चौके के साथ बांग्लादेश के रनों का शतक पूरा किया। खराब रोशनी के कारण दूसरे सत्र में सिर्फ नौ ओवरों के बाद खेल को रोकना पड़ा। खिलाड़ियों के पवेलियन में पहुंचते ही यहां बूंदाबांदी होने लगी जो बाद में तेज बारिश में बदल गयी।

# स्पिन को बखूबी खेलने वाली टीम ही टी20 विश्व कप जीतेगी : जेस जोनासेन



नयी दिल्ली। चार बार की आईसीसी टी20 विश्व कप विजेता आस्ट्रेलियाई स्पिनर जेस जोनासेन का मानना है कि यूएई की पिचों की जानकारी नहीं होने से आस्ट्रेलिया के लिये आगामी टी20 महिला विश्व कप चुनौतीपूर्ण होगा और स्पिन को बेहतर खेलने वाली टीम ही जीतेगी।

आस्ट्रेलिया महिला टी20 विश्व कप की सबसे सफल टीम रही है जिसने आठ में से छह बार खिताब जीता है। टी20 विश्व कप तीन अक्टूबर से संयुक्त अरब अमीरात में खेला जायेगा। जोनासेन ने आस्ट्रेलियाई उच्चायोग में एबीसी इंटरनेशनल डेवलपमेंट के पांच दिवसीय क्रिकेट कमेंट्री और मोजो कार्यक्रम में चुनिंदा पत्रकारों से बातचीत में कहा, हमने उपमहाद्वीप की विभिन्न पिचों और हालात में खेला है लेकिन यूएई में कभी नहीं जो चुनौतीपूर्ण होगा। आस्ट्रेलिया को कठिन पूल भी मिला है लेकिन विश्व कप में एक भी मैच आसान नहीं होता। जोनासेन का मानना है कि भारतीय टीम भी खिताब की प्रबल दावेदार होगी लेकिन आस्ट्रेलिया की चुनौती को कभी नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि भारत प्रबल दावेदार है क्योंकि टीम में काफी गहराई और विविधता हे। उन्हें यूएई के हालात की भी बेहतर जानकारी है जबकि हम वहां कभी नहीं खेले हैं। लेकिन आस्ट्रेलिया बड़े टूर्नामेंटों की टीम है और उसे कतई नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड और श्रीलंका सेमीफाइनल में पहुंचने वाली बाकी दो टीमें हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड ने टूर्नामेंट से पहले ओमान में शिविर में भाग लिया है जहां के हालात यूएई के समान है। उनके पास काफी अनुभवी टीम है जिसमें सोफी एक्सेलेटन और नेट स्किवेर ब्रंट जैसे खिलाड़ी है। आस्ट्रेलिया के लिये 74 टी20 और 118 वनडे विकेट ले चुकी इस गेंदबाज ने कहा, चौथी टीम श्रीलंका की होगी जिसने हाल ही में एशिया कप जीता है और कुछ शीर्ष टीमों के खिलाफ श्रृंखलायें भी अपने नाम की हैं। भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने हाल ही में कहा है कि भारतीय टीम में एक छठे गेंदबाज की कमी लग रही है लेकिन जोनासेन का मानना है कि जेमिमा रौड्रिग्स यह भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि मैने उनका बयान देखा नहीं है लेकिन मुझे लगता है कि छठे गेंदबाज की जरूरत नहीं होगी। जेमिमा जैसे खिलाड़ी अतिरिक्त ओवर फेंक सकते हैं। मेरा मानना है कि टी20 विश्व कप में स्पिन को बखूबी खेलने वाले बल्लेबाजों का दबदबा होगा क्योंकि सभी टीमों के पास अच्छे स्पिनर हैं।

पहली बार आस्ट्रेलियाई टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने से चूकी जोनासेन ने कहा कि चयन उनके नियंत्रण में नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं भी इंसान हूं और दुख तो होता है लेकिन मुझे अपने प्रदर्शन पर गर्व है। मैने अपनी ओर से पूरी कोशिश की। मैने डब्ल्यूपीएल, हंड्रेड हर स्पर्धा में अच्छा खेला। अब मैं अपनी प्रदेश की टीम क्वींसलैंड के लिये खेलूंगी।

# बांग्लादेश का प्रशंसक बीमार पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती

कानपुर। भारत और बांग्लादेश के बीच यहां खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को यहां के ग्रीन पार्क स्टेडियम में बांग्लादेश के एक प्रशंसक को बीमार पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना को पहले हाथापाई का मामला माना गया था क्योंकि इस प्रशंसक ने खुद के साथ धक्का-मुक्की होने का संकेत दिया था।

यह प्रशंसक खुद को सुपर फैन रॉबी बता रहा था। वह बांग्लादेश के ज्यादातर मैचों में स्टेडियम में मौजूद रहता है और उसे कैमरे पर अक्सर बांग्लादेश का झंडा लहराते हुए देखे जाता है। वह इस घटना के समय बाघ की पोशाक पहने हुए था और स्टैंड सी में बैठा था। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) हरीश चंदर ने पीटीआई-भाषा को बताया, जब वह एक कांस्टेबल से मिला तो उनकी सांसें फूल रही थीं। इससे पहले कि हम उनसे बात कर पाते, वह बेहोश हो गया लेकिन अब वह ठीक हैं। मीडिया से संक्षिप्त बातचीत के दौरान रॉबी ने इस तरह के संकेत दिये थे कि मैदान में विवाद के बार किसी ने उसके पेट पर मुक्का मार दिया था। उसने हालांकि बाद में अपने अस्पताल के बिस्तर से जारी एक बयान में कहा कि वह अस्वस्थ महसूस कर रहा था और स्थानीय पुलिस ने उन्हें अपेक्षित मदद मिली। उसने एक छोटी वीडियो क्लिप में कहा, मैं बीमार पड़ गया और पुलिस मुझे अस्पताल ले आई। अब मैं काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं। मेरा नाम रॉबी है और मैं बांग्लादेश से आया हूं। एसीपी (कल्याणपुर) अभिषेक पांडे ने कहा कि रॉबी को तत्काल चिकित्सा देखभाल मिली। उन्होंने जोर देकर कहा कि उस पर हमला नहीं किया गया था जैसा कि शुरुआती रिपोर्टों में आरोप लगाया गया था। भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच के दौरान दर्शकों में से एक अचानक बीमार पड़ गया।

# अल्काराज और मेदवेदेव जीत से अगले दौर में, ड्रेपर ने जापान में हुर्काज को हराया



बीजिंग। दुनिया के नंबर तीन खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को यहां चीन ओपन के पहले दौर में जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड के खिलाफ सीधे सेट में 6-4, 6-4 से एकतरफा जीत हासिल की।

दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने फ्रंस के एमपेट्शी पेरीकार्ड की गलतियों का फायदा उठाते हुए दोनों सेट में शानदार प्रदर्शन किया। इससे पहले डेनियल मेदवेदेव ने भी शुरुआती दौर में फ्रांस के अनुभवी गेल मोनफिल्स को 6-3, 6-4 से हराया था। लकी लूजर के तौर पर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले रोमन सफीउलिन ने तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्टेन वावरिंका को हराकर बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 6-3 6-4 से जीत दर्ज की और वह अगले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से भिड़ेंगे। छठी वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी और सातवीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव ने भी अगले दौर में प्रवेश किया। महिला वर्ग में, दूसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने फ्रांस की डायने पैरी को 6-I, 7-6 (4) से हराकर अपना खाता खोला। जेसिका का सामना अब 32वीं वरीयता प्राप्त वेरोनिका कुडरमेतोवा से होगा, जिन्होंने चीन की वांग जिन्यू को 3-6, 6-4, 7-5 से हराया। चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए यूलिया पुतिनत्सेवा को 3-6, 6-4, 6-2 से हरा दिया। ओसाका तीसरे दौर में अमेरिका की कैटी वोलिनेट्स से टक्कर लेंगी। इससे पहले छठी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को चीनी वाइल्ड कार्ड झांग शुआई ने 6-4, 6-2 से हराया जबकि 12वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता सोफिया केनिन को 6-2, 6-3 से मात दी।

# मकाऊ ओपन में त्रिसा-गायत्री की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची



मकाऊ। भारत के किदाम्बी श्रीकांत शुक्रवार यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गये लेकिन त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची। मई में लगी चोट से वापसी कर रहे छठे वरीय श्रीकांत पुरुष एकल मुकाबले में हांगकांग के निग का लोंग एंगस के खिलाफ लय हासिल करने में संघर्ष करते दिखे और महज 31 मिनट में 16-21 12-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये। त्रिसा और गायत्री की तीसरी वरीय जोड़ी ने महिला युगल क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे की छठी वरीय सुयिन हुई और लोन जिह युन की जोड़ी को 21-12 21-17 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट में भारतीयों में अब बस त्रिसा और गायत्री की जोड़ी की ही चुनौती बची है।

सेमीफाइनल में उनका सामना सिएह पेई शान और हुंग एन जु की चीनी ताइपे की जोड़ी से होगा। यह जोड़ी मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 में भी अंतिम चार में पहुंची थी।

# ब्रावो ने लिया खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास




नयी दिल्ली। वेस्टइंडीज के दिग्गज हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से मेंटोर (मार्गदर्शक) के तौर पर जुड़ेंगे।

विश्व कप विजेता 40 साल के ब्रावो केकेआर में गौतम गंभीर की जगह लेंगे, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में भारत के मुख्य कोच का पद संभालने के लिए यह भूमिका छोड़ दी थी। ब्रावो को चोट के कारण कैरेबियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र से बीच में ही हटना पड़ा था। उन्होंने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर लिखा, आज वह दिन है जब मैं उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जिसने मुझे सब कुछ दिया है। उन्होंने लिखा, एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में इक्कीस साल, यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। यह कई उतार-चढ़ाव से भरी हुई है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि मैं अपना सपना इसलिए जी सका क्योंकि मैंने इस खेल को हर कदम पर शत प्रतिशत दिया। उन्होंने कहा कि मैं इस रिश्ते को जारी रखना चाहूंगा, लेकिन अब वास्तविकता का सामना करने का समय आ गया है। ब्रावो ने 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था जबकि आईपीएल में उन्होंने अपना आखिरी मैच 2022 में खेला था। वह इसके बाद चेन्नई सुपरकिंग्स और अफगानिस्तान की टीम के साथ कोच के तौर पर जुड़े थे। नाइट राइडर्स समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर ने शुक्रवार को एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, डीजे ब्रावो का हमारे साथ जुड़ना एक रोमांचक विकास है। उनके व्यापक अनुभव और गहन ज्ञान के साथ-साथ जीतने की उनकी ललक से हमारी फ्रेंचाइजी और खिलाड़ियों को बहुत फायदा होगा। केकेआर के अलावा वह टी20 लीग में नाइट राइडर्स की फ्रेंचाइजी टीमों के भी प्रभारी होंगे। इस भूमिका में आने के बाद उनका चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ लंबे समय तक रहा जुड़ाव खत्म हो जायेगा।

# चोट अब ठीक है, लक्ष्य 2025 विश्व चैंपियनशिप




सोनीपत। भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने आगामी सत्र के लिए शत प्रतिशत फिट होने का वादा करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनका अगला लक्ष्य 2025 तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप में पोडियम पर जगह हासिल करना है।

ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता नीरज ब्रुसेल्स में डायमंड लीग के फाइनल में दूसरे स्थान रहे थे। वह अपने मौजूदा सत्र को समाप्त कर स्वदेश वापस आ गये हैं। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक अपने नाम किया। वह लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट हैं। इस 26 साल के खिलाड़ी ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय की मिशन ओलंपिक 2036 पर आयोजित एक सम्मेलन के मौके पर पीटीआई-वीडियो से कहा, मेरा सत्र अब खत्म हो गया है। अगले साल का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है और हम इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर देंगे। ओलंपिक हमेशा हमारे दिमाग में रहता है, लेकिन उसके लिए हमारे पास चार साल हैं। विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाली है। चोपड़ा पूरे साल मांसपेशियों की चोट से जूझते रहे और इससे ओलंपिक और डायमंड फाइनल दोनों में उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ। डायमंड लीग फाइनल में उन्होंने टूटे हुए बाएं हाथ के साथ भी प्रतिस्पर्धा की थी। उन्होंने सत्र के अंत में डॉक्टरों से सलाह लेने की बात कही थी ताकि यह तय किया जा सके कि चोट से उबरने के लिए सर्जरी की जरूरत होगी या नहीं। चोपड़ा ने फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर चोट की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए कहा कि अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह साल चोटों से भरा रहा है लेकिन अब चोट अब ठीक है। मैं नये सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाउंगा। उन्होंने कहा, तकनीकी मुद्दे भी हैं लेकिन हम उन पर काम करेंगे। मैं अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दूंगा। मैं भारत में भी अभ्यास करना पसंद करता हूं लेकिन जब प्रतियोगिताएं शुरू होती हैं तब मेरे लिए विदेश में अभ्यास करना सही रहता है। भारतीय खिलाड़ियों के ओलंपिक में छह पदक जीते लेकिन इसमें कोई स्वर्ण पदक नहीं था। इसके बारे में पूछे जाने पर चोपड़ा ने कहा, हमारे कई खिलाड़ी चौथे स्थान पर थे। (लेकिन) इस बार, हमने पैरालंपिक में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और कई पदक जीते। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हमें ओलंपिक और पैरालंपिक दोनों में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है।

# कश्मीर के युवाओं ने छोड़ा हिंसा का रास्ता

## जम्मू कश्मीर के लोगों ने गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना : जेपी नड्डा



जम्मू। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू कश्मीर में बिना किसी हिंसा के शांतिपूर्ण चुनाव हो रहे हैं क्योंकि लोगों ने शांति एवं विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना है।

नड्डा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कश्मीर के युवा राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल हो गये हैं और उन्होंने आतंकवाद एवं हिंसा को खारिज कर दिया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर है जब जम्मू कश्मीर के लोगों ने गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना है।

उन्होंने गोलियों को करारा जवाब दिया है। वर्तमान चुनाव में अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के वास्ते प्रचार करने जम्मू पहुंचे नड्डा ने कहा कि (पिछले दो चरणों में) मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। पिछले चुनावों के विपरीत इस बार कोई हिंसा, गोलीबारी या आतंकवादी हमला नहीं हुआ। उन्होंने चुनाव को जम्मू कश्मीर में शांति एवं विकास की जीत बताया। उन्होंने कहा कि पिछले दो चरणों में मतदान ने दिखा दिया है कि जम्मू कश्मीर के लोग शांति, स्थायित्व और विकास चाहते हैं। हम इस चुनाव को इसी तरह देख रहे हैं। राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल होने की इच्छा को लेकर इस केंद्रशासित प्रदेश के युवाओं की तारीफ करते हुए नड्डा ने कहा, उन्होंने हथियार त्यागकर शांति का मार्ग चुना है। लोगों ने विकास के पक्ष में वोट डाला है। उन्होंने कहा कि कश्मीर के युवाओं ने आतंकवाद को खारिज कर दिया है। भाजपा नेता ने कहा कि वे राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। अनुच्छेद 370 के निरसन से पहले, हर साल 300-400 से अधिक युवा आतंकवादी संगठनों में शामिल होते थे और आतंकवादी घोषित किए जाते थे। आज केवल चार हैं। इसलिए, आंकड़ों के आधार पर, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि उन्होंने आतंकवाद और हिंसा को खारिज कर दिया है। जम्मू-कश्मीर में हिंसा और रक्तपात के युग को फिर लाने की कोशिश करने वाली नेशनल कांफ्रेंस (नेकां), पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने इन पार्टियों पर भारत विरोधी तत्वों का समर्थन करना का आरोप लगाया। नड्डा ने कहा कि वे उनका समर्थन कर रहे हैं जो देश के खिलाफ काम कर रहे हैं। नेकां के घोषणापत्र में कहा गया है कि वह आतंकवादियों को (जेलों से) रिहा करेगी, सीमा पार व्यापार और पाकिस्तान के साथ बातचीत फिर शुरू करेगी। इस तरह से नेकां भारत विरोधी ताकतों का समर्थन कर रही है और कांग्रेस इसके साथ है।

विधानसभा चुनावों की निगरानी के लिए विभिन्न देशों के दूतावास प्रमुखों के दौरे का उल्लेख करते हुए नड्डा ने कहा, चुनावों का निरीक्षण करने के लिए 16 देशों के दूतावास प्रमुखों ने कश्मीर का दौरा किया। उन्होंने कानून और व्यवस्था पर नियंत्रण देखा और देखा कि कैसे लोगों ने चुनावों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

# बहुपक्षीय संवाद अब वैकल्पिक नहीं बल्कि आवश्यकः धनखड़



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि बहुपक्षीय संवाद अब वैकल्पिक नहीं है, बल्कि साइबर अपराधों और आतंकवाद से लेकर वर्तमान समय के खतरों तक से निपटने के लिए आवश्यक है।

उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शांति के लिए अपनी स्थिति मजबूत करना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक शांति, सतत विकास की गारंटी है और यही अस्तित्व को बनाये रखने का एकमात्र तरीका है। लेकिन भू-राजनीतिक विन्यास और संघर्षों ने सुरक्षा परिदृश्य में व्यापक परिवर्तन किया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय, विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास इंटरनेशनल स्ट्रेटेजिक इंगेजमेंट प्रोग्राम (इन-स्टेप) के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने वैश्विक शांति और सतत विकास के बीच मूलभूत संबंध पर जोर दिया। वैश्विक सुरक्षा दृष्टिकोण में परिवर्तन लाने वाले भू-राजनीतिक बदलावों को रेखांकित करते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा कि बहुपक्षीय संवाद अब वैकल्पिक नहीं हैं, बल्कि साइबर अपराधों और आतंकवाद से लेकर जलवायु परिवर्तन और विघटनकारी प्रौद्योगिकियों तक मौजूदा समय के खतरों से निपटने के लिए आवश्यक हैं। धनखड़ ने उभरते वैश्विक खतरों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जिनमें से कई कुछ साल पहले अकल्पनीय थे। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसी दुनिया में हैं जो जलवायु परिवर्तन, महामारी, साइबर खतरों और वैश्विक व्यवस्था में व्यवधान जैसी अप्रत्याशित चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि ये चुनौतियां आकस्मिक नहीं हैं, बल्कि शक्ति महत्वाकांक्षाओं और सतत विकास की उपेक्षा से प्रेरित नीतियों और कार्यों से उत्पन्न हुई हैं। तकनीकी प्रगति के महत्व का उल्लेख करते हुए, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मशीन लर्निंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियां वैश्विक विमर्श को आकार देने और गलत सूचना को कम करने में भूमिका निभा सकती हैं।

संक्षेप

## 27 तीर्थयात्रियों को सुरक्षित निकाला गया

भावनगर (गुजरात)। गुजरात के भावनगर जिले में बाढ़ के कारण मार्ग पर फंसी एक बस से तमिलनाडु और पुडुचेरी के 27 तीर्थयात्रियों सहित 29 लोगों को रात भर चले अभियान के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जिलाधिकारी आर. के. मेहता ने बताया कि कोलियाक गांव के पास एक छोटी नदी को पार करने के लिए बने पुल पर बस बृहस्पतिवार शाम को फंस गई थी, हालांकि आठ घंटे तक चले अभियान के बाद सभी तीर्थयात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मेहता ने कहा, कोलियाक गांव के पास निष्कलंक महादेव मंदिर में दर्शन करने के सभी तीर्थयात्री भावनगर की ओर जा रहे थे। क्षेत्र में भारी बारिश के कारण नदी पर बना पुल डूब गया था। इसके बावजूद बस चालक ने नदी को पार करने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि बचावकर्मी घटनास्थल पर एक मिनी ट्रक लेकर पहुंचे और बस की पिछली खिड़की के जरिए सभी 27 तीर्थयात्रियों, चालक और सफाईकर्मी को वाहन से सुरक्षित बाहर निकाला, लेकिन आगे और भी चुनौतियां थीं। मेहता ने बताया कि बस से सभी को निकालने के बाद मिनी ट्रक भी मार्ग पर फंस गया। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रियों में अधिकतर वरिष्ठ नागरिक थे।

## राजनीति का मतलब अब सिर्फ सत्ता की राजनीति रह गया है : गडकरी

छत्रपति संभाजीनगर। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि राजनीति वास्तव में समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और विकास का पर्याय है, लेकिन वर्तमान समय में इसका मतलब केवल सत्ता की राजनीति है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता गडकरी यहां राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊबागड़े के अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजनीति में विचारों में मतभेद की समस्या नहीं, बल्कि विचारों की कमी की समस्या है। राजनीति का अर्थ है समाजकरण (समाज सेवा), राष्ट्रकरण (राष्ट्र निर्माण) और विकासकरण (विकास)। लेकिन अब राजनीति की परिभाषा बदलकर सत्ताकरण (सत्ता की राजनीति) ही रह गई है। गडकरी ने कहा कि पहले, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कार्यकर्ता के रूप में काम करते समय, हमें कई बाधाओं का सामना करना पड़ा। कोई पहचान और सम्मान नहीं था। हरिभाऊबागड़े ने लोगों के कल्याण के लिए समर्पण के साथ काम किया...मैंने पार्टी कार्यकर्ता के रूप में 20 वर्ष तक विदर्भ की यात्रा की और काम किया। लोग हमारी रैलियों पर पत्थर फेंकते थे। आपातकाल के बाद जिस ऑटोरिक्शा का इस्तेमाल मैं घोषणाएं करने के लिए करता था।

## पीएम के एकाधिकार मॉडल ने नौकरियां छीनीं



नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एकाधिकार मॉडल ने नौकरियां छीन लीं तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) को तबाह कर दिया है।

राहुल ने पिछले दिनों जम्मू - कश्मीर में स्टार्टअप उद्यमियों से मुलाकात की थी और आज इसका वीडियो एक्स पर साझा किया। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, जम्मू - कश्मीर के एक युवा स्टार्टअप मालिक की आंखों में निराशा भारत के अधिकांश उद्यमियों और छोटे - व्यवसाय मालिकों के संघर्ष को दर्शाती है। मोदी जी के एकाधिकार मॉडल ने नौकरियां छीन ली हैं, एमएसएमई को तबाह कर दिया है और लोगों को अवसरों से वंचित कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि खराब जीएसटी और नोटबंदी जैसी अक्षम नीतियों के माध्यम से छोटे और मध्यम उद्योगों पर व्यवस्थित हमले ने भारत को उत्पादक अर्थव्यवस्था से उपभोक्ता अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। उनका कहना था, इस दर पर हम न तो चीन से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और न ही सभी भारतीयों के लिए समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं। भारत बेहतर का हकदार है। हमें व्यापक अवसर और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी को सरल बनाना चाहिए और छोटे व्यवसायों के लिए बैंकिंग प्रणाली को खोलना चाहिए।

## पुणे मेट्रो का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी : मोहोल

पुणे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को पुणे में शिवाजीनगर जिला न्यायालय और स्वरगेट के बीच मेट्रो लाइन का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। पुणे के सांसद और केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल ने यह जानकारी दी।

नागरिक उड्डयन एवं सहकारिता राज्य मंत्री ने कहा कि कॉरिडोर का उद्घाटन करने के अलावा प्रधानमंत्री मोदी रविवार को स्वर्गेट-काटराज मेट्रो खंड की आधारशिला भी रखेंगे। मोहोल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 29 सितंबर को पुणे मेट्रो के शिवाजीनगर जिला न्यायालय-स्वरगेट खंड का उद्घाटन और स्वर्गेट-काटराज खंड की आधारशिला रखेंगे। पुणे में भारी बारिश की वजह से कल बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का महाराष्ट्र दौरा रद्द कर दिया गया था। प्रधानमंत्री कल 26 सितंबर को पुणे का दौरा करने वाले थे, जहां उन्हें 20,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और कुछ का लोकार्पण करना था।

प्रधानमंत्री के दौरे के लिए पुणे के एसपी कॉलेज मैदान में तैयारियां की गई थीं, लेकिन भारी बारिश के कारण इसमें खलल पड़ गया।

## विभिन्न राज्यों के सर्वेक्षणों में हैरिस ट्रंप से आगे



वाशिंगटन। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस एरिजोना, मिशिगन और पेंसिल्वेनिया जैसे कई राज्यों में अपने प्रतिद्वंद्वी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से आगे हैं। विभिन्न सर्वेक्षणों में यह जानकारी दी गई।

यूमास लोवेल की सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन और यूगोव द्वारा जारी किए गए नये सर्वेक्षण के अनुसार, अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैरिस मिशिगन में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से मामूली बढ़त बनाए हुए हैं। यूमास लोवेल पॉलिटिकल साइंस के असिस्टेंट प्रोफेसर और सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन के एसोसिएट डायरेक्टर रोड्रिगो केस्ट्रो कॉर्नेजो ने कहा कि इस राज्य के सर्वेक्षण में उपराष्ट्रपति का बढ़त बनाना उनके लिए अच्छी खबर है। कॉर्नेजो ने कहा कि अगर ट्रंप इस अंतर को कम करना चाहते हैं तो उन्हें ग्रेट लेक्स स्टेट में मजबूती से लड़ना होगा। अमेरिका में एरिजोना, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, इलिनोइस, इंडियाना, मिनिसोटा, न्यूयॉर्क, ओहायो और विस्कॉन्सिन को ग्रेट लेक्स स्टेट कहते हैं। यूमास लोवेल सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन के सर्वेक्षण के अनुसार, पेंसिल्वेनिया में हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों का जबकि ट्रंप को 46 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है।

## जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस से की मुलाकात

**एजेंसी**



न्यूयॉर्क। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस और संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से अलग-अलग मुलाकात की तथा विविधता में एकता, शांति एवं मानव कल्याण के यांग के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए पश्चिम एशिया और यूक्रेन में संघर्ष जैसे वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका में हैं और उन्होंने बृहस्पतिवार को महासभा के सत्र से इतर गुतारेस और यांग से मुलाकात की। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के साथ बात करना हमेशा खुशी की बात होती है। विश्व के नेताओं ने रविवार को सर्वसम्मति से भविष्य का समझौता को अंगीकार किया, जिसमें 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार करने का वादा किया गया तथा इसे और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक एवं जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया है। वे सुरक्षा परिषद को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाने के लिए इसे विस्तारित करने पर भी सहमत हुए। जयशंकर ने एक अलग पोस्ट में कहा, आज न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से मिलकर खुशी हुई। विविधता में एकता, शांति, मानव कल्याण और हर जगह सभी के लिए गरिमा के उनके दृष्टिकोण को भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। यांग ने भी जयशंकर से मुलाकात के बाद एक्स पर ग्लोबल साउथ के हितों को बढ़ावा देने में भारत की भूमिका की सराहना की।

इंटरटेनमेंट...

## परेशान करने वाला था आदिपुरुष से जुड़ा विवाद



मुंबई। अभिनेता सैफ अली खान ने कहा है कि 2023 में उनकी फिल्म आदिपुरुष और ओटीटी सीरीज तांडव को लेकर उपजे विवादों के बाद वह अपने काम के चुनाव को लेकर ज्यादा सावधान हो गए हैं और विवाद से दूर रहना चाहते हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को एक कॉन्क्लेव में कहा कि आदिपुरुष से जुड़ा विवाद थोड़ा परेशान करने वाला था। खान (54) ने कहा, यह थोड़ा परेशान करने वाला था। अदालत ने कुछ कहा था कि एक अभिनेता स्क्रीन पर जो कुछ भी कहता है उसके लिए वह खुद जिम्मेदार है। इसलिए तकनीकी रूप से, यदि आप कुछ कहते हैं, तो आपके खिलाफ मामला दर्ज किया जा सकता है। कहा जा सकता है कि आपको ऐसा नहीं कहना चाहिए था। यह बहुत दबावपूर्ण होता है। निर्माता ओम राउत की फिल्म आदिपुरुष को लेकर पिछले साल विवाद खड़ा हो गया था। खराब वीएफएक्स व संवादों को लेकर सोशल मीडिया पर इसकी आलोचना की गई थी, जिसकी वजह से निर्माताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए थे और पुलिस को शिकायतें दी गई थीं। फिल्म में सैफ अली खान ने लंकेश (रावण), प्रभास ने राघव (राम) और कृति सैनन ने जानकी (सीता) की भूमिका निभाई थी, जो कई लोगों को पसंद नहीं आई थी। खान ने कहा, हम सभी को खुद पर थोड़ा नियंत्रण रखना होगा और थोड़ा सावधान रहना होगा, वरना परेशानी हो सकती है। आप यह भी जानते हैं कि कुछ चीजें हैं, उदाहरण के लिए, धर्म। आप बस उससे दूर रहें। और ऐसी कई कहानियां हैं, जिनपर हम कुछ बना सकते हैं। हम परेशानी नहीं खड़ी करना चाहते। आदिपुरुष से पहले 2021 में आई खान की ओटीटी सीरीज तांडव पर हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप लगे थे, जिसके बाद बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित इस सीरीज को एक विवादास्पद दृश्य के लिए विशेष रूप से आलोचना का सामना करना पड़ा, जिसके कारण कई प्राथमिकियां दर्ज हुईं।

## करियर का टर्निंग प्वांइट साबित होगी 'रात जवान है'



मुंबई। अभिनेता बरुण सोबती का कहना है कि वह रात जवान है, जैसी हल्की-फुल्की सीरीज पर काम करने के लिए उत्सुक थे। यह हास्य व्यंग नाटक तीन दोस्तों, अविनाश (सोबती), राधिका (अंजलि आनंद) और सुमन (प्रिया बापट) पर आधारित है, जो अपने व्यक्तित्व और रिश्तों के बीच संतुलन बनाते हुए बच्चों के पालन-पोषण की अस्त-व्यस्त और हास्यास्पद दुनिया में आगे बढ़ते हैं। अपराध थ्रिलर शो असुर और कोहरा में अपने अभिनय का लोहा मनवाने वाले अभिनेता ने कहा कि वह नए माता-पिता के बारे में बताने वाली कहानी की ओर तुरंत आकर्षित हुए और उन्हें लगा कि यह बहुत गहराई से लिखी गई है।

## 10वें अजंता एलोरा फिल्म महोत्सव के मानद अध्यक्ष होंगे आशुतोष गोवारीकर



छत्रपति शिवाजीनगर। फिल्मकार आशुतोष गोवारिकर अजंता एलोरा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 10वें संस्करण के लिए मानद अध्यक्ष होंगे। आयोजकों ने यह घोषणा की। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गोवारिकर के अलावा, प्रमुख मराठी फिल्म निर्माता सुनील सुकथंकर एआईएफएफ के नए संस्करण के लिए महोत्सव निदेशक होंगे। महोत्सव 15 से 19 जनवरी, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। ऑस्कर पुरस्कारों तक पहुंची फिल्म लगान के साथ-साथ 'स्वदेस' और 'जोधा अकबर' के निर्देशन के लिए प्रसिद्ध गोवारिकर ने कहा कि एआईएफएफ के 10वें संस्करण के लिए मानद अध्यक्ष बनना सौभाग्य की बात है। गोवारिकर ने कहा, इस महोत्सव को लेकर जिस बात ने मुझे सबसे अधिक उत्साहित किया है, वह है शानदार निर्देशकों चंद्रकांत कुलकर्णी, जयप्रद देसाई, ज्ञानेश जोंटिंग और इस बार महोत्सव के निदेशक सुनील सुकथंकर का भाग लेना, जिनकी मौजूदगी से यह महोत्सव फिल्म निर्माण कला के बारे में जानने का एक बेहतरीन अवसर होगा।

## सुप्रीम कोर्ट में दिखायी गयी 12वीं फेल




नयी दिल्ली। फिल्म निर्माता विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल उच्चतम न्यायालय में दिखाई गई। इस दौरान भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और अन्य न्यायाधीश मौजूद थे। बुधवार को फिल्म की स्क्रीनिंग हुई जिसमें प्रधान न्यायाधीश, न्यायाधीश और उच्चतम न्यायालय के 600 से अधिक अधिकारी और उनके परिवार के सदस्य शामिल हुए।

इसके बाद न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ और विधु विनोद चोपड़ा के साथ-साथ फिल्म के मुख्य कलाकार विक्रांत मैसी और मेधा शंकर के बीच बातचीत हुई। फिल्म की टीम के अलावा, आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा और उनकी पत्नी, भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) की अधिकारी श्रद्धा जोशी भी इस बातचीत का हिस्सा थीं। यह फिल्म मनोज कुमार शर्मा के जीवन पर आधारित है) चंद्रचूड़ ने कहा मुझे विश्वास है कि हमारे सहयोगियों के परिवार का हर सदस्य अपने बेटों, बेटियों, दोस्तों और मार्गदर्शकों को प्रोत्साहित करने के लिए वास्तव में प्रेरित होगा ताकि वे देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं। ऐसी फिल्में हमें अपने आस-पास के लोगों के लिए हर दिन कुछ बेहतर करने को प्रेरित करती हैं। यह फिल्म (12वीं फेल) अक्टूबर 2023 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इसकी कहानी के साथ-साथ अभिनेताओं के अभिनय की भी प्रशंसा की गई। प्रधान न्यायाधीश ने वास्तविक जीवन की कहानी को पर्दे पर उतारने के, विधु विनोद चोपड़ा के तरीके की प्रशंसा की। चंद्रचूड़ ने कहा विक्रांत और मेधा दोनों ने शानदार काम किया है। उन्होंने अपने किरदारों के जीवन और परिवेश को पूरी तरह से आत्मसात किया है और फिल्म करते समय इसे अपने अस्तित्व




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com